kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-90 | गुरुवार, 01 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दलित वोट बैक की खातिर अपनी तस्वीर को बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर के साथ जोड़ कर बाबा साहब का अपमान किया है। भाजपा उनके इस कुकृत्य की कड़ी निंदा करती है। **अर्जुन राम मेघवाल**

सेनाओं की मदद के लिए रेलवे ने भी कसी कमर 11

सिंहाचलम मंदिर में दीवार गिरने से सात लोगों की मौत, कई घायल 11

संक्षेप

नगर निगम ने गृहकर में 10 प्रतिशत की छूट मई तक बढ़ाई

लखनऊ। नगर निगम ने गृहकर में 10 प्रतिशत की छूट मई 2025 तक बढ़ा दी है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने जनहित में यह निर्णय लिया है। ऑनलाइन भुगतान पर 10 प्रतिशत और ऑफलाइन भुगतान पर आठ प्रतिशत की छूट 31 मई तक मिलेगी। पहले यह छूट 30 अप्रैल 2025 तक प्रभावी थी। इस अवधि के दौरान करदाताओं ने बढ़-चढ़कर टैक्स जमा किया। अप्रैल 2025 में प्राप्त गृहकर पूर्व वित्तीय वर्ष की अपेक्षा तीन गुना अधिक रहा है। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह के अनुसार, डिजिटल माध्यम से भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऑनलाइन भुगतान करने वालों को अधिक छूट दी गई थी। इस पहल को करदाताओं ने सराहा और इसका भरपूर लाभ उठाया। इससे न केवल राजस्व में वृद्धि हुई, बल्कि लोगों की सहभागिता भी बढ़ी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रूस की 'विक्टरी डे' परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नौ मई को रूस की 'विक्टरी डे' परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी पर सोवियत विजय की 80वीं वर्षगांठ पर यह परेड आयोजित की जाएगी। रूस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मॉस्को में आयोजित होने वाली परेड के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन भारत ने रूस को बताया कि सिंह इसमें शामिल होंगे। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, ''प्रधानमंत्री को मॉस्को में इस परेड में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था। रूसी पक्ष को पहले ही बताया गया था कि भारत का प्रतिनिधित्व रक्षा मंत्री सिंह करेंगे। रूस ने इस वर्ष परेड में शामिल होने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रित किया है। मोदी पिछले साल राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्षिक शिखर सम्मेलन और कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए दो बार रूस गए थे। इस वर्ष रूसी राष्ट्रपति के वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने की उम्मीद है।

पहलगाम हमले पर घिनौनी राजनीति न करे विपक्ष, देशहित में ठीक नहीं: मायावती

लखनऊ। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का सरकार से मुहंतोड़ जवाब देने के लिए जगह-जगह मांग हो रही है। इस बीच राजनीतिक दलों में भी हलचल तेज हो गई है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सभी दलों से अपील की है कि इस वक्त सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना जरूरी है। इस पर कोई भी घिनौनी राजनीति नहीं होनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक्स पर लिखा, ''पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सभी पार्टियों को एकजुट होकर सरकार का साथ देना चाहिए। ना कि इसकी आड़ में पोस्टरबाजी व बयानबाजी आदि के जरिए घिनौनी राजनीति की जानी चाहिए।

आजादी के बाद देश में पहली बार जाति जनगणना होगी

मोदी कैबिनेट ने किया ऐतिहासिक फैसला

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनावों के पहले सरकार ने राजनीतिक महत्व का एक बड़ा कदम उठाते हुए देश में आम जनगणना में जातियों की गणना कराने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, ल्लराजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए।

श्री वैष्णव ने कहा, ल्लकांग्रेस की सरकारों ने आज तक जाति जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद की सभी जनगणनाओं में जातियों की गणना नहीं की गयी। वर्ष 2010 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर केबिनेट में विचार किया जाएगा। तत्पश्चात एक मंत्रिमण्डल समूह का भी गठन किया गया था जिसमें अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति आधारित जनगणना की संस्तुति की थी। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना के बजाए, एक सर्वे कराना ही उचित समझा जिसे एसईसीसी के नाम से जाना जाता है। इस सब के बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने जाति जनगणना के विषय को केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग किया। सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है और यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है। जहां कुछ राज्यो में यह कार्य सूचारू रूप से संपन्न हुआ है वहीं कुछ अन्य राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से और गैरपारदर्शी ढंग से सर्वे किया है। इस प्रकार के सर्वे से समाज में भ्रांति फैली है। इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा सामाजिक ताना बाना राजनीति के दबाव मे न आये, जातियों की गणना एक सर्वे के स्थान पर मूल जनगणना में ही सम्मिलित होनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश की भी प्रगति निर्बाध होती रहेगी। श्री वैष्णव ने कहा, आज दिनांक 30 अप्रैल 2025 के दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने यह निर्णय लिया है कि जातियों की गणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित किया जाए। यह इस बात को दर्शाता है कि वर्तमान सरकार देश और समाज के सर्वांगीण हितों और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके पहले भी जब समाज के गरीब वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था तो समाज के किसी घटक में कोई तनाव उत्पन्न नहीं ● शेष पेज 11 पर

गन्ना का एमएसपी 355 रुपए प्रति क्विंटल घोषित

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ना का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 355 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सरकार के इस निर्णय से पांच करोड़ गन्ना किसानों को लाभ होगा। इसके अलावा गन्ना खेती के आश्रितों के साथ-साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत पांच लाख श्रमिकों को लाभ मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि इसके लिए प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की वृद्धि के लिए 3.46 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम किसानों को प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा सरकार ने गन्ना किसानों के हितों की रक्षा के लिए यह भी निर्णय लिया है कि जिन चीनी मिलों की रिकवरी 9.5 प्रतिशत से कम है, उनके मामले में कोई कटौती नहीं की जाएगी। चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने की उत्पादन लागत 173 रुपये प्रति क्विंटल है। चीनी सीजन 2025-26 एक अक्टूबर, 2025 से आरंभ होगा और मूल्य किसानों से गन्ना खरीदने के लिए लागू होंगे।

नरेंद्र मोदी ने बुलाईं ताबड़तोड़ चार बैठकें

पीएम ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की मीटिंग की अध्यक्षता की। इसके अलावा उन्होंने आज ही कैबिनेट की बैठक की और राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमिटी की भी मीटिंग की। यही नहीं आर्थिक मामलों की समिति की मीटिंग भी नरेंद्र मोदी ने बुलाई। इस तरह पाकिस्तान से पहलगाम हमले को लेकर तनाव के बीच पीएम मोदी ने एक ही दिन में ताबड़तोड़ 4 बैठकें कीं।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन

आलोक जोशी को प्रमुख बनाया गया

एजेंसी

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सरकार ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन कर रिसर्च एंड एनालाइसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को इसका नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।

पुनर्गठित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सात सदस्यों में कई शीर्ष स्तर के सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारियों के अलावा भारतीय पुलिस सेवा के शीर्ष अधिकारियों को शामिल किया गया है। बोर्ड के नए सदस्यों में एयर मार्शल पीएम सिन्हा, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, रियर एडमिरल मोंटी खन्ना और भारतीय पुलिस सेवा दो पूर्व अधिकारी - राजीव रंजन वर्मा तथा मनमोहन सिंह शामिल हैं। इसके अलावा, भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बी वेंकटेश वर्मा को भी सात सदस्यीय बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढते तनाव और देश में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई एक उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बोर्ड का पुनर्गठन सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए किया गया है क्योंकि यह बोर्ड राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेशी मामलों पर सरकार को दीर्घकालिक रणनीतिक विश्लेषण और नीतियों के बारे में सिफारिश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है

पाकिस्तान समर्थित सोशल मीडिया खातों का ले. जनरल सुचिन्द्र के बारे में दावा गलत: सरकार

नयी दिल्ली। सरकार ने पाकिस्तान के समर्थन वाले कुछ सोशल मीडिया खातों के इस दावे को गलत बताया है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सेना की उत्तरी कमान के कमांडर ले जनरल सुचिन्द्र कुमार को हटा दिया गया है। सूचना प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान के समर्थन वाले सोशल मीडिया खातों से झूठा और भ्रामक दुष्प्रचार किया जा रहा है। पीआईबी ने कहा है कि ले जनरल सुचिन्द्र कुमार को हटाया नहीं गया है और वह आज यानी 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो रहे हैं तथा उनकी जगह ले जनरल प्रतीक शर्मा को उत्तरी कमान का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। पीआईबी ने मंगलवार को भी पोस्ट कर कहा था कि पाकिस्तान के समर्थन वाले सोशल मीडिया खाते पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद से जानबूझकर गलत तथा भ्रामक दुष्प्रचार कर रहे हैं।

कोलकाता में ऋतुराज होटल में आग लगने से 14 लोगों की मौत

एजेंसी

कोलकाता। मध्य कोलकाता के बड़ाबाजार में फलपट्टी मछुआ के पास ऋतुराज होटल में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गयी।

पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ल्लमंगलवार रात ऋतुराज होटल में आग लग गई। अब तक 14 शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं कई लोगों को आपातकालीन टीमों ने बचा लिया है।ङ्क मौके पर पहुंचे कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने कहा, ल्लपरिसर में घना धुआं भर गया और अधिकांश पीड़ितों की मौत दम घुटने से हुई। छत से कूदकर भागने की कोशिश करते समय एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। श्री वर्मा ने कहा, अगर कोई लापरवाही या गड़बड़ी सामने आती है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटनास्थल पर दस दमकल गाड़ियां भेजी गईं। करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद भी दमकल ने आग पर काबू पा लिया। बचाव कार्य अभी भी जारी है। गौरतलब है कि यह होटल सेंट्रल एवेन्यू और बिधान सरानी को जोड़ने वाली सड़क पर स्थित है और यह काफी भीड़भाड़ वाला मार्ग है। महापौर फिरहाद हकीम ने मंगलवार रात को ही घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ल्लआग दूसरी मंजिल पर लगी और तेज़ी से इमारत की दूसरी मंजिलों तक फैल गई। दमकलकर्मी फिलहाल प्रभावित इलाकों को ठंडा करने में लगे हैं, ताकि बचाव अभियान सुरक्षित तरीके से जारी रखा जा सके। एक फॉरेंसिक टीम के घटनास्थल पर आने की उम्मीद है, और उनकी जांच के बाद ही आग का सही कारण पता चल पाएगा।

52वें मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए न्यायमूर्ति बीआर गवई

नयी दिल्ली। न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को मंगलवार को भारत का अगला प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति गवई 14 मई को सीजेआई का पदभार संभालेंगे।

केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज ट्विट कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को 14 मई, 2025 से भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करते हैं। मौजूदा सीजेआई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का 13 मई को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। न्यायमूर्ति गवई उनकी जगह लेंगे। न्यायमूर्ति गवई देश के दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश हैं। कानून मंत्रालय ने न्यायमूर्ति गवई की भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका नाम 16 अप्रैल को सीजेआई खन्ना द्वारा केंद्र सरकार को सिफारिश ● शेष पेज 11 पर

हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन ने किये रामलला के दर्शन

एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या में हनुमानगढ़ी मंदिर के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज ने बुधवार को सरयू सलिला नदी में स्नान करने के बाद शोभा यात्रा के माध्यम से रामलला का दर्शन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

हनुमानगढ़ी मंदिर निकास द्वार से सुबह हनुमानजी के निशान और गाजे-बाजे, हाथी-घोड़े संग सरयू तट के लिये ऐतिहासिक शाही जुलूस निकला। शोभायात्रा में गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज रथ पर सवार रहे जिसमें सबसे आगे हनुमानजी का निशान रहा।

शाही जुलूस हरिद्वारी बाजार, श्रृंगारघाट, शास्त्रीनगर, तुलसी उद्यान, लता मंगेशकर चौक होते हुए सरयू तट के संत तुलसीदास कच्चा घाट पहुंचा। जहां सबसे पहले वैदिक आचार्य द्वारा वेद मंत्रों से सरयू मैया का अभिषेक, पूजन व भोग लगाकर आरती किया गया। उसके बाद हनुमानजी के निशान को स्नान कराया और पूजन-अर्चन किया। तदुपरान्त गद्दीनशीन महन्त प्रेमदास जी महाराज ने सरयू स्नान किया। फिर सरयू मैया और हनुमानजी के निशान का पूजन किया गया। उसके बाद वह रथ पर सवार होकर शाही जुलूस में शामिल हुए।

शाही जुलूस में सबसे आगे हनुमानजी का निशान था। उसके पीछे गाजे-बाजे, हाथी, घोड़ा, ऊंट चल रहे थे। बीच में खिलाड़ी थे जो अपना करतब दिखा रहे थे। रथ पर गद्दीनशीन महाराज विराजमान रहे। जिनके रथ के आगे और पीछे संत, महंत, हनुमानगढ़ी के नागातीत, अयोध्यावासी, व्यापारी, श्रद्धालु थे। रास्ते में सैकड़ों जगहों पर ऐतिहासिक शाही जुलूस पर पुष्प वर्षा की गयी। यह शोभायात्रा सरयू तट से नयाघाट, तुलसी उद्यान पहुंचा जहां अयोध्या नगर निगम के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने शाही जुलूस पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। फिर शोभायात्रा छोटी देवकाली मंदिर के सामने पहुंची, वहां पर पूर्व सांसद लल्लू ● शेष पेज 11 पर

❒ अयोध्या हनुमानगढ़ी में टूटी 121 साल पुरानी परंपरा

कोर्ट ने मुख्तार की मौत की जांच से जुड़ी एफआईआर व एसआईटी की मांग ठुकराई

एजेंसी/कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ मुख्तार अंसारी केस में सुप्रीम कोर्ट में योगी सरकार की बड़ी जीत

लखनऊ/दिल्ली। उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध के खिलाफ योगी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से मजबूती मिली है। कुख्यात माफिया और विधायक रह चुके मुख्तार अंसारी की जेल में हुई मौत की जांच के लिए एफआईआर दर्ज करने और एसआईटी गठित किए जाने की मांग को लेकर उनके बेटे उमर अंसारी द्वारा दाखिल की गई रिट याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि यह सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप का मामला नहीं है और इस आधार पर याचिका को खारिज कर दिया। यह फैसला न केवल प्रदेश सरकार की सशक्त और तथ्यों पर आधारित पैरवी की जीत है, बल्कि संगठित अपराधियों के विरुद्ध उठाए गए कठोर कदमों की भी पुष्टि करता है। यह फैसला इस बात का संकेत है कि उत्तर प्रदेश अब अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं, बल्कि कानून का सख्त पालन कराने वाला राज्य बन चुका है। मुख्तार अंसारी, जो कि गाजीपुर जनपद के कस्बा मोहम्मदाबाद का निवासी था, पर हत्या, अपहरण, वसूली, गैंगस्टर एक्ट, एनएसए समेत 65 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। वर्ष 1986 से अपराध जगत में सक्रिय मुख्तार ने साधु सिंह गैंग से मिलकर कई बड़े अपराध किए और राजनीति के माध्यम से भी अपनी आपराधिक गतिविधियों को संरक्षण देने की कोशिश की। उसके खिलाफ रूगटा हत्याकांड, जेलर हत्या मामला और कृष्णानंद राय की हत्या जैसे कई सनसनीखेज मामले दर्ज हैं। मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 को बांदा जेल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार की स्पष्ट नीति और अभियोजन विभाग की मजबूत पैरवी के चलते अंसारी को अब तक आठ मामलों में सजा दिलाई जा ● शेष पेज 11 पर

केवाईसी प्रक्रियाओं में बदलाव की आवश्यकता है, ताकि अक्षम व्यक्तियों को इन प्रक्रियाओं को पूरा करने में कोई परेशानी न हो

मौलिक अधिकार है डिजिटल एक्सेस : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए डिजिटल एक्सेस को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। इसी के साथ शीर्ष अदालत ने एसिड अटैक पीड़ितों तथा दृष्टिबाधित लोगों के लिए 'नो योर कस्टमर' (केवाईसी) प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की खंडपीठ ने इस विषय पर दाखिल दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह निर्णय सुनाया।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि डिजिटल प्रक्रियाएं, खासकर केवाईसी जैसी अनिवार्य प्रक्रियाएं, सभी के लिए सुलभ हों, फिर चाहे वह वह एसिड अटैक पीड़ित हों, या ऐसे लोग हों जिनका किसी अन्य वजह से चेहरा बिगड़ चुका हो या फिर दृष्टिहीन व्यक्ति हों। यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार), अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 15 (भेदभाव से सुरक्षा) के तहत सुनिश्चित किए गए हैं। कोर्ट ने विशेष रूप से कहा कि ''डिजिटल एक्सेस का अधिकार, अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग है।''

न्यायमूर्ति जे.बी. परदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा, ''हमने पाया है कि केवाईसी प्रक्रियाओं में बदलाव की आवश्यकता है, ताकि अक्षम व्यक्तियों, विशेष रूप से तेजाब हमले के पीड़ितों और दृष्टिबाधितों, को इन प्रक्रियाओं को पूरा करने में कोई परेशानी न हो।'' कोर्ट ने अपने फैसले में 20 निर्देश जारी किए, जिनमें डिजिटल केवाईसी और ई-केवाईसी प्रक्रियाओं को अधिक समावेशी बनाने के लिए तकनीकी और नीतिगत बदलाव शामिल हैं।

कोर्ट ने कहा कि दृष्टिबाधित लोगों और अन्य ऐसे नागरिकों को जो सामान्य

केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाते, उनके लिए विशेष बदलाव जरूरी हैं। पीठ ने कहा, ''हमने केवाईसी प्रक्रिया में विकलांगजनों के लिए परिवर्तन की आवश्यकता को स्वीकार किया है। हमने 20 दिशा-निर्देश जारी किए हैं। याचिकाकर्ताओं में एसिड अटैक पीड़ित और दृष्टिहीन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चेहरे की विकृति के कारण वे केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे थे। डिजिटल एक्सेस और आर्थिक अवसरों के इस युग में, अनुच्छेद 21 की व्याख्या तकनीकी युग के अनुरूप करनी होगी। डिजिटल डिवाइड को खत्म करना अब संवैधानिक जिम्मेदारी बन गई है। पहली याचिका वकील और एक्सेसिबिलिटी प्रोफ़ेशनल अमर जैन द्वारा दायर की गई थी, जो स्वयं 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें नियमित रूप से केवाईसी प्रक्रिया में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और ये दिक्कतें अधिकांश दृष्टिबाधितों को झेलनी पड़ती हैं। उनका तर्क था कि मौजूदा केवाईसी प्रणाली एक्सेसिबिलिटी को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई है और दृष्टिहीन लोग बिना किसी अन्य व्यक्ति की सहायता के यह प्रक्रिया पूरी नहीं कर सकते। दूसरी याचिका एक एसिड अटैक पीड़िता प्रज्ञा प्रसून द्वारा दायर की गई थी। उन्होंने जुलाई 2023 में बैंक में खाता खोलने की कोशिश की थी, लेकिन बैंक ने डिजिटल केवाईसी प्रक्रिया में 'लाइव फोटो' और 'आंखों को झपकाने' की शर्त के चलते उन्हें अयोग्य मान लिया। याचिका के अनुसार, आरबीआई द्वारा तय की गई केवाईसी प्रक्रिया में 'लाइवनेस' सिद्ध करने के लिए ग्राहक को कैमरे के सामने आंखें झपकाना अनिवार्य है। हालांकि बाद में सोशल मीडिया पर हंगामे के चलते बैंक ने प्रज्ञा के मामले में विशेष छूट दी।

प्रज्ञा की याचिका में मांग की गई थी कि केंद्र सरकार को निर्देश दिए जाएं कि वह डिजिटल केवाईसी प्रक्रिया के लिए एसिड अटैक पीड़ितों हेतु वैकल्पिक प्रणाली बनाए और सभी बैंक और डिजिटल सेवा प्रदाताओं को इन दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा जाए। यह निर्णय उन लाखों लोगों के लिए राहत लेकर आया है जो विकलांगता या चेहरे की विकृति के चलते डिजिटल सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश न केवल केवाईसी प्रक्रिया में व्यापक बदलाव की ओर संकेत करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि डिजिटल इंडिया का सपना वास्तव में सभी के लिए समान रूप से सुलभ हो। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट का विस्तृत फैसला अभी आना बाकी है, लेकिन अदालत ● शेष पेज 11 पर

बेटे के सिर पर सेहरा बंधने से पहले ही पिता की मार्ग दुर्घटना में मौत

आज बड़े बेटे की जानी थी बारात, दुकान पर कुछ सामान खरीदने के लिए घर से निकला था पिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के पसना गांव में बुधवार को दोपहर बाद 2 बजे के करीब अनियंत्रित स्कार्पियो ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर स्कूटी सवार के ऊपर ही पलट गई। जिससे स्कूटी सवार व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक धर्मराज सिंह पुत्र रामनरेश सिंह (45) निवासी पसना थाना कोरांव के बड़े बेटे कृष्ण कुमार का 29 अप्रैल को तिलक कार्यक्रम संपन्न हुआ था। एक मई को कोरांव थाना क्षेत्र के बिरहा गांव में बरात जानी थी। बेटे के विवाह की तैयारी को लेकर पिता बुधवार को दोपहर बाद 2 बजे के करीब घर से दुकान के लिए निकला था। वह कोरांव मेजा मुख्य मार्ग पर जा रहा था अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो स्कूटी सवार के ऊपर ही पलट गई। हादसे में स्कूटी सवार धर्मराज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई धर्मराज तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे। जिन्हें दो बेटे कृष्ण कुमार व विपिन कुमार हैं। हादसे के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेटे के सिर पर सेहरा बंधने के एक दिन पहले पिता की मौत से जहां घर में शहनाई की खुशियां बज रही थीं रही थी वही दोनों बेटे सदमे में थे। माता, पत्नी, भाई व अन्य परिवारी जनों का रो-रो कर बुरा हाल था। अनियंत्रित होकर पलट गई स्कॉर्पियो वाहन को पुलिस ने जेसीबी की मदद से सीधा कराया और थाने उठवा लाई। पुलिस के मुताबिक वाहन स्वामी मिर्ज़ापुर जनपद के लालगंज थाना अंतर्गत तिलांव गांव का रहने वाला है।

सप्ताह भर बाद भी पुलिस ने नहीं दर्ज किया चोरी का मुकदमा

कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के पथरताल गांव में गत 23 अप्रैल को घर में घुसकर ताला तोड़कर की गई चोरी मामले में पुलिस के द्वारा अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। जिससे भुक्तभोगी आक्रोशित है। भुक्तभोगी का कहना है कि मेरे द्वारा घटना के बाद सुबह पुलिस को तहरीर दी गई थी। लेकिन अभी तक मामला पंजीकृत नहीं किया है। जानकारी के मुताबिक उमेश तिवारी पुत्र सियाराम तिवारी निवासी पथरताल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि सोने चांदी के आभूषण, कीमती कपड़े, बर्तन आदि कर उठा ले गए हैं। पुलिस मामले ने अभी तक प्राथमिकी नहीं दर्ज की है। भुक्तभोगी ने प्राथमिकी दर्ज कर चोरी गए सामानों को बरामद कराए जाने की मांग की है।

परशुराम जयंती पर घोषित हो सार्वजनिक अवकाशः नीरज त्रिपाठी

परशुराम जयंती समारोह को संबोधित कर बोले उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व महाधिवक्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। ब्राह्मण समाज सदैव धर्म रक्षक व पथ प्रदर्शक रहा है। भगवान परशुराम एक अन्यायी राजा का सर्वनाश कर धर्म की स्थापना किया था। ब्राह्मण समाज वसुधैव कुटुंबकम् की भावना पर चलने वाला समाज है। अन्य सभी महापूरुषो की तरह भगवान परशुराम की जयंती पर भी सार्वजनिक अवकाश सरकार घोषित करे।यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी ने विकास खंड कोरांव के बढ़वारी कला गांव में स्थित सोमनाथ मंदिर परिसर में बुधवार को सायं 4 बजे के करीब भगवान परशुराम जयंती समारोह को संबोधित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विशिष्ट अतिथि इन्द्रदेव शुक्ल, राजू शुक्ला, बाबा तिवारी, सुशील मिश्रा, तुलसी दास तिवारी, बाबा ओझा, किसान नेता राजेश पाण्डेय, बबुआन द्विवेदी, पार्षद सोनू पाठक, अभिषेक तिवारी, मिथिलेश शुक्ला, सहित कई वक्ताओं ने भगवान परशुराम जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए ब्राह्मण एकता पर बल दिया।कार्यक्रम आयोजक जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चतुर्वेदी उर्फ पिंटू चौबे ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए सफल आयोजन में सहयोग के लिए अपने समाज का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बबलू शुक्ला व संचालन प्रमोद मिश्र पयासी ने किया। कार्यक्रम आयोजक राजू चौबे ने आए हुए सभी विप्र जनों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बाड़ीपति तिवारी एडवोकेट, तुलसी दास शुक्ला, हरिकेश पाण्डेय, कमलेश्वर तिवारी, विपुल दूबे, राजा पाण्डेय, डॉ अनिल पांडेय, संतोष शुक्ला, शशि द्विवेदी, अनिल मिश्र, सत्यम दुबे, विनय तिवारी,बृजेश तिवारी, रामकृष्ण त्रिपाठी, अनीता शुक्ला, प्रभा दुबे, संदीप दुबे, नितिन मिश्र, वेदमुनि पाण्डेय रिंकू तिवारी, पप्पू शुक्ला, शुभम मिश्र आदि हज़ारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

इजरायली टेक्नोलॉजी से किसानों की आमदनी दोगुना करेगी योगी सरकार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार खेती-किसानी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहती है। सरकार की योजना प्रदेश में सब्जी उत्पादन को तकनीकी सहायता से सशक्त बनाने की है। इसके लिए इजरायली तकनीक की मदद ली जा रही है। इसके तहत, कौशाम्बी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फ्रूट्स और चंदौली में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजीटेबल्स की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही, किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में 150 हाईटेक नर्सरियों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले पौधे और आधुनिक तकनीक सुलभ हो सकेगी।प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिह ने बताया कि योगी सरकार का लक्ष्य है कि इजरायली तकनीक की मदद से किसानों की आमदनी को दोगुना किया जाए। इसके तहत 26 करोड़ पौध को तैयार करने की योजना बनाई गई है। इन पौध से सब्जियों के उत्पादन में गुणात्मक और मात्रात्मक सुधार आएगा, जिससे बाजार में अच्छी कीमत मिल सकेगी। प्रदेश में 150 हाईटेक नर्सरियों की स्थापना की जा रही है। इन केंद्रों के माध्यम से किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी, बीज, पौध और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। यह पहल प्रदेश के हर जिले में सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी। योगी सरकार ड्रिप और स्प्रिंकलर सिचाई को बढ़ावा देने के लिए अनुदान दे रही है। ड्रिप सिचाई में इकाई लागत के सापेक्ष लघु एवं सीमांत कृषकों को 90 प्रतिशत तथा अन्य कृषकों को 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। वहीं स्प्रिंकलर सिचाई के लिए लघु एवं सीमांत कृषकों को 75 प्रतिशत और अन्य कृषकों को 65 प्रतिशत तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। नर्सरियों और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से किसानों को उन्नत किस्म की पौध, उर्वरक, जैविक उत्पाद, कीटनाशक नियंत्रण, जल प्रबंधन, फसल संरक्षण एवं विपणन की तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

रेरा के एजेंट को चार दिन का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से लेना होगाः संजय आर.भूसरेड्डी

लखनऊ । भू-सम्पदा सेक्टर में उपभोक्ताओं के हितों, भू-सम्पदा सेक्टर के संवर्धन एवं सुनियोजित पारदर्शी प्रक्रिया के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा (यूपी रेरा) के अध्यक्ष संजय आर.भूसरेड्डी ने चार दिवसीय रेरा एजेन्टस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। शुभारम्भ के अवसर पर अध्यक्ष संजय आर भूसरेडडी ने कहा कि पहले यूपी रेरा एजेंट एजेंसी के लिए कोई भी व्यक्ति अप्लाई करता था और उसको एजेंट बना दिया जाता था। बिना उसके ज्ञान हुनर को देखे। अभी रेरा की नई व्यवस्था के तहत एजेंट को चार दिन का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से प्राप्त करना होगा। इसके लिए रेरा द्बारा दो प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। एक लखनऊ में है और दूसरा गौतमबुद्ध नगर में है।यूपी रेरा के अध्यक्ष ने कहा कि अभी तक रेरा द्बारा नौ बैच को प्रशिक्षित किया जा चुका है। ये दसवें बैच की ट्रेनिग प्रारम्भ हुई हैं। प्रशिक्षण के उपरान्त परीक्षा में उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। तब वह प्रामाणिक एजेन्ट हो जाता है। क्योंकि प्रशिक्षण में रेरा के लॉ, अधिकार एजेन्ट की जिम्मेदारियां व उनके दायित्वों का बोध कराया जाता है। सफल अभ्यर्थी रेरा पोर्टल पर जाकर अपना आवेदन एजेन्सी के लिए कर सकता है। पहले यह पंजीकरण पांच वर्ष के लिए होगा। फिर एजेन्ट के कार्य के दृष्टिगत आगे नवीनीकरण किया जायेगा। अध्यक्ष रेरा ने बताया कि होम बायर जो परेशान रहता है, उसे अब परेशानी से नहीं गुजरना पड़ेगा।

बांदा में अश्लील हरकत के आरोप में सगा मामा गिरफ्तार

बांदा। उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के बबेरू क्षेत्र में पुलिस ने नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी सगे मामा को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि क्षेत्र की निवासिनी एक महिला ने पुलिस को सूचित किया कि नाबालिक बेटी के साथ उसके सगे भाई ने बीती रात्रि अश्लील हरकतें की और विरोध करने पर गाली गलौज के साथ उसने जान से मारने की धमकी भी दी।सूचना पर तत्काल पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया और बबेरू थाना क्षेत्र के हरदौली का निवासी आरोपी युवक शफीक (पीड़िता के सगे मामा) को दो घंटे के भीतर हरदौली यात्री प्रतिक्षालय से गिरफ्तार किया।पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद करने का दावा करते हुए बताया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी थाना बिसंडा व बबेरू में चोरी और आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत है।

बैंक कैशियर हटाए जाने पर उपभोक्ताओं में उबाल, किया प्रदर्शन

यूपी बड़ौदा बैंक बरवा राजापाकड़ का मामला सुविधाजनक सेवा देने वाले कर्मचारी का तबादला, विरोध में उपभोक्ताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। बड़ौदा यूपी बैंक बरवाराजापाकड़ शाखा में कार्यरत कैशियर आकाश सिंघल के तबादले के खिलाफ उपभोक्ताओं में तीव्र आक्रोश फैल गया है। बुधवार को नाराज उपभोक्ताओं ने जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में बैंक परिसर के बाहर प्रदर्शन कर स्थानांतरण रद्द करने की मांग उठाई।उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि आकाश सिंघल के कार्यकाल में बैंकिंग कार्य सहज और पारदर्शी रहा। उनकी सरलता और तत्पर सेवा ने उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव दिया था।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आकाश सिंघल के स्थान पर जिस कन्हैया प्रसाद गुप्ता की पुनः तैनाती हो रही है, उनका पूर्व कार्यकाल असंतोषजनक रहा है। ग्राहकों को व्यवहार में बेरुखी और कार्य में शिथिलता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा था, जिसे अब फिर झेलना पड़ेगा।

प्रदर्शन के बाद उपभोक्ताओं ने शाखा प्रबंधक अबुल फजल सिद्दिकी और सहायक ऋण प्रबंधक राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्रीय प्रबंधक से तत्काल स्थानांतरण आदेश रद्द करने की मांग की गई है। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांग नहीं मानी गई तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान पूर्व प्रधान रमाशंकर कुशवाहा, मनोज गुप्ता, रामायण यादव, रामनाथ गुप्ता, रजनीश राय, राजू जायसवाल, संजय राय, रामविलास प्रसाद, मनोज तिवारी, संजय मिश्र, उपेन्द्र आर्य, मेवालाल बरनवाल, राजकुमार गुप्ता, विनोद शर्मा, राजन कुशवाहा, राजू गुप्ता, राहुल खरवार, शोएब, बासदेव गुप्ता, संतोष तिवारी, गुड्डू गुप्ता, प्रभुनाथ पाल, डेबा प्रसाद, हरकेश खरवार, वकील अंसारी, पवन गुप्ता, मुनीब बरनवाल, नसरुल्लाह अंसारी आदि उपस्थित रहे।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। सदर स्थिति साकेत धाम श्री राम लीला मैदान से प्रारंभ होकर सदर भ्रमण करते आवास विकास कालोनी के अखिलेश्वर महादेव मंदिर में हुआ यात्रा का समापन। राष्ट्रीय परशुराम जनकल्याण संस्था के तत्वावधान में निकली यात्रा। शोभायात्रा का कार्यकम में उत्तर प्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्याम जी त्रिपाठी,श्री राम कथा मर्मज्ञ श्री सुधीरानंद नंद जी महराज ने पूजन अर्चन कर किया यात्रा का किया शुभारम्भ । हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी,अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी विजय, अजय द्विवेदी,बी जे पी नेता पंकज त्रिपाठी, जिले के पत्रकार प्राचीन्द्र मिश्रा,व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष चेतन मिश्रा, श्री साईं सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा ,जीतेंद्र दीक्षित ,अधिवक्ता श्री कांत तिवारी गोपाल,राम बोध शुक्ला, सुबोध त्रिपाठी,संदीप चौहान ,लक्ष्य निगम ,गोपाल महेश्वरी,सहित सैकड़ों लोग हुए शामिल।यात्रा संयोजक नृपेंद्र मिश्रा ने किया सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन।

प्रसूता की मौत के बाद जागा प्रशासन, अस्पताल को किया सील

गोविंद हॉस्पिटल बघराई बांसगांव का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। बांसगांव थाना क्षेत्र ग्राम सभा बघराई में बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध रूप से चल रहे गोविंद हॉस्पिटल को प्रशासन द्वारा बुधवार को सील कर दिया गया। बांसगांव प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार सिंह,सीओ दरवेश कुमार ने राजस्व निरीक्षक रमाशंकर यादव एवं थानाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह तथा सामुदायिक स्वस्थ केंद्र के अधीक्षक डॉ0 के एम अग्रवाल डॉ0 सीएस जोशी की उपस्थिति में बुधवार को गोविंद हॉस्पिटल को सील कर दिया।बताते चलें कि ग्राम गोहली बसंत निवासी दिनेश चौहान की 26 वर्षीय पत्नी रेनू का बघराई स्थित गोविंद हॉस्पिटल में आपरेशन से एक बच्चा पैदा हुआ था, आपरेशन के कुछ ही समय बाद प्रसुता रेनू की हालत बिगड़ने पर हॉस्पिटल संचालक, डाक्टर और आशा कार्यकत्री गायत्री के साथ शहर के किसी हॉस्पिटल में भर्ती कराने के लिए अपने ही गाड़ी से ले जा रहे थे कि रास्ते में ही प्रसुता रेनू की मौत हो गई।प्रसुता की मौत के बाद शव को रास्ते में छोड़कर हॉस्पिटल संचालक और डाक्टर फरार हो गए,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

घटना के तीन दिन बाद तहसील प्रशासन,पुलिस एवं सामुदायिक केंद्र के अधीक्षक के साथ मौके पर पहुंचकर गोविंद हॉस्पिटल को सील कर दिया।जिससे क्षेत्र में संचालित हो रहे अवैध नर्सिंग होम कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

आखिर तीन दिन बाद सीओ के निर्देश पर दर्ज हुआ मुकदमा

थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गोहली बसंत निवासी दिनेश कुमार पुत्र मुराली चौहान ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया कि हम प्रार्थी की पत्नी रेनू गर्भवती थी प्रसव पीड़ा होने के उपरांत डिलेवरी कराने के लिए गांव की आशा कार्यकत्री गंगोत्री के साथ सामुदायिक स्वस्थ केंद्र बांसगांव लाया गया जहां पर नर्स एवं डाक्टरों ने चेक किया उसके बाद उन्हें जिला अस्पताल ले जाने हेतु रेफर कर दिया लेकिन आशा ने उसे बघराई स्थित गोविंद हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया वहां पर डा0 सन्नू राय,डा0 एस के नायक एवं डा0 शैलेश कुमार के देखरेख में आपरेशन से बच्चा पैदा हुआ,उसके बाद अधिक रक्त स्राव होने लगा लेकिन डाक्टर एवं नर्स ने कहा खून नहीं पानी गिर रहा है।कुछ देर बाद उन्हीं डॉक्टरों द्वारा मरीज को सीरियस बता कर गोरखपुर सिटी हॉस्पिटल लेकर जा रहे थे कि इन लोगों के लापरवाही तथा उपेक्षा के चलते रास्ते में मौत हो गई और वही वो लोग रास्ते में शव छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने सीओ के निर्देश पर उक्त लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

पुलिस ने छोड़ा वाहन

प्रसुता रेनू को जिस वैन्यू कार से गोरखपुर लेकर डा0 और हॉस्पिटल संचालक जा रहे थे उसी में प्रसुता की मौत हो गई थी उस गाड़ी को पुलिस थाने लाई किंतु ग्रामीणों की माने तो पुलिस ने बिना किसी जांच के वैन्यू कार को थाने से छोड़ दिया जो क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बिटिया सोना के जन्मदिन पर ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धर्मार्थ समर्पण न्यास द्वारा बिटिया सोना के जन्मदिन के अवसर पर विशेष सेवा अभियान की शुरुआत की

वाराणसी। धर्मार्थ समर्पण न्यास द्वारा बिटिया सोना के जन्मदिन के शुभ अवसर पर एक विशेष सेवा अभियान की शुरुआत की गई। इस दिन को यादगार बनाते हुए न्यास के सदस्यों ने वाराणसी जेल का दौरा किया और वहां 15 पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस दौरान एक मार्मिक क्षण तब सामने आया जब यह जानकारी मिली कि दो दिन पहले जेल में एक बच्ची का जन्म हुआ है।

इस पर न्यास ने निर्णय लिया कि उसे अनमोल सेवा समिति द्वारा गोद लिया जाएगा। साथ ही, सोने के जन्मदिन पर होने वाले अनावश्यक खर्च को रोककर, उस राशि से बच्ची और उसकी मां की आवश्यकताओं की पूर्ति की जाएगी ऽ जिसमें कपड़े, दवाइयाँ और अन्य जरूरी वस्तुएं शामिल हैं।इस पुण्य कार्य के बाद न्यास के सदस्य केशव जालौन जी के निवास स्थान पर पहुँचे और वहां तुलसी का पौधा भेंट कर लोगों को इस सेवा यात्रा से जुड़ने का आमंत्रण भी दिया।धर्मार्थ समर्पण न्यास और अनमोल सेवा समिति की यह पहल समाज के उन हिस्सों तक सहायता पहुँचाने का प्रयास है, जहाँ उम्मीद की सबसे अधिक आवश्यकता है।

यह सेवा न केवल एक नवजीवन को संबल देगी, बल्कि समाज में करुणा और दानशीलता के नए आयाम भी स्थापित करेगी।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका अखिलेश का पुतला

प्रयागराज। संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की फोटो से आधा चेहरा हटाकर समाजवादी प्रमुख का चेहरा लगाने से आक्रोशित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फूंका।भाजपा के प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में हाई कोर्ट चौराहे पर स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर धरना दिया और अखिलेश यादव का पुतला फूंककर कार्यकर्ताओं ने आक्रोश प्रकट किया।

कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन करते समय अखिलेश यादव मुर्दाबाद, समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद, हिंदुस्तान डॉ अंबेडकर का अपमान नहीं सहेगा जैसे नारे लगाए।श्री गुप्ता ने कहा कि डॉ भीमराव सामाजिक न्याय एवं समरसता के प्रतीक हैं। उनके चेहरे में अपना आधा चेहरा जोड़कर चित्र प्रस्तुत करना यह अनाधिकृत चेष्टा और दलित समाज का अपमान है। उन्होंने कहा कि 'नमाज वादी' पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने समय-समय पर दलित समाज का अपमान करने में कभी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

सेंट्रल बार एसोसिएशन के चुनाव में अधिवक्ता आशीष शुक्ला उपाध्यक्ष मध्य चुने गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। हाई कोर्ट के आदेश के परिपालन में दीवानी न्यायालय में स्थिति सेंट्रल बार एसोसिएशन के चुनाव में 28 अप्रैल को हुए मतदान की गड़ना में आज उपाध्यक्ष मध्य पद पर आशीष शुक्ला एडवोकेट ने 1241 मत प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।कोषाध्यक्ष के पद पर दीपक सिंह एडवोकेट ने 756 वोट पाकर जीत दर्ज किया एवं सौरभ कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने 875 मतों से उपाध्यक्ष मध्य के पद पर दूसरे स्थान पर जीत हासिल किया और कनिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर सौरभ कुमार वर्मा एडवोकेट ने रिकार्ड मतों से जीत दर्ज किया । सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव में विजय पटका फहरानेवाले कोषाध्यक्ष प्रत्याशी दीपक सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष मध्य के दो पदों पर क्रमशः आशीष शुक्ला एडवोकेट व सौरभ श्रीवास्तव एडवोकेट तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल करने वाले एडवोकेट सौरभ कुमार वर्मा को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए लखनऊ सेंट्रल बार के सदस्य एडवोकेट मोहम्मद अराफात खान ने कहा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी बधाई देते हुए अधिवक्ता कल्याण व प्रमुख मांग ''अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम '' को लागू कराए जाने का करेंगे प्रयास ।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल का शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग लखनऊ में आयोजित

सुमित श्रीवास्तव

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वावधान में लखनऊ महानगर (उत्तर प्रदेश) में आयोजित राष्ट्रीय बजरंग दल शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 26 अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, आई टी आई कालेज ,कटी बगिया ,रमाडा होटल के पास कानपुर रोड लखनऊ में सफ़लतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह वर्ग देशभर से आए शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए आयोजित किया गया है, जिसमें शारीरिक, बौद्धिक एवं संगठनात्मक दक्षता को विकसित करने के लिए विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। वर्ग के सफल संचालन हेतु अवध प्रांत के गौरव द्विवेदी (प्रदेश महामंत्री), वेद कुमार सचान (प्रांत संगठन मंत्री, कानपुर अवध), प्रांत मीडिया अध्यक्ष विवेक शर्मा, लखनऊ महानगर अध्यक्ष शीलेंद्र मोहन शर्मा, इंद्रबली (प्रांत सह संगठन मंत्री, अवध लखनऊ) तथा अन्य कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत की।

सभी कार्यकर्ताओं के अनुशासित प्रयासों से वर्ग की व्यवस्था अत्यंत सुचारु और प्रभावी रूप से संचालित हुआ ।

वर्ग में प्रत्येक दिन वरिष्ठ अधिकारियों – जैसे राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज सिंह, केंद्रीय महामंत्री देवेश उपाध्याय, राष्ट्रीय महामंत्री रामजी तिवारी, संयुक्त महामंत्री प्रदीप गौड़ जी, तथा संगठन मंत्री ईश्वरी प्रसाद – द्वारा विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए।

प्रातः 4:30 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक अनुशासित दिनचर्या के साथ शिक्षार्थी शारीरिक, मानसिक और संगठनात्मक क्षमता का विकास हुआ

शारीरिक सत्रों में खड्ग, एयर गन, नियुद्ध,दंड युद्ध, तीरंदाजी, योगासन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार जैसे विषयों का विशेष अभ्यास कराया गया

वहीं बौद्धिक वर्गों में संगठनात्मक कार्यशैली, नेतृत्व विकास एवं राष्ट्र निर्माण पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया

यह प्रशिक्षण वर्ग संपूर्ण देश में ''वीर हिंदू - विजेता हिंदू'' अभियान को नई ऊर्जा और दिशा देने का सशक्त प्रयास है।

उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद 2025 का परिणाम घोषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । शिक्षा निदेशक माध्यमिक एवं अध्यक्ष, उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद डॉ0 महेन्द्र देव ने बुधवार को उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद 2025 का परिणाम घोषित किया । वर्ष-2025 की पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा स्तर तक की परीक्षाएं 27 फरवरी, 2025 से 12 मार्च, 2025 के मध्य सम्पन्न हुई। संदर्भित परीक्षाओं के लिये 247 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये थे। 11 मूल्यांकन केन्द्रों पर 18 मार्च से 27 मार्च, 2025 के मध्य मूल्यांकन कार्य सम्पन्न हुआ। प्रदेश में कुल 1265 संस्कृत माध्यमिक विद्यालय हैं, जिसके सापेक्ष 1075 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षाएं सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में सम्पन्न करायी गयी। परीक्षा की मॉनीटरिंग हेतु जनपद, मण्डल एवं राज्य स्तर पर ऑनलाइन कन्ट्रोल रूम से निगरानी की गयी। गत वर्ष की तुलना में छात्र संख्या में 8708 की वृद्धि के साथ-साथ उत्तीर्ण प्रतिशत में भी वृद्धि हुई है।

उन्होंने बताया कि पूर्व मध्यमा द्वितीय (10वीं) परीक्षा में कुल 24,649 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिसमें 24,045 संस्थागत एवं 604 व्यक्तिगत हैं। परीक्षा में कुल 18,107 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें से 17,618 संस्थागत एवं 489 व्यक्तिगत हैं। सम्मिलित परीक्षार्थियों में 16111 परीक्षार्थी सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित हुए। सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों के सापेक्ष 14,527 संस्थागत तथा 389 व्यक्तिगत कुल 14,916 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.58 एवं व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.61 हैं। पूर्व मध्यमा के सम्पूर्ण परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.58 हैं। पूर्व मध्यमा की परीक्षा में 11,239 बालक एवं 3,677 बालिकाएं उत्तीर्ण हुई। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.62 एवं बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.45 हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर मध्यमा प्रथम (11वीं) परीक्षा में कुल 19,727 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिसमें 19,064 संस्थागत एवं 663 व्यक्तिगत हैं। परीक्षा में कुल 15,645 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें 15,126 संस्थागत एवं 519 व्यक्तिगत हैं। सम्मिलित परीक्षार्थियों में 14514 परीक्षार्थी सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित हुए। सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों के सापेक्ष 12,944 संस्थागत तथा 421 व्यक्तिगत कुल 13365 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.16 एवं व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.76 हैं। उत्तर मध्यमा प्रथम के सम्पूर्ण परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.08 हैं। उत्तर मध्यमा प्रथम की परीक्षा में 9,888 बालक एवं 3,477 बालिकाएं उत्तीर्ण हुई। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.51 एवं बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 90.87 हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तर मध्यमा द्वितीय (12वीं) परीक्षा में कुल 12,299 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिसमें कुल 11,882 संस्थागत एवं 417 व्यक्तिगत हैं। परीक्षा में कुल 11,488 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें 11,090 संस्थागत एवं 398 व्यक्तिगत हैं। सम्मिलित परीक्षार्थियों में 10887 परीक्षार्थी सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित हुए। सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों के सापेक्ष 9,247 संस्थागत तथा 314 व्यक्तिगत कुल 9561 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.05 एवं व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.34 हैं। उत्तर मध्यमा द्वितीय के सम्पूर्ण परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.82 हैं। उत्तर मध्यमा द्वितीय की परीक्षा में 6,876 बालक एवं 2,685 बालिकाएं उत्तीर्ण हुई। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.18 एवं बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.50 हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने गन्ना किसानों को दिया बड़ा लाभ, मुख्यमंत्री योगी ने जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गन्ना किसानों के हित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट के जरिए सीएम योगी ने कहा कि किसान बंधुओं की समृद्धि एवं उन्नति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शीर्ष प्राथमिकता है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 2025-26 (अक्टूबर-सितम्बर) सीजन के लिए उचित एवं लाभकारी मूल्य को 355 रुपए प्रति क्विंटल करने की मंजूरी प्रदान की गई है। यह निर्णय 5 करोड़ गन्ना किसानों के साथ ही 5 लाख श्रमिकों के जीवन में आर्थिक सशक्तीकरण व स्वावलम्बन का आधार बनेगा। इस अभिनंदनीय निर्णय के लिए उन्होंने पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया।

बता दें कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए 2025-26 (अक्टूबर-सितम्बर) सीजन के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 355 रुपए प्रति क्विंटल स्वीकृत किया है। इसकी मूल वसूली दर 10.25 प्रतिशत होगी। जिसमें 10.25 प्रतिशत से अधिक वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की वृद्धि के लिए 3.46 रुपए प्रति क्विंटल का प्रीमियम प्रदान किया जाएगा तथा वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की कमी के लिए एफआरपी में 3.46 रुपए प्रति क्विंटल की कमी की जाएगी।

बीकेटी थाना अंतर्गत पुलिस और बदमाशों मे मुठभेड़,एक गिरफ्तार,दूसरा फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । मंगलवार को बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई।इस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया और उसका एक साथी मौक़े से भाग निकला।पुलिस ने उनके पास से अवैध असलहा और एक बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल बरामद किया है तथा घायल बदमाश को पुलिस अभिरक्षा में ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है।मंगलवार देर शाम को बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के मामपुर बाना अंडर पास के पास चेकिंग के दौरान पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई।जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा उसका दूसरा साथी मौक़े से फरार हो गया,वही घायल बदमाश के कब्जे से एक अवैध असलहा,डिस्कवर बाइक यूपी 32जीसी4172 सहित अन्य समान बरामद किया है।मुठभेड़ को लेकर डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि सोमवार को इसी थाना अंतर्गत इंदौराबाग के पास बुजुर्ग के साथ लूट की वारदात हुई थी,वही मंगलवार रात को थाना अंतर्गत किसान पथ मामपुर अंडर पास के पास क्राइम ब्रांच और बीकेटी पुलिस चेकिंग कर रही थी इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये।जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन पर सवार व्यक्तियों द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी,जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया जिसकी पहचान सचिन नायर निवासी थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ के रुप में हुई जिस पर विभिन्न थानों पर दो दर्जन के आसपास गंभीर धाराओं में मुकदमें दर्ज है तथा दूसरा बदमाश भाग निकला,जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई है जल्द उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।वही घायल बदमाश सचिन नायर को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में तत्काल साढ़ामऊ बीकेटी स्थित रामसागर मिश्र शौ शैय्या अस्पताल भेजा गया जहा हालत ज्यादा गंभीर होने पर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया था। वही डीसीपी लखनऊ उत्तरी द्वारा घटना का सफल अनावरण करने वाली टीम को बीस हज़ार रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।घटना स्थल के निरीक्षण के मौक़े पर डीसीपी लखनऊ उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी के साथ एडीसीपी उत्तरी जीतेंद्र कुमार दुबे,एसीपी बीकेटी अमोल मुरकुट,बीकेटी थाना प्रभारी संजय सिंह,इटौंजा प्रभारी मार्कण्डेय यादव मौजूद रहे।

चोरी, लूट व शांति व्यवस्था भंग करने के 11 गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज पुलिस ने लूट ,चोरी और शांति व्यवस्था भंग के आरोप में 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया ।गोसाईगंज पुलिस ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यह बड़ी कार्रवाई की है। सहायक पुलिस आयुक्त ऋषभ रुणवाल और प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 11 संदिग्ध अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिनके ऊपर लूट और चोरी करने के आरोप है। उनकी गतिविधियों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग होने का खतरा बना रहता है । राहगीरों से विवाद करते थे ।पुलिस ने इन सभी के खिलाफ धारा 170 /126 /135 बी एन एस एस के तहत कार्यवाही की है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहित वर्मा, साहिल, वीर सेन, गगन उर्फ रामदेव, छोटेलाल, गौरव, इब्राहिम, शुभम, चंदन, और मोहित रावत शामिल हैं यह सभी गोसाईगंज मोहनलालगंज अमेठी और आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं।

घर में घुसकर की मारपीट, बहू और पत्नी को दी जान से मारने की धमकी

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगराम थाना क्षेत्र के बहरौली गांव में एक परिवार के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित उमेश प्रताप सिंह ने थाना प्रभारी को दी गई लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि 17 अप्रैल 2025 को वह अपनी पुरानी शिकायत के सिलसिले में थाने गया था। वहीं से वापस लौटने पर कुछ लोग जबरन उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।शिकायत के अनुसार, आरोपी राजेश प्रताप सिंह, उनकी पत्नी नीलू उर्फ नीरज सिंह, और बेटा कौशलेंद्र प्रताप सिंह बिना किसी उकसावे के गालियां देते हुए घर में घुसे और जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़ित को पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान पीड़ित की बहू और पत्नी ने जब बीच-बचाव की कोशिश की तो उन्हें भी अपशब्द कहे गए। पीड़ित का छोटा बेटा किसी तरह जान बचाकर दौड़ा और अन्य लोगों की मदद से उसे छुड़ाया गया।पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बीमार हो गया, जिस कारण तत्काल थाने में प्रार्थना पत्र नहीं दे सका। उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि आरोपी बहुत प्रभावशाली लोग हैं और वे किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने अपनी व अपने परिवार की जान को खतरा बताया है।पीड़ित ने पुलिस से उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि यदि समय रहते कार्यवाही नहीं हुई तो भविष्य में गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

ब्रह्मोस प्रोजक्ट के प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले मुख्य सचिव ने किया स्थलीय निरीक्षण

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ के भटगांव में ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्रोजक्ट और डिफ़ेन्स नोड के प्रस्तावित उद्घाटन कार्यक्रम से पहले बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के डिफ़ेन्स नोड के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मुख्य सचिव मनोज सिंह ने कहा कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों डिफ़ेन्स नोड और ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्रोजक्ट का उद्घाटन होना प्रस्तावित है। यह कार्यक्रम पहले से 11 मई को तय किया गया है। इस कार्यक्रम में उद्घाटन के बाद लखनऊ में देश के सबसे उत्कृष्ट ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन शुरू हो जायेगा। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्रोजेक्ट व एयरोलॉय टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की यूनिट में लगातार कार्य गति पर है।

जातिगत जनगणना से लोकतंत्र मज़बूत होगाः केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। केन्द्र सरकार के जातिगत जनगणना के फैसले का भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जातीय जनगणना का फ़ैसला ऐतिहासिक है। लोकतंत्र इससे मज़बूत होगा। केशव प्रसाद मौर्य ने जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जातिगत जनगणना के ऐलान के बाद जाति आधारित जनगणना के नाम पर ढोंग करने वाले दलों कांग्रेस, सपा, राजद और इंडी गठबंधन अब जनता को मुंह दिखाने लायक नहीं हैं। सबका साथ-सबका विकास करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 140 करोड़ लोगों को ऐतिहासिक उपहार दिया है,जिसकी जितनी संख्या भारी,उनको उतनी हिस्सेदारी वाला फैसला है। मोदी हैं तो मुमकिन है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समूचा दलित, आदिवासी, पिछड़ा समाज उनके इस फ़ैसले का तहेदिल से स्वागत करता है। दशकों से इसका इंतज़ार था।

मकान लूटा कैमरे भी ले गए दुबग्गा में चोरी से मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ दुबग्गा । कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बरावन कला मोहल्ले में बुधवार तड़के एक दिल दहला देने वाली चोरी की घटना सामने आई है। बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर चोरों ने करीब 18 लाख रुपये के कीमती जेवरात और 1.64 लाख रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए दुबग्गा पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। और पीड़ित को उम्मीद है कि अपराधी जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवकांत पुत्र श्री लीला प्रसाद, निवासी बरावन कला, अपनी पत्नी अंजू देवी के साथ ग्राम मांगूखेड़ा, थाना संडीला, जनपद उन्नाव में पारिवारिक कार्यक्रम के सिलसिले में गए हुए थे। 30 अप्रैल की तड़के जब वे घर लौटे तो देखा कि मुख्य दरवाजा टूटा नहीं था, बल्कि खुला हुआ था। जबकि अंदर सभी अलमारियों और लॉकरों के ताले तोड़े जा चुके थे।पीड़ित के अनुसार, चोरी गए सामान में शामिल हैं।

दो सोने के हार सेट
दो सोने की अंगूठियाँ
दो सोने की चेन
एक जोड़ी सोने के झुमके
चार चाँदी की करधनी
दो जोड़ी चाँदी की पायल नकद ?1,64,000

इतना ही नहीं, घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर सिस्टम भी चोर उठा ले गए। जिससे घर की निगरानी फुटेज भी गायब हो गई। यह बात इस ओर इशारा करती है कि अपराधियों ने यह वारदात पूरी योजना और घर की जानकारी के साथ अंजाम दी है।

शिवाकांत का कहना है कि यह काम किसी परिचित व्यक्ति या अंदरूनी जानकारी रखने वाले का हो सकता है। क्योंकि जिस प्रकार से दरवाजे को नुकसान पहुँचाए बिना प्रवेश किया गया और केवल उन्हीं जगहों को निशाना बनाया गया जहाँ जेवर व नकदी रखी थी। वह संदेह पैदा करता है।दुबग्गा पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत एफआईआर दर्ज की और जांच टीम सक्रिय कर दी। थानाध्यक्ष ने भरोसा दिलाया है कि जांच तेजी से की जा रही है, और बहुत जल्द चोरों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

जातीय जनगणना का भाजपा ने किया स्वागत

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में हुए 'जातीय आधारित जनगणना'' के फैसले का स्वागत किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में लिया गया यह ऐतिहासिक निर्णय देश के समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ा बदलाव लाएगा। जातीय जनगणना से नीतियों को अत्यधिक न्यायसंगत और लक्षित बनाने में बेहतर मदद मिलेगी तथा इससे वंचित तबकों को सशक्त करने की दिशा में ठोस आधार मिलेगा। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कैबिनेट का समस्त प्रदेशवासियों की तरफ से हृदयतल से हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जातिगत जनगणना के फ़ैसले से कांग्रेस और सपा सहित इंडी गठबंधन की राजनीति का पूर्ण विराम हो गया है। आज रात्रि भाजपा और मोदी विरोधियों को नींद नहीं आएगी। सबका साथ, सबका विकास, मोदी हैं तो मुमकिन है।

मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत 88 अभ्यर्थियों का चयन

लखनऊ। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में रोजगार मेले के आयोजन में छह कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। कम्पनियों ने साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से 88 अभ्यर्थियों का चयन किया। चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनी की ओर से दस हजार रुपये प्रतिमाह से बीस हजार रुपये प्रतिमाह तक का वेतनमान एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी। अलीगंज स्थित आईटीआई के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए रायल इनफील्ड, भगवती प्रोडक्ट्स, सिगटफ प्राइवेट लिमिटेड, जी फोर एस, वारी एनर्जीस एवं सुजुकी मोटर्स (लर्न एवं अर्न) जैसी छह प्रतिष्ठित कम्पनियाँ उपस्थित रहीं। इस अवसर पर कम्पनियों की ओर से चयनित अभ्यर्थियों के उत्तम भविष्य की कामना करते हैं। रोजगार मेले में प्लेसमेन्ट अधिकारी एम.ए. खाँ, निर्भय कुमार सिंह सहित कम्पनियों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागी मौजूद रहे।

राजभवन में आयोजित हुई सड़क सुरक्षा संगोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन में आयोजित सड़क सुरक्षा गोष्ठी में प्रतिभाग किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा का दायरा केवल यातायात नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जन-जागरूकता, सामूहिक जिम्मेदारी और नागरिकों के जिम्मेदार व्यवहार से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, मीडिया और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा को एक जन-आंदोलन का रूप दें, जिससे आमजन में नियमों के प्रति स्वाभाविक अनुशासन और जिम्मेदारी विकसित हो।

राज्यपाल ने विशेष रूप से स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वे सड़क सुरक्षा के ब्रांड एम्बेसडर बनें, अपने परिवार व समुदाय को जागरूक करें और नियमों का पालन स्वयं कर दूसरों के लिए प्रेरणा बनें।उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य में सड़क सुरक्षा की चुनौतियाँ और भी अधिक जटिल हैं। यहां की भौगोलिक बनावट, संकरी व घुमावदार सड़कें, तीव्र ढलान और बदलते मौसम - ये सभी सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को बढ़ाते हैं। ऐसी स्थिति में वाहन चलाते समय सतर्कता, संयम और नियमों का पालन जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य है। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना और गति सीमा का पालन करना हमारी जीवन रक्षा की गारंटी हो सकता है। राज्यपाल ने सभी लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। गोष्ठी के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन संस्था के निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह और तकनीकी अधिकारी श्री प्रशांत खड़गे ने उपस्थित जनसमूह को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों की बात नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की जीवन शैली का हिस्सा बननी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण लापरवाही और नियमों की अनदेखी है। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय ने संगोष्ठी के उद्देश्य और आयोजन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। आयोजक डॉ. बी.के.एस. संजय ने कहा कि दुर्घटनाओं को कम करने का

राज्यपाल ने सड़क सुरक्षा को जन-आंदोलन बनाने का किया आह्वान

सबसे सरल उपाय यह है कि हम सभी यातायात नियमों का अध्ययन करें और उनका पालन करें। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह लोगों को यातायात नियम सिखाने और उनका पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने राज्यपाल महोदय से अनुरोध किया कि सड़क सुरक्षा की शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाना चाहिए। ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. गौरव संजय ने ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं से होने वाले व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। गोष्ठी में पद्मश्री प्रेमचंद शर्मा, एडीजी वी. मुरुगेशन, डॉ. सुधारानी पांडेय, डॉ. गौरव संजय, अन्य गणमान्य अतिथि तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बाबासाहेब का अपमान बर्दाश्त नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। समाजवादी पार्टी की लोहिया वाहिनी द्वारा एक कार्यक्रम में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र के आधे भाग पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का चित्र जोड़े जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी आलोचना की है।

साथ ही सीतापुर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में स्थानीय अंबेडकर पार्क में विरोध प्रदर्शन किया गया और समाजवादी पार्टी के इस निचले कृत्य की घोर निंदा की गई सर्वप्रथम भाजपा कार्यकर्ता आरएमपी कॉलेज फील्ड पर स्थित नर्मदेश्वर मंदिर के निकट एकत्र हुए और फिर विरोध प्रदर्शन करते हुए म्युनिसिपल मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचे जहां पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में बताया कि समाजवादी पार्टी मानसिक दिवालियापन से गुजर रही है। पूर्व में भी भारत की आन बान शान बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विषय में समाजवादी नेताओं ने अनर्गल प्रतिक्रियाएं दी है परंतु अब तो हद हो गई जब वह अपने कार्यक्रम में अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का चित्र बाबा साहेब के चित्र के साथ जोड़ने लगे हैं यह समाजवादी पार्टी की घृणित मानसिकता अब बर्दाश्त नहीं की जा सकती उन्होंने बताया बाबा साहब संपूर्ण भारत का सम्मान है उनके अपमान पर समाजवादी पार्टी को तत्काल माफी मांगनी चाहिए और भविष्य में इस तरह का कृत्य ना करने के लिए लिखित हलफनामा देना चाहिए। उन्होंने मांग की की समाजवादी पार्टी के नेताओं को बाबा साहब अंबेडकर के अपमान के लिए संविधान सम्मत दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सदैव बाबा साहब के सम्मान के साथ खड़ी है और वह किसी को यह अनुमति नहीं दे सकती की कोई भी अपनी राजनीतिक रोटी सेकने के लिए बाबा साहेब के सम्मान से खिलवाड़ करें।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुसूचित जाति मोर्चे के जिला अध्यक्ष रामस्वरूप भार्गव सीतापुर नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन नेहा अवस्थी, नमिन्द्र अवस्थी, नगर पालिका खैराबाद के अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू, सागर गुप्ता विश्राम सागर राठौर उदित वाजपेई नैमिष रतन तिवारी सचिन मिश्रा तरुण शुक्ला अजय विश्वकर्मा अनूप विश्वकर्मा अजय भार्गव रामजीवन जायसवाल, अमित दीक्षित, पंकज पांडे राजन गुप्ता दिवाकर शुक्ला, जया सिंह, तरुण शुक्ला मनोज तिवारी, इंदू सिंहचौहान सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को नई गति

बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए महिला कल्याण विभाग सक्रिय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने और बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा तथा उनके अधिकारों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती प्रिया पटेल द्वारा जनपद में सार्वजनिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों और समुदायिक केंद्रों पर जागरूकता गतिविधियों को सक्रिय रूप से संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों जैसे नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, बैनर, पेम्फलेट, जागरूकता रैलियों एवं कार्यशालाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों, विशेषकर ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बेटियों की महत्ता, उनके अधिकारों तथा सुरक्षा के विषय में जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इन शिविरों एवं जागरूकता अभियानों में भाग लेकर बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि एक सशक्त समाज की नींव तभी रखी जा सकती है जब बेटियों को भी समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान प्राप्त हो। इसके अतिरिक्त, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती प्रिया पटेल ने जानकारी दी कि जनपद में परित्यक्त शिशुओं की रक्षा हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसियों (एस0ए0ए0) के सहयोग से उपयुक्त स्थानों पर पालना शिशु स्वागत केंद्र स्थापित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही पूर्व में स्थापित किन्तु निष्क्रिय पालना केंद्रों को भी पुनः क्रियाशील किया जा रहा है, जिससे परित्यक्त शिशुओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके और उन्हें भविष्य में दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया के माध्यम से परिवार का स्नेह प्राप्त हो सके। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी नवजात असुरक्षित परिस्थिति में न छोड़ा जाए तथा समाज में सभी बच्चों को समान अधिकार और संरक्षण प्राप्त हो।

रोजगार सेवक का आकस्मिक निधन

बिसवां, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड बिसवां के अंतर्गत ग्राम पंचायत जहांगीराबाद में लंबे समय से सेवाएं दे रहे ग्राम रोजगार सेवक वेद प्रकाश जी का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। मंगलवार को उन्हें पेट दर्द की शिकायत हुई थी, जिसके बाद उन्हें उपचार हेतु लखनऊ ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार उनके गांव आम गौरिया वसुदहा में किया गया।

पंडित मुकुट बिहारी वाजपेयी द्वारा दान की गई भूमि का नींव पूजन, विधिवत पूजन और हवन के साथ किया गया

सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंसाराम परिसर में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम मंदिर का पंडित मुकुट बिहारी वाजपेयी द्वारा दान की गई भूमि का नींव पूजन पंडित शिवकुमार अवस्थी और सुबोध अवस्थी द्वारा विधिवत पूजन और हवन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि प्रकाशानन्द सरस्वती, महंत संतोष दास और महंत बजरंगदास और महंत कृष्णचारी ने संबोधित किया। इसी क्रम में बाबा खम्भेश्वर नाथ मंदिर में ब्राह्मण समाज के लोगों ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर उनके चित्र की आरती उतार कर गाजे बाजे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुन्ना शुक्ला विजय शंकर बाजपेयी , संजीव बाजपेई विजय अवस्थी निर्मलेश मिश्रा, बच्चू अवस्थी, पंकज मिश्रा, गोपाल मिश्रा निर्मलेश, राम सागर शुक्ल राजीव बाजपेयी, प्रमोद मिश्रा कमलेश मिश्रा मीनू तिवारी संजीव वाजपेई रवि अवस्थी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

विद्युत विभाग के संविदा कर्मियों ने छटनी के विरोध में दिया ज्ञापन

रेउसा सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गत दिवस विकासखंड व्यवसाय क्षेत्र में संविदा कर्मियों ने चटनी के विरोध में विद्युत विभाग के आल्हा अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा संविदा कर्मचारियों ने सूत्रों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से ये सभी कर्मी विद्युत विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं परंतु विद्युत विभाग ने कुछ संविदा कर्मियों का निकालने का मन बना लिया है। यदि ऐसा हुआ तो भविष्य में सभी संविदा कर्मचारी कार्य का बहिष्कार करेंगे। चटनी का विरोध जताते हुए विद्युत केंद्र उषा के सभी संविदा कर्मचारियों ने उपखंड व्यवसाय के अधिकारियों के साथ-साथ जिले के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संजय बाजपेई, सुखविंदर सिंह, अनुराग वर्मा, संतोष कुमार, रोहित कुमार, जयशंकर पांडे, जितेंद्र सिंह,अरविंद कुमार यादव, नसरुद्दीन सुनील कुमार सिंह , विक्रम सिंह, अखिलेश, जितेंद्र, शिवम, शैलेंद्र, शिवराज वर्मा, प्रिंस , अखिलेश आदि संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

अखिलेश यादव की तस्वीर डॉ अंबेडकर के साथ जोड़ने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

वाराणसी। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव की तस्वीर को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के साथ जोड़ने को लेकर सियासत गरमा गई है। प्रदेश भर में भाजपा कार्यकर्ता इसे लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को वाराणसी कचहरी स्थित अंबेडकर पार्क में भाजपा की जिला एवं महानगर इकाइयों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने 'बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' जैसे नारों के साथ सपा प्रमुख के खिलाफ रोष जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबा साहेब के चित्र के बराबर अपनी तस्वीर लगाना न केवल राजनीतिक अहंकार का प्रदर्शन है, बल्कि यह दलित समाज की भावनाओं के साथ गंभीर खिलवाड़ है। प्रदर्शन के दौरान राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। प्रदर्शन में भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा कि अखिलेश यादव का उद्देश्य बाबा साहेब के प्रति सम्मान नहीं, बल्कि दलित समाज को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करना है। यह कृत्य निंदनीय है। भाजपा के वाराणसी जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव पहले भी डॉ. अंबेडकर के नाम से जुड़े कई संस्थानों से उनका नाम हटवा चुके हैं और अब उनकी छवि से राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने इसे 'राजनीतिक धोखा' करार देते हुए अखिलेश यादव से सार्वजनिक माफी की मांग की। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का संचालन जगदीश त्रिपाठी ने किया, जबकि संयोजन एडवोकेट अशोक कुमार जाटव ने संभाला। प्रदर्शन में वाराणसी जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, चंद्रशेखर उपाध्याय, आलोक श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा, आत्मा विशेश्वर, मधुकर चित्रांश, काशी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, प्रवीण सिंह गौतम, अखंड सिंह, संजय सोनकर, राजेश राजभर, अरविंद पटेल, साधना वेदांती आदि शामिल रहे।

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा निकाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर परशुराम शोभा यात्रा समिति के नेतृत्व में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में हजारो की संख्या में चौपहिया व दोपहिया वाहनों पर सवार होकर लोग शहर के सरोजनी वाटिका पर परशुराम चौक पर एकत्रित होकर शोभा यात्रा शुरु हुई जोकि शहर के विभिन्न मार्गों से होकर पुनः वही पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। शोभा यात्रा के दौरान पूरा वातावरण जय परशुराम जय परशुराम के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम संजोयक यतींद्र अवस्थी ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णुजी के छठे अवतार हैं। वह सर्व समाज के आराध्य हैं। यह यात्रा इसी उद्देश्य को पूरा कर रही है। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के अध्यक्ष विकास हिंदू ने कहा कि हिंदू समाज की एकजुटता बहुत जरूरी है। अभी पहलगाम की घटना में देखने को मिला कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर लोगों को गोली मारी। अगर अब भी एक जुट नहीं हुए तो कब होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनींद्र अवस्थी ने कहा कि यह यात्रा समस्त हिंदू समाज को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से निकाली गई है। इसमें सहयोग करने वाले सभी हिंदू भाई बधाई व धन्यवाद के पात्र हैं। समय की मांग भी यही है कि हम सब एकजुट रहें। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने सभी हिंदुओं का अह्वान करते हुए एकजुट होने के लिए कहा। उन्होंने कहा अगर हिंदू समाज की भलाई चाहते हैं तो संगठित हो जाएं। विशंभर तिवारी ने कहा कि हमसभी का जन्म हिंदू समाज में हुआ है। हिंदू देशहित में हमेशा से काम करता रहा है। देश हित इसी में है कि हमसब आपसी भेदभाव को भूलें और एकजुट हो जाएं यह यात्रा इसी बात का संदेश दे रही है।

पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी ने कहा कि यात्रा को सफल बनाने में सभी का सहयोग सराहनीय रहा। अमित बाजपेई मीतू ने कहा कि यात्रा सनातन धर्म की एकजुटता दर्शाती है। इससे हिंदू एक्जाई हुआ।

राहुल मिश्रा ने कहा कि सभी वर्गों साथ इस यात्रा में रहा हमें सभी का आभार व्यक्त करते है।

इस मौके पर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, राज्य मंत्री सुरेश राही, राज्य मंत्री गिरीश मिश्रा, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, विधायक ज्ञान तिवारी, पूर्व विधायक महेंद्र यादव, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, नमिंद्र अवस्थी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रेम त्रिपाठी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख वीरू मिश्रा, सुधाकर शुक्ला, नैमिष तिवारी, कमल नयन आर्या, नीरज अग्रवाल, अजय गुप्ता, राहुल जायसवाल, प्रदीप शुक्ला, प्रभात अग्निहोत्री, रत्नेश द्विवेदी, विवेक हिंदू , मयंक गुप्ता, निर्भय द्विवेदी, आकाश राय, बलराम अवस्थी, आकाश मिश्रा आदि हजारों लोग उपस्थित रहे।

अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी हुआ सामान व अवैध शस्त्र बरामद

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला के निकट पर्यवेक्षण में थाना रेउसा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त अंगू उर्फ बिहारी पुत्र मिश्रीलाल नि.सधुवापुर मजरा रमुवापुर कालिकासिंह थाना रेउसा जनपद सीतापुर को चोरी हुए एक अदद सोलर पैनल एवम् एक कढ़ाई तथा 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा बरामद सोलर पैनल व कढ़ाई, ग्राम सेवता में एक मकान की छत से चोरी किये थे। घटना के संबंध में थाना रेउसा पर मु.अ.सं. 72/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना रेउसा मु0अ0सं0 181/25 धारा 25(1- उ) इ इएट्ठ पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

कबरा में विकास की बह रही डोर तो क्यों आंसू बहा रहे वर्षों से नल रिबोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पहला सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार का सपना है कि हर घर पहुंचे जल इसी को देखते हुए लाखों रुपए खर्च करके नल रिबोर करवाएं जा सकें और सभी ग्रामीणों को जल मिशन योजना के अंतर्गत सुविधा मिले और पिछड़ें ग्रामीण इलाकों को भी स्मार्ट गांव बनाने का प्रयास जारी हैं। इसी को देखते हुए सरकार के द्वारा ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को लेकर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन धरातल पर गांव को स्मार्ट गांव बनवाने के बजाय गांव के मुखिया ही सरकारी धनराशि को बंदर बांट करके तिजोरियों में भरने का काम कर रहे हैं।पूरा मामला पहला ब्लाक के कबरा का है जहां पर कागज़ों पर भले ही कोरम पूरा कर दिया गया हो लेकिन धरातल पर कार्य विपरीत दिखाई दे रहे हैं। कबरा ग्राम पंचायत में नल रिबोर कार्यों में बहुत ही धांधली देखने को मिल रही है। ग्रामीणों के अनुसार दर्जनों हैंडपंप वर्षों से आज भी खराब पड़े हैं। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि हमने 1076 टोल फ्री पर भी नल रिबोर ना करवाए जाने की शिकायत दर्ज करवाई है। सूत्रों की मानें तो इस ग्राम पंचायत में मिट्टी पटाई भाड़ा 37 हजार रुपए ग्राम प्रधान ने अपने ही सगे संबंधियों के खाते पर फर्जी तरीके से भुगतान करवाया लिया यही नहीं तालाब में पानी भरवाने के नाम पर भी अपने भाई समेत अपने चहेतों के खाते पर भुगतान करवाया है। मजदूरी भुगतान,नल रिबोर, मिट्टी पटाई भाड़ा, लाइट जैसे कार्यों के साथ मनरेगा योजना जैसे कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है।इस ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के लिए दी गई धनराशि को बंदर बांट करके तिजोरियों में भरने का काम किया जा रहा है। मजदूरी भुगतान,नल रिबोर,नल मरम्मत कार्य को धरातल पर कम भ्रष्टाचार के चलते प्रधान की तिजोरी में ज्यादा पहुंचाया गया है। ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार को खंड विकास अधिकारी की सुस्ती मानें या फिर कमीशन खोरी जिसके चलते सरकारी धनराशि में हो रही हेराफ़ेरी जिला स्तरीय अधिकारियों का भ्रष्टाचारियों पर चलेगा कार्य वाही का हंटर या फिर इसी तरह भ्रष्टाचारियों में होता रहेगा बंदरबांट।।

तहसील परिसर में दलालों की कोई जगह नहीं : तहसीलदार सदर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भू-माफियाओं की गतिविधियों पर कड़ी नजर, अवैध खनन पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश

सीतापुर । तहसील सदर के तहसीलदार अतुलसेन सिंह ने आज प्रशासनिक सख्ती का संकेत देते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि तहसील परिसर को दलाल-मुक्त बनाया जाएगा और किसी भी प्रकार की दलाली, हस्तक्षेप या आम जनता को गुमराह करने की कोशिश को सख्ती से रोका जाएगा।

श्री सिंह ने कहा कि तहसील परिसर में बार-बार यह देखने में आ रहा है कि कुछ स्वार्थी तत्व खुद को बिचौलिया या एजेंट के रूप में प्रस्तुत कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं और शासकीय कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में तत्काल कार्यवाही की जाएगी। तहसीलदार ने यह भी निर्देशित किया कि तहसील क्षेत्र में भू-माफियाओं की हर गतिविधि पर सतर्क निगरानी रखी जाए। यदि कहीं पर भी अवैध खनन की सूचना प्राप्त होती है तो उसमें संलिप्त व्यक्तियों को भू-माफिया घोषित कर उनके खिलाफ राजस्व एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु राजस्व निरीक्षकों, कानूनगो, लेखपालों एवं अन्य राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहें और किसी भी अवैध कार्य, विशेषकर भूमि कब्जा, फर्जी दाखिल-खारिज या अनाधिकृत निर्माण की सूचना पर तुरंत संज्ञान लें।

श्री अतुलसेन सिंह ने आम जनता से भी अपील की कि वे किसी भी कार्य हेतु दलालों की मदद न लें और सीधे कार्यालय में उपस्थित होकर अपना कार्य कराएं। यदि किसी प्रकार की दलाली, भ्रष्टाचार या अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल तहसील कार्यालय या संबंधित उच्चाधिकारी को सूचित करें। प्रशासन की यह पहल पारदर्शी, जवाबदेह और जन-हितकारी तंत्र को सशक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

परशुराम भगवान की निकली भव्य शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पावन पर्व अक्षय तृतीया भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा व सर्व समाज संगम सभा ट्ट4 के द्वारा सीतापुर में भगवान परशुराम चौक पर स्थित भगवान परशुराम मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम परशुराम भक्तों के द्वारा सुबह 9 बजे मंदिर में एकत्र होकर भगवान का पूजन अर्चन किया गया फिर भगवान से आशीर्वाद लेकर सब भक्तों द्वारा परशुराम चौक से तरण ताल होते हुए जीआईसी, जीआईसी से लालबाग, लालबाग से आंख अस्पताल होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो वापस परशुराम चौक पर समाप्त हुई, शोभा यात्रा में सबसे पहले परशुराम भक्त पैदल ही चलकर जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे उसके पीछे दो पहिया वाहन और फिर चार पहिया वाहन शामिल रहे हजारों की संख्या में भक्तों के द्वारा जय भगवान परशुराम जी के नारे लगाए गए और पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया, डी0जे0 और भागड़े की धुन पर परशुराम भक्त नारे लगाते हुए भगवान का जय उदघोष कर रहे थे, सबसे पहले हवन पूजन किया गया उसके पश्चात शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकाली गई फिर आये हुए अतिथियों और समाज सेवीयों का सम्मान किया गया, उसके बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जो शाम तक चलता रहा और परशुराम भक्त परशुराम चौक पर भक्ति में लीन रहे, इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश शुक्ला भाई साहब, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा अवस्थी जी, दादा मुनीन्द्र अवस्थी जी, श्री नमींन्द्र अवस्थी जी,श्री राज अवस्थी जी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि खैराबाद श्री अभिषेक गुप्ता बबलू भाई साहब, तपो धाम योगी बड़ा आश्रम महंत श्री तेजनाथ जी, संपूर्ण नर्मदेश्वर परिवार, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री हरि नामबाबू मिश्रा जी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष दादा श्री विजय अवस्थी जी, महासचिव दिनेश त्रिपाठी जी, एडवोकेट विमल मोहन मिश्रा जी, सपना त्रिपाठी जी, प्रमिला बंसल जी, एडवोकेट सविता जी, एडवोकेट शिवनाथ मिश्रा जी, एडवोकेट अम्बरीष शुक्ला जी, एडवोकेट आशुतोष शुक्ला जी, एडवोकेट सुरेश चंद्र पाण्डेय जी, अधिवक्ता मंजुल पाण्डेय जी, एडवोकेट बी0के0 पाण्डेय जी राम नरेश मिश्रा, एडवोकेट रत्नेश द्विवेदी जी, एडवोकेट दिनेश शुक्ला जी, पूर्व अध्यक्ष हरीश त्रिपाठी चाचा जी पूर्व अध्यक्ष आशीष मिश्रा जी,दादा श्री स्वामी दयाल मिश्रा जी, पूर्व अध्यक्ष भाजपा श्री अचिन मल्होत्रा जी समाज सेवी सागर गुप्ता जी, नगर अध्यक्ष 1 राजन गुप्ता जी, नगर अध्यक्ष 2 पंकज पाण्डेय प्रभात जी, करणी सेवा के ठाकुर मनोज सिंह, प्रधान समर सिंह राणा, अंबुज शुक्ला जी, सहज गुप्ता जी, मंडल अध्यक्ष रामकोट अमित दीक्षित जी, सोनू भैया, जिला पंचायत सदस्य मनोज तिवारी जी, दिवाकर प्रधान जी, हरिओम मिश्रा राजेंद्र जी, कन्हैया मिश्रा, समाजसेवी धर्मेंद्र शर्मा जी सुमित शर्मा जी परीक्षित त्रिपाठी जी कौस्तूभ त्रिपाठी जी, धर्मगुरु आशीष शास्त्री जी समाजसेवी अनुप खेतन जी महंत बड़ा बिहारी मंदिर श्री कृष्णाचारि जी सीतापुर के सम्मानित सभासदगणों की उपस्थिति प्रार्थना रही सभी अपने बंधुओं का श्री रामनामी पटा पहनाकर, भगवान परशुराम का स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया, सभी भक्तों ने प्रसाद के रूप में भंडारा ग्रहण किया, कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट श्री राम कुमार मिश्रा जी व एडवोकेट विनोद त्रिपाठी जी के द्वारा किया गया इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा व सर्व समाज संगम सभा ट्ट4 की संयुक्त टीम के अध्यक्ष सभासद श्री धीरज पाण्डेय जी, आलोक रस्तोगी जी, धीरेंद्र मिश्रा जी, अंशुल पाण्डेय जी, हर्षित त्रिपाठी जी, सनी पंडित जी, उत्सव तिवारी जी, अभय त्रिपाठी जी आकर्ष तिवारी जी, आदित्य शर्मा,वंश सक्सेना, रितेश दुबे,लकी शुक्ला,ललित मिश्रा,अनिरुद्ध शुक्ला, आनंद शुक्ला,अंकुर बाजपेई, अमित पाण्डेय, पार्थ तिवारी उपस्थित रहे।

परशुराम शोभायात्रा हिंदू समाज की एकजुटता का संदेश : अभिषेक गुप्ता

नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि विभिन्न समाज के हजारों लोग इस यात्रा में शामिल हुए है। सफल आयोजन के लिए भाई धीरज पांडेय जी व उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं यह सनातन हिंदू समाज की एकजुटता और अखंडता का संदेश देनी वाली यात्रा है। भगवान परशुराम सभी सनातनियों के आराध्य हैं।

सुशासन कल्पना नहीं, एक जीवंत सच्चाई है: कीर्ति वर्धन सिंह

कुशीनगर मे डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का उद्घाटन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। भारत सरकार के केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि इतिहास और अध्यात्म की दृष्टि से समृद्ध भूमि तथागत बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल कुशीनगर में डाकघर पासपोर्ट केन्द्र खुलना महज एक उपलब्धि नहीं है,यह एक नए भारत के उस विजन को दर्शाता है जहां पर सुशासन एक कल्पना मात्र नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए एक जीवंत सच्चाई है।उन्होंने कहा कि कुशीनगर में पीओपीएसके की स्थापना इसकी सांस्कृतिक आदान-प्रदान और तीर्थयात्रा की समृद्ध बिरासत को भारत की आधुनिक वैश्विक आकांक्षाओं से जोड़ती है तथा पूरे विश्व को अपने में समाहित करने की हमारी परंपरा को प्रतिबिंबित करती है।

केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह बुधवार को कुशीनगर में थे। वे रवीन्द्रनगर जिला मुख्यालय स्थित डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि पहले लम्बे समय तक पासपोर्ट प्राप्त करना अपने आप में एक यात्रा करने जैसा था लेकिन आज, कुशीनगर का कोई भी किसान, मजदूर या छात्र अपनी एक दिन की मजदूरी या मानसिक शांति को गंवाए बिना इन सेवाओं का लाभ ले सकता है। मंत्री ने विदेश मंत्रालय और डाक विभाग के बीच की इस महत्वपूर्ण साझेदारी को 'जनकल्याण के लिए सरकार के दो अंगों के एकजुट होने का जीता जागता उदाहरण' बताते हुए कहा कि, भारतीय डाक के विशाल नेटवर्क का लाभ उठाते हुए डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों ने डाकघरों को आधुनिक सुशासन के केंद्रों में परिवर्तित कर दिया है।

एम-पासपोर्ट सेवा ऐप, कागज रहित दस्तावेजों के लिए डिजिलॉकर के साथ और अप्लाई फ्रॉम एनीव्हेयर योजना जैसी नवीन सुविधाओं ने पासपोर्ट प्राप्त करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाया है, जोकि इस सेवा के लोगों की जरूरतों के अनुरूप डालने के नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होने कहा कि पीओपीएसके विदेश मंत्रालय और डाक विभाग के बीच साझेदारी का परिणाम है जिसका उद्देश्य पासपोर्ट सेवाओं को शहरी केंद्रों की सीमाओं से निकालकर आम नागरिकों तक पहुंचाना है। 37 पासपोर्ट कार्यालयों के अंतर्गत कुल 450 पीओपीएसके एवं 93 पासपोर्ट सेवा केंद्रों के साथ अब देशभर में 543 पासपोर्ट सर्विस पॉइंट्स का नेटवर्क है, जिसमें से क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ के क्षेत्राधिकार में कुल 4 पासपोर्ट सेवा केंद्र एवं 33 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र संचालित होते हैं।

कुशीनगर का यह पीओपीएमके क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के अंतर्गत 33वाँ डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र है।अंत में कहा कि, मोदी सरकार में बिना भेदभाव के विकास योजनाएं और सुविधाएं आम आदमी के दरवाजे तक पहुंच रही हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डा. चंद्र शेखर पेम्मासानी ने कहा कि, आज हम जो विकास का नया दौर देख रहे हैं, यह केवल तकनीक सोच का नतीजा है । संयुक्त संसदीय कमेटी के चेयरमैन जगदंबिका पाल ने कहा कि, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर से उड़ान सेवा शुरु करने को लेकर पहल करूंगा। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य आरपीएन सिंह, कुशीनगर सांसद कुशीनगर विजय कुमार दूबे, सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी आदि ने भी संबोधित किया।

जिलाधिकारी के आदेश पर जर्जर मकान किया गया ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बछरावां,रायबरेली। बीते दिवस बाईपास रास्ते पर सकरा मार्ग होने के चलते एक अनियंत्रित ट्रक एक मकान में घुस गया था, जिसमें संचालित हो रही कांच की दुकान समेत मकान क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसको दृष्टिगत रखते हुए भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो जिसके तहत जिला अधिकारी के आदेश पर बुधवार को उस मकान को ध्वस्त करा दिया गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की बीते 27 अप्रैल रविवार की रात बछरावां कस्बे से शिवगढ़ मार्ग पर जाने के लिए बने हुए बाईपास पर एक ट्रक एक मकान में घुस गया था जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। मकान के क्षतिग्रस्त होने के बाद भविष्य में अग्रिम हादसे को दृष्टिगत रखते हुए जिला अधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर के निर्देशन में तहसीलदार महाराजगंज मंजुला मिश्रा की अगुवाई में एक राजस्व टीम का गठन किया गया। जिसने मौकाए घटना स्थल पर पहुंचकर मौजूद राजस्व टीम एवं लोक निर्माण विभाग की एई अनीता ने क्षतिग्रस्त मकान को ध्वस्त करा दिया। इस मौके पर राजस्व विभाग की समस्त टीम एवं बछरावां थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी व स्थानीय थाने की पुलिस टीम मौजूद रही।

भाजपा नेताओं ने काली पट्टी बांध कर सपा के विरोध में किया धरना–प्रदर्शन

कहा सपा के लोग बार- बार बाबा साहेब का करते है अपमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मेहता पार्क में जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह के नेतृत्व में काली पट्टी बांध कर, सपा लोहिया वाहिनी द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर के चित्र से खिलवाड़ कर सपा मुखिया अखिलेश यादव को बाबा साहेब के बराबर दिखाने का विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के द्वारा बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर के चित्र को आधा काटकर आधा फोटो अखिलेश यादव की लगाकर अखिलेश यादव को बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर के बराबर दिखाकर बाबासाहेब को अपमानित करने का घृणित काम किया है।

अखिलेश यादव को शर्म नहीं आ रही है वो संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की बराबरी का दर्ज़ा पाना चाहते हैं । इस कृत्य के लिए समाजवादी पार्टी की जितनी निंदा की जाए कम है ।इस कृत्य के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सार्वजनिक रूप से पूरे भारत के देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने पिता को अपमानित किया अपने चाचा का अपमान किया।

ऐसे लोगों से किसी के सम्मान की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। सपा के गुण्डों ने पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती को गेस्ट हाउस में किस प्रकार अपमानित किया था उस गेस्ट हाउस कांड को पूरे देश की जनता अबतक भूली नहीं है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश मिश्रा गुड्डू, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा घनश्याम पटेल , पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयनाथ सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण पाल ,प्रेम प्रकाश राय, पूर्व विधायक राम दर्शन यादव ,विजय सोनकर जोहन सोनकर, नन्हकूराम सरोज, सुक्खूराम भारती, तीजा राम, सौदागर भारती, सचिदानंद सिंह, डा अशोक सिंह, प्रवीण सिंह लक्ष्मण मौर्या, हरेंद्र चौहान दुर्गा प्रसाद अस्थाना , डा श्याम नारायण सिंह , पवन सिंह मुन्ना, विभा बर्नवाल, आनन्द सिंह,राकेश सिंह, विनय प्रकाश गुप्ता, मृगांक शेखर सिन्हा, दिवाकर सिंह, राजीव शुक्ला विवेक निषाद, अभिनव श्रीवास्तव योगेन्द्र यादव पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बसडीला पाण्डेय में अंत्येष्टि स्थल के साथ लगेगा आरओ प्लांट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। विकासखण्ड तमकुही के ग्रामपंचायत बसडीला पाण्डेय में बुद्धवार को रामजानकी मन्दिर से सटे उत्तर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि वशिष्ठ उर्फ गुड्डू राय के कर कमलों द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के बीच नींव में ईंट रखकर अंत्येष्टिस्थल की आधारशिला रखी गयी।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भविष्य में ग्रामीणों के समक्ष आने वाली इस विकट समस्या के समाधान के लिये सरकार पहले से ही सजग है और इसी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक गाँवों में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण करा रही है।उन्होंने जनहित का ध्यान रखते हुए ग्रामीणों की माँग एवं विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा की संस्तुति पर बसडीला बाजार में शुद्ध पेयजल के लिए आरओ प्लांट व श्री रामजानकी मन्दिर परिसर में हाईमास्ट लाइट लगवाने की घोषणा की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामपंचायत बसडीला पाण्डेय में रामजानकी मन्दिर के उत्तर तरफ कुरमौटा की ओर जाने वाले मार्ग पर मृतकों के अंत्येष्टि के लिये ग्रामसभा की जमीन पर आधारशिला रखने के साथ ही निर्माण कार्य शुरू हुआ।विदित हो कि काफी समय से इसी स्थल पर मृतकों का दाह संस्कार होता चला आ रहा है।यहाँ दाह संस्कार के बाद ग्रामीण सटे दक्षिण मन्दिर के जलपम्प पर स्नान करके घरों को जाते हैं।भविष्य में ग्रामीणों के समक्ष आने वाले समस्या को देखते हुए ग्रामप्रधान डा0 सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा अथक प्रयास करके शासन से बसडीला पाण्डेय में अंत्येष्टिस्थल निर्माण की स्वीकृति प्रदान करायी।बुद्धवार को मंत्रोच्चार के बीच सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में वशिष्ठ राय ने निर्माण के लिये खोदे गये नींव में ईंट रखकर शवदाहगृह की आधारशिला रखी।इस सम्बन्ध में ग्रामप्रधान प्रतिनिधि डा0 सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि अंत्येष्टिस्थल पर लकड़ी के भंडारण हेतु एक घर,अंत्येष्टि के समय उपस्थित ग्रामीणों के लिए एक विश्राम कक्ष,दो शवदाह गृह तथा एक शौचालय निर्माण के साथ ही शुद्धिकरण हेतु ग्रामीणों को स्नान करने व शुद्ध पेयजल के लिए जलपम्प भी गड़ेगा। इस अवसर पर खण्डविकास अधिकारी अनिल कुमार राय, ऐनुल्लाह अंसारी,महेन्द्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत सफल बनाये जाने हेतु बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन मे 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समस्त उपजिलाधिकारी व समस्त तहसीलदार के न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा की गयी।

बैठक में अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक में पिछलें लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा किये। बैठक में समस्त अधिकारियों को तहसील-परिसर में ई-रिक्शा के माध्यम से लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से जारी दिशा-निर्देश के अनुक्रम में तहसीलों में पर्याप्त संख्या में विधिक शिविरों के आयोजन के सम्बन्ध में वार्ता की गयी। इसके अतिरिक्त समस्त उपजिलाधिकारीगण से तहसीलों में लीगल एड क्लीनिक संचालित किये जाने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्रप्रकाश गौतम, उपजिलाधिकारी ऊँचाहार सिद्धार्थ चौधरी, उपजिलाधिकारी डलमऊ रजितराम गुप्ता उपजिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव तहसीलदार लालगंज ध्रुव नरायण यादव, तहसीलदार ऊँचाहार अकांक्षा दीक्षित, तहसीलदार सलोन दीपिका सिंह, तहसीलदार डलमऊ उमेश चन्द्र व नायब तहसीलदार सदर मंजरी सिंह उपस्थित रही।

बुद्ध ईका कुशीनगर में माशिसं शर्मा गुट की हुई बैठक में हुई अधिकारों पर चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। बुद्ध इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की जिला कमेटी की हुई बैठक में नई पेंशन नीति (एनपीएस) को पुरानी पेंशन (ओपीएस) में बदलने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल कुमार दूबे ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षक हितों के लिए संघ का संघर्ष जारी रहेगा। शिक्षकों को लेकर बहुत सारे संगठन काम कर रहे हैं लेकिन शर्मा गुट वास्तविक संगठन है जो धरातल पर उतर कर शिक्षक हितों के लिए लड़ रहा है। आप सभी शिक्षकों के हक, सम्मान के लिए एकजुट हों अपनी आवाज बुलंद करें। जिला कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कोष में पारदर्शिता बरतने और नया खाता खोलने पर चर्चा की। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जिन विद्यालयों में शर्मा गुट की इकाई नहीं है वहां की इकाई अविलंब गठित किया जाय। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार उपाध्याय ने सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। संचालन जिला मंत्री गोविंद वर्मा ने किया। इस दौरान धर्मेन्द्र तिवारी, आय व्यय निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह, राम सिमरन मौर्य, समरजीत, गजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, मदन सिंह सहित आदि संगठन से जुड़े पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

तुर्कपट्टी पुलिस की बर्बरता : दो भाइयों को पीटा, घर की महिलाओं को भी चोट

राजापाकड़/कुशीनगर । तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के ग्रामसभा रुदवलिया में दो भाईयों के बीच हुई कहासुनी के बाद पुलिस की बर्बरता का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुलिस ने दोनों भाइयों को केवल पीटा ही नहीं, बल्कि थाने ले जाकर भी लाठियों से पिटाई की। इस दौरान एक युवक का पैर टूट गया और दूसरे की आँख में गंभीर चोट आई। पीड़ित परिवार के अनुसार पुलिस ने घर की महिलाओं को भी धक्का देकर घायल किया, जब वे युवकों को छुड़ाने के लिए पहुंची थीं।घटना के बारे में पत्रकारों से बात करते हुए वायरल वीडियो में पीड़ित दीपक मिश्र (30 वर्ष) ने कहा है कि सोमवार को उनके तीन भाईयों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद दूसरे भाई के बेटे ने डायल 112 पर शिकायत की। पुलिस मौके पर पहुंची और बिना किसी विवेक के कार्रवाई करते हुए, उनके साथ मारपीट की। दीपक मिश्र ने यह भी बताया कि परिवार में तिलक समारोह था और जिस युवक का पैर टूटा है, उसे इस घटना के कारण गंभीर मानसिक आघात भी पहुंचा है। एसएचओ राज प्रकाश सिंह ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था और सभी को शांतिभंग के तहत चालान किया गया। यह घटना पुलिस की निरंकुशता और बर्बरता का स्पष्ट उदाहरण है, जो आम जनता के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा करती है कि क्या कानून का पालन करने वालों के द्वारा इस तरह की हिंसा उचित है।

बुजुर्ग को जिंदा जलाकर हत्या करने के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़। जनपद के थाना देवगांव पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जयप्रकाश उर्फ मुन्ना विश्वकर्मा और उनके पुत्र किशन के रूप में हुई है, दोनों ग्राम श्रीकान्तपुर (कसड़े), थाना देवगांव, आजमगढ़ के निवासी हैं। पुलिस ने बताया की 29 अप्रैल को सुदामा देवी, पत्नी रामकरन विश्वकर्मा ने थाना देवगांव में एक प्रार्थना पत्र दाखिल किया। इसमें बताया गया कि रास्ते के पुराने विवाद के चलते अभियुक्तों ने उनके पति रामकरन विश्वकर्मा पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसे रामकरन को पहले टिकरगाढ़ लालगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें सदर अस्पताल जौनपुर रेफर किया गया। जौनपुर में इलाज के दौरान रामकरन की मृत्यु हो गई। इस प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना देवगांव में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक विमल प्रकाश राय कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक विमल प्रकाश राय अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर उन्होंने अभियुक्त जयप्रकाश उर्फ मुन्ना विश्वकर्मा और किशन को श्रीकान्तपुर गेट के पास से हिरासत में लिया। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विमल प्रकाश राय और उनकी सहयोगी पुलिस टीम शामिल थी।

तमसा नदी के किनारे फेंकी मिली दोनों नवजात बच्चियां, मौत

आजमगढ़। शहर के डीएवी कॉलेज के पास तमसा नदी के बांध किनारे एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जहाँ किसी ने दो नवजात बच्चियों को झोले में भरकर झाड़ियों में फेंक दिया। बच्चियों के रोने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों नवजातों को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन धूप और गर्मी के कारण उनकी हालत बिगड़ गई थी। उपचार के दौरान दोनों बच्चियों की मौत हो गई। डीएवी कॉलेज के पास बांध पर टहल रहे लोगों ने झाड़ियों से नवजातों के रोने की आवाज सुनी। पास जाकर देखने पर झोले में दो नवजात बच्चियां मिलीं। सूचना पर ब्रह्मस्थान चौकी प्रभारी विजय कुमार सहाय मौके पर पहुंचे और बच्चियों को तत्काल जिला महिला अस्पताल ले जाया गया। जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों बच्चियों को जन्म के कुछ घंटे बाद ही फेंक दिया गया था। लंबे समय तक धूप में रहने से उनकी हालत गंभीर हो गई थी। चाइल्ड केयर को सूचना देने के बाद बच्चियों का उपचार शुरू किया गया, लेकिन शाम तक एक बच्ची की मौत हो गई। दूसरी बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे रेफर किया गया, लेकिन कुछ देर बाद उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों नवजातों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

बीआईसी में लगा टीकाकरण शिविर, रेडियो प्रज्ञा की जागरूकता पहल की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पड़रौना, कुशीनगर। स्वास्थ्य विभाग एवं रेडियो प्रज्ञा के संयुक्त प्रयास से सोमवार को भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज, पड़रौना में एक दिवसीय टीकाकरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को संक्रामक रोगों से सुरक्षित करना तथा समाज में टीकाकरण को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना था। इस विशेष अभियान का उद्घाटन जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मुकेश यादव* ने किया।

अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने रेडियो प्रज्ञा की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि, ''मीडिया की भागीदारी, विशेषकर रेडियो जैसे माध्यमों की सकारात्मक पहल, समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी है।''उन्होंने कहा कि रेडियो प्रज्ञा का 'सेहत सही लाभ' कार्यक्रम ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में टीकाकरण को लेकर जागरूकता फैलाने में अहम योगदान दे रहा है।शिविर के दौरान कक्षा 5वीं और 10वीं के विद्यार्थियों को टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का संयुक्त टीका* लगाया गया। टीकाकरण प्रक्रिया में स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीम ने सहभागिता निभाई। इस टीम में *मंजू देवी (ऋएक्च), उक्ङ्ड सुमित श्रीवास्तव और प्रमोद कुमार, यूनिसेफ से रेनू, इगख्न संजू, बविता वर्मा, काजल गुप्ता, आशा ममता मिश्रा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीरा देवी और उर्मिला पांडेय शामिल रहीं। विद्यालय की। प्रधानाचार्या सरिता सिंह कुशवाहा तथा उप-प्रधानाचार्या विभा सिंह* ने स्वास्थ्य विभाग और रेडियो प्रज्ञा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बच्चों को समय पर टीकाकरण करवाने की अपील भी की।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार से उमाकांत गुप्ता, अशोक पांडेय, डी.एन. राव, सत्रुधन जायसवाल, विशाल शुक्ला और अंकुर मिश्रा सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। रेडियो प्रज्ञा* से तेज नारायण श्रीवास्तव (मैनेजर), आर जे नवनीत, अमान, ऋषांत, खुशी, सृष्टि और शाहिना ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित *अभिभावकों* *शिक्षकों और विद्यार्थियों ने टीकाकरण के इस प्रयास को सराहा और इसे जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम बताया।

सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव में भारी मतों से विजयी हुए एडीवी अवनीश दीक्षित

लखनऊ। लखनऊ सेंट्रल बार एसोसिएशन के 2025 के चुनाव में अखिलेश जायसवाल अध्यक्ष चुने गये हैं, जबकि महामंत्री पद पर अवनीश दीक्षित (हनी दीक्षित) ने जीत दर्ज की है। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद पाल बने हैं। दरअसल, लखनऊ सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव 2025 का मतदान 28 अप्रैल को हुआ था, जबकि मतगणना आज यानी 29 अप्रैल को सुबह 9 बजे शुरू हुई थी और दोपहर बाद रुझान सामने आने लगे थे। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने अखिलेश जायसवाल को 1334 वोट मिले हैं। महामंत्री पद पर विजयी हुये अवनीश दीक्षित ने 1364 वोट प्राप्त किए।

वरिष्ठ जनों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित किया गया शिविर

रायबरेली। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजकुमार सिंह के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आईटीआई कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में वृद्धजनों के लिए विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धाजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

सीएचसी, पीएचसी और स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था हो: जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने अस्पतालों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था में लापरवाही के शिकायतों पर सीएमओ को किया निर्देशित

मरीजों को हो रही असुविधा पर प्रशासन सख्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था में लापरवाही की शिकायतों का जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने त्वरित संज्ञान लिया। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि वे स्वयं सभी स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की व्यव स्था हो।जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पेयजल की उपयुक्त व्यवस्था नहीं है, वहां तत्काल कार्रवाई की जाए और रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत की जाए। नेहा शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन जनसामान्य की मूलभूत आवश्यकता ओं को लेकर संकल्पित है और इस प्रकार की अ व्यवस्था को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम ने कहा कि यदि जनहित से जुड़े मामलों में कोई लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बाबू ईश्वर शरण अस्पताल

जिलाधिकारी ने बाबू ईश्वर शरण अस्पताल प्रशा सन को तीन दिन के भीतर पेयजल की व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में मरीजों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा ना अत्यंत आवश्यक है।साथ ही डीएम ने अधिका रियों को वाटर कूलर की मरम्मत शीघ्र कराने और वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है।

महिला चिकित्सालय

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि अस्पताल परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।साथ ही खरा ब हैंडपंपों को नगर पालिका परिषद के साथ सम न्वय करके जल्द ठीक कराया जाए।जिलाधि कारी ने इस पर अविलंब कार्रवाई करने की हिदायत दी।

नलकूप खण्ड द्वारा 62 तालाबों एवं पोखरों में भरा गया पानी

बहराइच । अधि.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच एवं नानपारा ने बताया कि गर्मी व हीटवेव के दौरान आमजन, पशु-पक्षियों एवं अन्य जीवों किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके दृष्टिगत प्रदेश मुख्यालय से खण्ड बहराइच एवं नानपारा को 31 मई 2025 तक 131 अदद तालाबों एवं पोखरों को भरने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अधि.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच ने बताया कि वर्तमान समय तक 62 अदद तालाबों एवं पोखरों को भरा जा चुका है। शेष को भरे जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। तालाब व पोखरों को भरने के लिए 27 अप्रैल से संचालित हो रही हैं नहरें: दिनेश कुमारबहराइच । अधि.अभि. सरयू नहर खण्ड-5 दिनेश कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में कृषकों को सिंचन सुविधा उपलब्ध कराने तथा आमजन, पशु-पक्षियों एवं अन्य जीवों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जनपद में नहरों द्वारा 90 अद् तालाब पोखर भरने का लक्ष्य है। श्री कुमार ने बताया कि तालाब पोखर भरने हेतु 27 अप्रैल 2025 से नहरों का संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है। आगामी 15 मई 2025 तक लक्ष्य के अनुसार नहरों के द्वारा तालाब पोखर को भर दिया जायेगा।

चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अप राध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अ भियान में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कु मार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर सौ रभ वर्मा के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम के द्वारा दो मोटरसाइकिल चोर पवन कुमार पुत्र स्वर्गीय बदलू,अवधेश कुमार कुलदीप उर्फ सन्टी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की सुपर स्पेलेण्डर मोटरसाईकिल को बरामद किया गया।बताते है कि 28 मार्च को रामखेलावन मौर्य पुत्र रामतेज निवासी ग्राम मझारा थाना वजीरगंजने कोतवाली नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि 27 मार्च वह अपनी सुपर स्पेलेण्डर मोटरसाईकिल से दिवानी न्यायालय गोण्डा काम से गया था।जहां दिवानी न्यायालय के गेट नम्बर-दो से अज्ञात चोरों द्वारा उसकी सुपर स्पेलेण्डर मोटरसाईकिल चोरी कर ली गयी है।वादी की तहरीर के आधार पर को तवाली नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी कृत हुआ।30 अप्रैल को कोतवाली नगर पुलिस ने दोनों शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है।उनके कब्जे से चोरी की सुपर स्पेलेण्डर मोटरसाईकिल को बरामद कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

एसी कोच मैकेनिक की समस्याओं को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ की बैठक

महामंत्री विनोद राय ने कहा रेलवे बोर्ड की 5 6 7 तारीख को बोर्ड के मीटिंग में इस बात को उठाया जाएगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री और सहायक महामंत्री एनएफआईआर विनोद राय एसी कोच मैकेनिक की समस्याओं को लेकर के प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर से कर्मचारियों के साथ मुलाकात किया और कर्मचारियों ने स्वयं अपनी परेशानियों को बताया कर्मचारियों ने बताया की पावर कार और एसी कोच के बीच में जनरल कोच लग जाने के कारण बहुत परेशानी हो रही है अचानक अगर पावर कार में कोई गड़बड़ी हो जाती है या एससी कोच में गड़बड़ी होती है तो अचानक ठीक होने में दिक्कत आएगी।

क्योंकि गाड़ियां जब रुकेगी तभी उतार कर जा पाया जाएगा वैसे इंटरकनेक्ट रहता है तो तुरंत अटेंड किया जाता है महामंत्री विनोद राय ने प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर से बिंदुवार समस्याओं पर बात किया कर्मचारियों को बैठने की जगह भी नहीं रहती है 20 किलो का टोल लेकर के चलना पड़ता है उसके बाद वहां पहुंचने पर गंतव्य स्थान पर खाने के लिए भी व्यवस्था नहीं है शुरू से लास्ट तक जो कर्मचारी जाता है और आता है उसके लिए कोई जगह नहीं है ट्रेन में और जनरल कोच लगाए जाने से कर्मचारी एकदम परेशान हैं अपने मुखिया से बात कह कर के अपनी समस्याओं को अवगत कारण लोग उन्होंने आश्वासन दिया कि यह बात रेलवे बोर्ड को बताई जाएगी और इसका हल निकाला जाएगा उन्होंने कहा कि बोर्ड का आदेश है इस नाते इसको किया गया है लेकिन समस्या को देखते हुए हम लोग बोर्ड को बताने का काम करेंगे महामंत्री विनोद राय ने कहा रेलवे बोर्ड की पी न यम 5 6 7 तारीख को बोर्ड के मीटिंग में इस बात को उठाया जाएगा और समस्या को हल कराया जाएगा महामंत्री विनोद राय के साथ सभी वरिष्ठ पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे ।

देश की सेवा करना चाहती हैं झील श्रीवास्तव

पादरी बाजार , गोरखपुर। क्षेत्र के पूजा नगर , जंगल धूसड़ निवासी प्रधानाध्यापक व पत्रकार विवेक श्रीवास्तव की सुपुत्री झील श्रीवास्तव ने 93.4 फीसदी अंक प्राप्त कर अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है । पूछने पर उन्होंने बताया कि वह आगे चलकर और कठिन परिश्रम करते हुए देश की सेवा करना चाहती है । गौरतलब है क्षेत्र के धर्मपुर स्थित आईसीएसई बोर्ड से संचालित लिटिल फ्लावर स्कूल में अध्ययनरत झील श्रीवास्तव हाई स्कूल की छात्रा है । उन्होंने इसका श्रेय माता पिता व गुरुजनों को दिया है । उसके इस शानदार कामयाबी पर पत्रकारगण रमेश मणि त्रिपाठी,कुंदन उपाध्याय,टीएन दुबे, श्यामलाल चौहान,अमित श्रीवास्तव, अखिलेश त्रिपाठी, सुधीर सिंह,नरसिंह प्रजापति,शत्रुध्न चौहान,ओपी श्रीवास्तव सुनील विश्वकर्मा सहित सैकड़ों शुभचिंतकों ने बधाइयां देते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं किया ।

परशुराम जयंती पर जगह-जगह भंडारे आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जिले में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और उल्लास के सा थ मनाई गई।अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परि षद की ओर से एलबीएस चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया,भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्य क्रम में जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी और जिला संरक्ष क विष्णु प्रताप द्वारा भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई।इसके बाद भं डारे की शुरुआत की गई,जिसमें शहरवासियों समे त आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

जिले भर रही परशुराम जन्मोत्सव की धूम

जिला मुख्यालय के अलावा मनकापुर, करनैलगंज, तरबगंज,मसकनवा और धानेपुर क्षेत्रों में भी भव्य भंडारे और पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। हर जगह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।भंडारे के आयोजन में परिषद के कई वरिष्ठ पदाधिकारी सक्रिय भूमिका में नजर आए।इनमें उमापति त्रिपा ठी देवेश पाठक,विकास पांडेय,राजीव पांडेय, विन य मिश्रा,प्रदीप मिश्रा,दीप नारायण पांडेय,नवीन मिश्रा, जगदंबा प्रसाद पांडेय और नरेंद्र मिश्रा प्रमु ख रूप से मौजूद रहे।

भगवान परशुराम के आदर्शों को याद किया

इस मौके पर जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा- भगवान परशुराम का जीवन हिंदू धर्म की रक्षा औ र सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। पूरे जि ले में उनके जन्मोत्सव को श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है।जिले भर में आयोजनों को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम कि ए गए थे। एलबीएस चौराहे और अन्य प्रमुख स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि आयो जन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

अखिलेश यादव द्वारा बाबा साहब के चित्र से छेड़छाड़ पर भड़के सांसद रवि किशन

अंबेडकर चौराहे पर किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

जब तक अखिलेश यादव और उनकी पार्टी माफी नहीं मांगती, तब तक भाजपा करती रहेगी विरोध: सदर सांसद रवि किशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर को संपादित कर अपना चेहरा जोड़कर प्रचारित करने को लेकर गोरखपुर में भारी नाराजगी देखी गई। सदर सांसद रवि किशन शुक्ला के नेतृत्व में बुधवार को अंबेडकर चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।सांसद रवि किशन ने इस कृत्य को बाबा साहब का अपमान बताया और कहा कि, *''जब तक अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तब तक भारतीय जनता पार्टी इस अपमानजनक कार्य का विरोध करती रहेगी।''*उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ दलित समाज का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र और संविधान निर्माताओं का अपमान है। इस घटना से भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं, गोरखपुर के प्रमुख सामाजिक संगठन भी आक्रोशित हैं।प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के खिलाफ नारेबाजी की और बाबा साहब के विचारों की गरिमा बनाए रखने की शपथ ली। सांसद रवि किशन ने इस मुद्दे को संसद में उठाने की बात भी कही।

अवैध खनन को लेकर छापा ट्रैक्टर-ट्राली लोडर जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर अवैध खनन के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में बीती रात्रि खनन विभाग ए वं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खोड़ारे थाना क्षेत्र अन्तर्गत फरेहना गिन्नी नगर के पास में अवैध मिट्टी खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई।

कार्रवाई का नेतृत्व खनन अधिकारी डॉ.अभय रंज न द्वारा किया गया। पुलिस लाइन से पुलिस बल के साथ डॉ.रंजन देर रात मनकापुर,मसकनवां एवं ब भनान होते हुए खोड़ारे थाना पहुंचे।रात्रि लगभग 12:30 बजे थाने से लगभग पांच किलोमीटर दूर फरेहना क्षेत्र में टीम द्वारा दो वाहनों को खनन कर ते हुए मौके पर पकड़ा गया।मौके से एक ट्रैक्ट र-ट्राली तथा एक लोडर जब्त किया गया।साथ ही दो चालक-हकीमुल्लाह एवं दिलीप कुमार-को भी मौके पर पाया गया।खनन अधिकारी डॉ.अभय रं जन ने बताया कि जब्त वाहनों को विधिक प्रक्रिया के तहत थाने के सुपुर्द कर दिया गया है।आवश्य क विधिक कार्यवाही की जा रही है।उल्लेखनीय है कि बीते एक सप्ताह के भीतर खनन विभाग द्वारा यह पांचवीं बड़ी कार्रवाई है,जिससे यह स्पष्ट होता है कि अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति प्रभावी रूप से लागू की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में ही स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनपद में किसी भी प्रकार की अवै ध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जनपद में खनन से संबंधित समस्त गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है एवं भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

पॉयनियर कोचिंग सेंटर के बच्चों ने सर्वाधिक अंक लाकर किया गौरवान्वित

नानपारा, बहराइच। नगर के पॉयनियर कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के बच्चों ने अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर सेंटर व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। कोचिंग सेंटर के संचालक ने सभी बच्चों को बधाई दी। इसी क्रम में कक्षा 10 और 12 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को कोचिंग सेंटर की संचालक तसनीम आब्दी, प्रबंधक सलीम आब्दी व मेंटर आदिल आब्दी द्वारा मेडल व पुरस्कार देकर उनकी हौसला अफजाई की गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राएं आर्यन पोखर, नाजिया बेगम, अहसान जहीर, जैद अहमद, कामरान असलम, शिफा खान, शहरिस गौसिया, अलीना आफरीन, तुबा अली, तबिंदा फातिमा, सोनू वर्मा तथा इंटरमीडिएट में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राएं लायबा शाकिर, फिरदौस फातिमा, अलशिफा कौसर, महक फातिमा, अमन सिंह, सिदरा खान, तुबा खान, सानिया फातिमा, अनामिका खान, शिफा शेख तथा शीबा रही। पुरस्कार व मेडल पाकर सभी छात्र /छात्राएं प्रसन्न दिखाई दिए और सभी ने अपने आने वाले जीवन में कुछ बड़ा करके कोचिंग तथा अपने परिवार और माता-पिता का नाम रोशन करने का संकल्प लिया ।

नवागन्तुक खण्ड शिक्षा अधिकारी ने की प्रधानाध्यापको संग बैठक

बहराइच। बुधवार को ब्लाक संसाधन केन्द्र तेजवापुर के प्रांगण में विकास खण्ड तजवापुर के समस्त प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापकों की एक बहुत ही महत्वपूर्ण मासिक समीक्षा बैठक का भव्य आयोजन किया गया। नवागन्तुक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुन्दर लाल रावत के द्वारा विभागीय प्राथमिकताओं के आधार पर समस्त कार्य ससमय पूर्ण करने की बात कही गयी । प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा भी शिक्षकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी को सहयोगात्मक रुख अपनाने को कहा ।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आनन्द कुमार पाठक, विजय कुमार उपाध्याय, जय सुख लाल मिश्र, भुवनेश्वर पाठक, अनिल सिंह, नन्द कुमार शुक्ल, मो0सिराजुद्दीन न्यूटन, चन्द्र शेखर नागवंशी, सतीश कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार पाण्डेय, उदयबीर सिंह, सुरेंदर कुमार पांडेय, उत्कर्ष तिवारी सहित सैकड़ो प्रधान शिक्षक उपस्थित रहें। इसकी जानकारी उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार यादव ने दी।

सेंट पीटर्स के नैतिक ने 99.75 प्रतिशत अंक हासिल कर मारी बाजी

नानपारा, बहराइच। आईसीएससी बोर्ड के दसवीं व बारहवीं का परिणाम बुधवार को जारी हुआ जिसमें नगर के सेंट पीटर इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य जोखिम खेश ने बताया कि हाईस्कूल में 154 व इंटरमीडिएट में 89 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी सभी सफल रहे । जिसमे हाईस्कूल में अलीजा 94.2 प्रतिशत, खुशी कौर 93, मोहम्मद जैद 92.6 खुशनुमा 92.2 मरियम 90 प्रतिशत व इंटरमीडिएट में नैतिक श्रीवास्तव 99.75 प्रतिशत, शाश्वत 94 निमिषा 93, दिव्यांश 92, इलमा 91.5 तथा हर्षिता ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। नैतिक के पिता रवि श्रीवास्तव परिषदीय विद्यालय मे शिक्षक है जबकि माता अजूबी श्रीवास्तव गृहणी है। विद्यालय शिक्षक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि हाईस्कूल में 99.2 से उतीर्ण की थी। नैतिक की प्रारंभिक शिक्षा मदर टेरेसा विद्यालय कानपुर से हुई थी प्रारंभिक शिक्षा के बाद माध्यमिक शिक्षा के लिए नैतिक अपने पिता के साथ नानपारा आ गए और यहां सेंटर इंटर कॉलेज से हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। नैतिक के पिता रवि श्रीवास्तव चंदनपुर के बढ़ैया कला में शिक्षक हैं जबकि माता एक गृहणी है।

भारत-नेपाल सीमा पर चिन्हित अवैध कब्ज़ों को हटाने की कार्यवाही में तेजी लाये: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 10 कि.मी. तक सरकारी भूमि को अवैध कब्ज़ों से मुक्त कराये जाने तथा अनाधिकृत रूप से संचालित मदरसों को बन्द कराये जाने के सम्बन्ध में संचालित अभियान की समीक्षा हेतु मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि तहसील नानपारा अन्तर्गत एस.एस.बी. 42वीं बटालियन क्षेत्रान्तर्गत कुल 227 अवैध अतिक्रमण चिन्हित किये गये हैं। जिसमें से 96 अतिक्रमण को हटा दिया है, शेष 131 प्रकरणों में अवैध अतिक्रमण हटवाये जाने की कार्यवाही गतिमान है।तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के अन्तर्गत एस.एस.बी. 59वीं बटालियन क्षेत्रान्तर्गत कुल 157 अवैध अतिक्रमण चिन्हित किये गये हैं। जिसमें से 20 अतिक्रमण को हटा दिया है। प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर ने बताया कि कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग द्वारा 01 अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही की गई है। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के अन्तर्गत कुल चिन्हित 157 अवैध अतिक्रमण के सापेक्ष 21 अतिक्रमण को हटा दिया है, शेष 136 अवैध अतिक्रमणों को हटवाये जाने की कार्यवाही गतिमान है। इस प्रकार जनपद में चिन्हित कुल 384 अवैध अतिक्रमण के सापेक्ष 117 अतिक्रमण को हटा दिया है, शेष 267 अवैध अतिक्रमणों को हटवाये जाने की कार्यवाही राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि भारत नेपाल सीमा के 10 कि.मी. के अन्दर संचालित अनाधिकृत मदरसों की सघन जांच/सत्यापन के दौरान अब तक 05 मदरसों को सीज़ करने की कार्यवाही की गई। श्री मिश्र ने बताया कि जांच के दौरान 03 मान्यता प्राप्त परन्तु अपूर्ण अभिलेख मदरसों को भी पाया गया। डीएम ने अभियान से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में चिन्हित किये गये सभी अवैध अतिक्रमणों को मुक्त कराया जाय। डीएम ने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें जहां की ज़मीन मुक्त हो रही है वहां दोबारा कब्ज़ा न होने पाये। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मौजूद रहे।

तिलहनी फसलों के अपनाने से किसानों की आय में हो रही है बढ़ोत्तरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उत्तर प्रदेश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी लगातार किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उसके लिए प्रदेश सरकार ने किसानों को तिलहन क्षेत्र का दायरा बढ़ाने, किसानों को अधिक उपज के बीज उपलब्ध कराने, समय से सिचाई करने एवं उर्वरक, कीटनाशक दवाओं के वितरण आदि की व्यवस्था की है। प्रदेश सरकार ने तिलहनी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए किसानों को 6.79 लाख तिलहन मिनीकिट निःशुल्क बीज भी वितरित किया है।

तिलहनी फसलों की अधिक उपज के लिए किसानो को प्रशिक्षित भी किया गया है। खाद्य तेल एक ऐसा द्रव्य है जो गरीब की झोपड़ी से ले कर शहरों के बड़े अमीरो तक सब के रसोई का महत्वपूर्ण अंग है। बिना खाद्य तेलो के रसोई का व्यंजन अधूरा होता हैं। खाद्य तेलो में प्रमुखता मूगफली, सोयाबीन, तिल, अरण्डी, तोरिया, सरसों, सूरजमुखी, ताड़ नारियल, आदि हैं।सरसों का तेल उत्तर प्रदेश के निवासियों के रसोई का एक महत्वपूर्ण अंग है। सरसों कृषि उपज की महत्वपूर्ण फसल है। रबी की फसल में इसका प्रमुख स्थान है। तिलहन का देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। कम लागत में और कम सिंचाई के कारण, सरसों की खेती, किसानों में बहुत लोकप्रिय हो रही है। रबी की अन्य फसलों की अपेक्षा सरसों की फसल अधिक आय देने वाली है। सरसों की खेती प्रदेश के किसान मिश्रित रूप से बहुफसली व सिंगल फसली कर रहे हैं। पीली सरसों, तोरिया की तरह कैचक्राप के रूप में खरीफ एवं रबी के मध्य बोई जाती हैं। इसकी खेती करके किसान अतिरिक्त लाभअर्जित कर रहे है। उत्तर प्रदेश की मिट्टी तिलहनी फसलों के लिए उपयुक्त हैं। प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में, परिचमी क्षेत्र, पूर्वांचल क्षेत्र व मध्य क्षेत्र की मिट्टी सरसों, तोरिया, तिल, मूंगफली, तिलहनी आदि फसलों के लिए अच्छी है।

महिला आयोग की सदस्य ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया नरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद पीलीभीत में सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सुनीता सैनी ने विकास खण्ड मरौरी की ग्राम पंचायत खाग सराय में आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया आगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों से बातचीत की गई एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को बच्चों के पोषण पर ध्यान देने हेतू निर्देशित किया गया ऑगनवाडी केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजन पाई गईं, ततपश्चात सदस्या ने गांधी सभागार में त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु गाँधी सभागार में 12.00 बजे जनसुनवाई का आयोजन किया गया जनसुनवाई के दौरान महिला उत्पीड़न से सम्बंधित 07 शिकायतें आई जिसमें दो शिकायतें घरेलू हिंसा, एक ज़मीनी विवाद एवं 1 छेड़ छाड़ से सम्बंधित समस्याओं को सुना पूरनपुर में महिला के साथ हुई मारपीट के प्रकरण में दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु सीओ सिटी को निर्देशित किया ।उपस्थित अधिकारियों को महिला उत्पीड़न से सम्बंधित समस्याओं का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। ततपश्चात सदस्य सुनीता सैनी द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया एवं महिला बन्दियों से वार्ता की गई।सदस्य द्वारा सखी वन स्टॉप सेन्टर पीलीभीत का औचक निरीक्षण किया गया सेन्टर पर रोस्टर के अनुसार सभी स्टॉफ उपस्थित पाया गाया एवं 07 पीडिताएँ थी जिनमे मौके पर 4 पीड़िताएं थी अन्य तीन पीड़िताएं मेडिकल अथवा बयान के लिए गई हुई थी,मा0 सदस्या द्वारा पीड़िताओं बातचीत कर पूछा गया कि उन्हें सेंटर पर किसी प्रकार की समस्या तो नही हो रही पीड़िताओं द्वारा सन्तोषजनक उत्तर दिया गया वन स्टॉप सेंटर की साफ सफाई एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजन पाई गईं। इसी क्रम में जनसुनवाई के दौरान आई एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए मा.सदस्या महोदया द्वारा जिला अस्पताल में रात्रि 2 बजे भर्ती पीड़ित बालिका जो यौनिक हिंसा से पीड़ित थी का मेडिकल कराने हेतु भर्ती की गई लेकिन उसके मेडिकल में डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण हुई लापरवाही को लेकर नाराजगी व्यक्त की एवं सम्बंधित को तत्काल मेडिकल हेतु निर्देशित किया। सदस्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र न्यूरिया का निरीक्षण किया गया जहाँ एक महिला का कल रात ही प्रसव हुआ है वह अपने शिशु के साथ स्वस्थ्य है। अस्पताल में मिल रहे भोजन इत्यादि की गुणवत्ता की जानकारी ली जो संतोषजनक पाई गई एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

गैस रिसाव की आपात स्थिति से निपटने के लिए किया गया माक अभ्यास

कैनविज टाइम्स संवाददातान्यूज

अमेठी,जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देश पर आपदा से बचाव हेतु तहसील मुसाफिरखाना के इंडोरामा फर्टिलाइजर फैक्ट्री में बुधवार को जिला प्रशासन की उपस्थिति मे अमोनिया गैस रिसाव की स्थिति से निपटने की तैयारियों हेतु मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। इंडो रामा कंपनी के आमोनिया स्टोरेज प्लांट से अमोनिया गैस के रिसाव की सूचना मिलने पर तुरंत प्रक्रिया के अंतर्गत कंपनी के कुशल बचाव कर्मियों द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया के अंतर्गत समस्त कार्यवाही की गई जिसके अन्तर्गत गैस रिसाव से प्रभावितों को सुरक्षित निकाल कर अस्पताल भेजना तथा अग्निशमन वाहनों की सहायता से घटना स्थल पर लगातार पानी का छिड़काव करके अमोनिया गैस के रिसाव के प्रभाव को न्यून किया गया, जिसके पश्चात गैस रिसाव वाले वाल्व को ठीक करके स्थिति पर नियंत्रण पाया गया, जिसके बाद प्लांट मे संचालन पुनः आरम्भ किया गया। इस पूरी प्रक्रिया जिला प्रशासन, पुलिस, फायर, होम गार्ड, मेडिकल एवं तहसील प्रशासन के अधिकारी उपस्थिति रहे। इस मौके पर मुसाफिरखाना के उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया, तहसीलदार राहुल सिंह, उपनिदेशक कारखाना आनंद कुमार, आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार, कारखाना प्रबन्धक राजेंद्र सोलंकी, प्रोडक्शन इंचार्ज पंकज पाण्डे सहित सभी अन्य कर्मचारी उपस्थिति रहे। मॉक ड्रिल संपन्न होने के बाद उपजिलाधिकारी द्वारा कंपनी को आसपास के ग्राम सभा में बसे लोगों को आपदा की स्थिति आने पर जानकारी देने एवं बचाव के तरीकों के बारे में प्रचार प्रसार करने के साथ-साथ कम्पनी में प्रयुक्त किये जाने वाले खतरनाक रसायन की सूची जिला प्रशासन एवम तहसील प्रशासन, हॉस्पिटल को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

बाबा पर बाके से किया हमला,मामले में पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। खुटार थाना क्षेत्र के गांव लुकटाह के रहने वाले काशीराम पुत्र महादेव ने वुधवार तीन बजे बताया कि वह शादी समारोह में सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव मढा खुर्द कला में आया था और वह धार्मिक स्थल पर मौजूद बाबा जी से मिलने के लिए पहुंचा तभी एक युवक आकर लुकटाह के बाबा जी को परेशान करने लगा। इस का उन्होंने ने विरोध किया तो उक्त युवक ने बाका मारकर घायल कर दिया। घायल बाबा जी ने मामले में थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

प्रधान व सचिव ने बिना कार्य के निकाला पैमेंट,ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत मल्लपुर खजुरिया के क्षेत्र पंचायत सदस्य महेश कुशवाहा ने वुधवार तीन बजे बताया। कि ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी ने गावों में विकास कार्य नहीं कराया गया, जिसके चलते लोग परेशान हैं। वही प्रधान व सचिव ने भ्रष्टाचार कर ग्राम नीधी से बिना निर्माण कराए रास्ते और नाली निर्माण का पैमेंट निकाल लिया। मामले की शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की थी। जाँच से बचने के लिए ग्राम प्रधान एवं निर्माण कार्य करा रहा है। जानकारी लगते ही शिकायत कर्ता मौके पर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन किया है।

एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद एक दिवसीय दौरे पर क्षेत्र के गांव भगवन्तापुर,टांडा छत्रपति,रुद्रपुर, अभयपुर जमीमा जगतपुर में वुधवार को एक बजे पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए चुनाव में वोट देने और पीलीभीत का सांसद बनाने को लेकर लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप लोगों की बदौलत में अच्छे वोटो से जीतकर पीलीभीत का सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री बना हू। इसलिए आप लोगों की समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने भगवन्तापुर में खेल मैदान, बारात घर, पुलिया व रास्ते सहित आबारा पशुओं की समस्याओं से आवगत कराया। जिसपर सांसद ने सभी की समस्याओं को सुना और जल्द ही समाधान कराने का अश्वासन दिया है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,भाजपा जिला मंत्री अनुराग अग्निहोत्री , ग्राम पंचायत अधिकारी विजय कुमार एवं ग्राम प्रधान आनंद गिरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

गैर इरादतन हत्या और हत्या के प्रयास में चार वर्षो से फरार चल रहा युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना गौरीगंज पुलिस ने गैर इरादतन हत्या एवं हत्या के प्रयास के अभियोग में चार वर्षों से फरार चल रहे युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या और हत्या के मामले में वांछित ध्रुवराज यादव पुत्र जगतपाल यादव निवासी ग्राम सम्भावा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को सेक्टर सत्रह चण्डीगढ़ से गिरफ्तार किया गया। बताते चलें कि बीते वर्ष 2021 की पच्चीस जुलाई को ध्रुवराज के विरुद्ध थाना गौरीगंज पर गैरइरादतन हत्या, हत्या के प्रयास व आपराधिक षडयंत्र रचने आदि विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था तभी से ध्रुवराज लगातार फरार चल रहा था। बीती एक मई 2023 को एनबीडब्लू प्राप्त किया गया था गिरफ्तारी न होने पर पन्द्रह जुलाई 2023 को कुर्की का आदेश प्राप्त हुआ था। सत्रह अगस्त को उसकके विरूद्ध धारा 82 सीआरपीसी की कार्यवाही की गई थी। उक्त आरोपी के खिलाफ थाना गौरीगंज पर पूर्व में भी दो अभियोग पंजीकृत है।फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास किये जा रहे थे।उक्त अभियोग में अन्य आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस सम्बंध में थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने तमंचा के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान लईक अहमद पुत्र रईस अहमद निवासी पूरे गुलाम हैदर जाखा शिवपुर थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतीस वर्ष को कस्थूनी पूरब रेलवे क्रासिंग के पास से रात में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स के तहत जेल भेज दिया गया है।

एसपी ने इन्हौना के थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह को जायस कोतवाली का प्रभारी बनाया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिये पुलिस महकमे में बड़े पैमाने पर फ़ेरबदल किया है और तीन थानों के प्रभारियों का गैर जनपद तबादला हुआ है तो इन्हौना के थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह को कोतवाली जायस का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय, थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संदीप राय और महिला थाना की थानाध्यक्ष ममता रावत का गैर जनपद तबादला हो गया है। थाना इन्हौना के थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह को जायस कोतवाली की कमान सौंपी गई है। जायस के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह को अमेठी कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है।थाना गौरीगंज के उप निरीक्षक विवेक सिंह को शिवरतनगंज का थानाध्यक्ष और प्रदीप कुमार सिंह को इन्हौना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। इंस्पेक्टर कंचन सिंह को महिला थानाध्यक्ष बनाया गया है। अमेठी के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह को संग्रामपुर का थानाध्यक्ष बनाया गया है।थाना मुसाफ़िरखाना के राजेश कुमार थाना साइबर क्राइम प्रभारी बनाया गया है।

धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाने वाले भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है जिले भर में विविध कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ शहर के परशुराम चौक चौराहे पर परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक संगठन द्वारा विविध आयोजन किए गए सैकड़ो की संख्या में जिले वासियों की मौजूदगी में यहां भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष पूजा अर्चना की गई हवन पूजन संपन्न करा कर आरती उतारी गई कार्यक्रम के दौरान परशुराम चौक से डीजे की धुन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में पैदल व बाइक सवार अनु नाई शामिल हुए.शोभायात्रा शहर के बस अड्डा डाकखाना चौराहा शाहगंज चौराहा चौक ठठेरी बाजार सब्जी मंडी होते हुए वापस परशुराम चौक पर संपन्न हुई.तत्पश्चात यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा

। बुधवार की सुबह से ही परशुराम चौक चौराहे को ध्वज पताकाओं से भव्य रूप से सजाया गया जिले भर से सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचे यहां आचार्य पंडित उमानाथ तिवारी ने भगवान परशुराम की अनुनाईयों के साथ पूजा अर्चना की आयोजित हवन कार्यक्रम में सैकड़ो अनुनाईयों ने पूर्ण आहुति दी वही शोभायात्रा में ध्वजा पताका लेकर शहर के मुख्य मार्गों पर निकले इस दौरान भगवान परशुराम के दर्शन का सिलसिला जारी रहा वहीं उत्साहित कार्यकर्ताओं में सेल्फी का क्रेज देखा गया। कार्यक्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया बीते कई वर्षों से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है नगर पालिका के सभासद व संगठन के पदाधिकारियो के प्रयास से पालिका में जिलाधिकारी आवास चौराहे का नाम भगवान परशुराम के नाम पर घोषित किया गया.अब इस चौराहे को भव्य व अलंकृत रूप से सजाने की रूपरेखा बनाई जा रही है। महाकुंभ के अवसर पर भगवान परशुराम युवा वाहिनी के सदस्यों ने पूरे देश से आने वाले अतिथियों का जो स्वागत सत्कार किया उसकी चर्चा पूरे समाज में है.गरीब बेटियों की शादी हो या गरीब बच्चों की पढ़ाई लिखाई का जिम्मा दर्जनों ऐसे सामाजिक कार्य है जिसे परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक अपने समाज के सहयोग से संपन्न कर रही है. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विपिन मिश्रा एडवोकेट नीरज दुबे एडवोकेट डॉक्टर डी एस मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आलोक आर्य संतोष पांडे एडवोकेट पीसीसी सदस्य योगेश पांडे तेज बहादुर पाठक अमित कुमार तिवारी सभासद प्रवीण मिश्रा गिरीश मिश्रा अखिलेश मिश्रा अरुण तिवारी रमेश सिंह टिन्नू भैया दीप सिंह बबिता तिवारी संगीता शुक्ला वरुण मिश्रा राजेश तिवारी, अखिलेश सिंह पर्वत अशोक सिंह बिसेन मोहित तिवारी पीयूष तिवारी अतुल पाठक अर्जुन पाठक रमेश मिश्रा अंकित श्रीवास्तव पत्रकार राजदेव शुक्ल समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे कार्यक्रम संपन्न कराने में आचार्य पंडित उमानाथ तिवारी की बड़ी भूमिका रही।

भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

पूरनपुर।पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था व पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना माधोटांडा क्षेत्रान्तर्गत पिलर नं0 793/2 भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा का नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स, सशस्त्र सीमा बल व जनपदीय पुलिस के साथ भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय बॉर्डर व चैकपोस्टों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स, सशस्त्र सीमा बल व जनपदीय पुलिस को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए प्रभावी गश्त और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एडीएम ऋतु पूनिया, नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स, सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी व अशोक पाल प्रभारी निरीक्षक थाना माधोटांडा मौजूद रहें।

मरौरी ब्लॉक परिसर में 'एक राष्ट्र,एक चुनाव' पर महिलाओं में दिखा जोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकास खंड मरौरी के ब्लॉक परिसर में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने एक भव्य संगोष्ठी और परिचर्चा का आयोजन किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शाहजहांपुर जनपद की तिलहर विधानसभा कि भाजपा विधायका सलोना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही है।जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा एवं ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा ने की। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियो के जोश और उत्साह से भरे इस आयोजन ने जनपद में एक नया इतिहास रचने का संकल्प लिया,जिसमें 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को देश के हित में लागू करने के लिए पुरजोर समर्थन जताया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में 'एक राष्ट्र,एक चुनाव' को देश के लिए एक क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने कहा,ल्ल1952 से 1967 तक भारत में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते थे। लेकिन कुछ नेताओं के निहित स्वार्थों और आपसी तालमेल की कमी के कारण इस व्यवस्था को तोड़ दिया गया। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ा, क्योंकि बार-बार होने वाले चुनावों से प्रशासन पर दबाव पड़ा और जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा।ङ्क ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने सपा,बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों ने अपने राजनीतिक चक्रव्यूह में प्रशासन को फंसाकर देश के समय और संसाधनों को बर्बाद किया।उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए जन जागरूकता फैलाएं और राष्ट्रहित में अपनी आवाज बुलंद करें।भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा ने अपने संबोधन में मुख्य अतिथि का हार्दिक आभार व्यक्त किया और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लागू करने के लिए बीजेपी की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा,ल्लयह कानून न केवल देश के संसाधनों की बचत करेगा, बल्कि विकास कार्यों को गति देगा और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाएगा।

बाबा साहब का अपमान बर्दाश्त नही किया जायेगा : सुधांशु शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के आवाहन पर अमेठी स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा के सामने भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में हाथ में काली पट्टी बांधकर धरना प्रदर्शन किया गया।भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि अखिलेश यादव बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के चरणों की धूल नहीं है।समाजवादी पार्टी लगातार बाबा साहब का अपमान करती रही है और दलित उत्पीड़न का भी सपा का पुराना इतिहास रहा है समाजवादी पार्टी ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्र से आधा चेहरा काट कर आधा चेहरा अखिलेश यादव का जोड़कर बाबा साहब का अपमान किया है समाजवादी पार्टी द्वारा किया गया यह कार्य घोर निंदनीय है बाबा साहब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।सपा प्रमुख अखिलेश यादव बाबा साहब की आधी तस्वीर काटकर उसमें अपनी तस्वीर लगाकर शायद दलित समाज को ही बताना चाहते हैं कि वह बाबा साहब के बराबर है बाबा साहब के चेहरे के साथ अपना चेहरा जोड़ने वाले अखिलेश यादव दलित समाज का सम्मान नहीं सिर्फ वोट बैंक देख रहे हैं। डॉ भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा समानता संविधान के मूल्यों के लिये संघर्ष किया और अखिलेश यादव ने उनके नाम का राजनीतिक सौदा किया।अखिलेश यादव ने अपनी तस्वीर को डॉ अम्बेडकर के बराबर लगाना न सिर्फ अहंकार है बल्कि दलित समाज की भावनाओं के साथ किया गया एक निंदनीय खिलवाड़ है।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि धरना प्रदर्शन में सभी प्रदर्शनकारी हाथों में बाबा साहेब का किया अपमान समाजवादी पार्टी का घिनौना काम और बाबा साहब है देश की शान सपा कर रही उनका अपमान नामक तख्ती भी लेकर के प्रदर्शन किया।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्रा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा, ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह, राकेश सिंह अमिया, भागीरथी मौर्य, गिरजा शंकर शुक्ला,अभिषेक सिंह, शिवम मिश्रा,राम शंकर सिंह सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीएम ने नवनिर्मित सदभावना पार्क का फीता काटकर उदघाटन किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार को गौरीगंज स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों का हालचाल लिया एवं उन्हें वस्त्र वितरित किए तथा वृद्ध जनों के मनोरंजन के लिए उन्हें वाद्य यंत्र भी प्रदान किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए इसके लिए संबंधित अधिकारियों को भी कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी को अपने समक्ष पाकर वृद्ध जनों के चेहरे खिल उठे, उन्होंने जिलाधिकारी को आशीर्वाद भी दिया। आज वृद्धाश्रम गौरीगंज में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप भी लगाया गया था, जिसका जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य कैंप में डॉ पितांबर कनौजिया, सीएचओ रश्मि द्वारा वृद्धाश्रम में आवासित इकहत्तर संवासियों के स्वास्थ्य की जांच की गई, समस्त संवासियों का बीपी, शुगर, आंख एवं अन्य बीमारियों की जांच की गई एवं रोगों से संबंधित दवाएं उपलब्ध कराई गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने राजगढ़ में नगर पालिका परिषद गौरीगंज की ओर से नवनिर्मित सदभावना पार्क का फीता काट कर उदघाटन किया। इसके उपरांत उन्होंने पूरे पार्क का भ्रमण किया एवं पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, दिनेश कुमार मिश्रा ने भी पौधारोपण किया।इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, नगर पालिका गौरीगंज की अध्यक्ष के प्रतिनिधि दीपक सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम केवल त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

23 वोटो की अंतर से विजई घोषित शमीम उर्फ लईया

सुल्तानपुर। जिले के मंडी परिसर में आज अध्यक्ष पद के चुनाव में शमीम उर्फ लईया ने अपने प्रतिद्वंदी नौशाद को 23 मतों से शिकस्त दी,शुरुआत के दौरान शमीम ने अपनी बढ़त बना कर अपना दबदबा कायम रखा तो वहीं आखिरी राउंड में 23 मतों से जीत की ओर अग्रेषित होकर प्रमाण पत्र को हासिल किया।

मतदान के दौरान दो पक्षों में जमकर वबाल हुआ तो वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को सुलह समझौता करवा कर शांति ढंग से मतदान करवाया और उपद्रवियों को भगाया। अध्यक्ष पद के चुनाव जीतने के बाद शमीम ने कहा कि मंडी परिसर की साफ सफाई और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए उच्च अधिकारियों से बात करके एक आदर्श मंडी परिसर बनाना उनका ध्येय है।

राष्ट्र के साथ खड़े होने का समय

यह नारा उस समय और अधिक सार्थक हो उठता है जब एक निर्दोष पर्यटक, अपनी पत्नी के साथ छुट्टियां मनाने गया हो और आतंक की गोली का शिकार हो जाए। पहलगाम की ताज़ा घटना, जिसमें एक हिंदू युवक को टारगेट कर आतंकवादियों ने गोली मार दी, सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि भारत की आत्मा पर हमला है। और ऐसे समय में यह कहना–''प्रश्न पूछने के अवसर भी आएँगे''–कोरी बचाव की भाषा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में संयम की पुकार है। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम, जहां का प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को आकर्षित करता है, अब आतंक का नया निशाना बन गया है। इस बार किसी सैनिक को नहीं, किसी पुलिसकर्मी को नहीं, बल्कि एक आम हिंदू नागरिक को निशाना बनाया गया–जो अपनी पत्नी के साथ पर्यटक बनकर वहां गया था। आतंकियों ने स्पष्ट धार्मिक पहचान देखकर हमला किया। यह हमला दो स्पष्ट संदेश देता है। पहला यह कि पाकिस्तान-समर्थित आतंकी अब भी भारत में धार्मिक विभाजन फैलाने पर आमादा हैं। दूसरा यह कि उनका उद्देश्य केवल कश्मीर को अस्थिर करना नहीं, बल्कि पूरे भारत में डर और नफ़रत का माहौल बनाना है। इस हमले की जिम्मेदारी लेने वाले संगठनों की जड़ें पाकिस्तान की धरती में हैं। चाहे वो लश्कर-ए-तैयबा हो, या द्रुटक्क जैसे नए नाम वाले पुराने चेहरे–इनकी फंडिंग, ट्रेनिंग और संरक्षण सब पाकिस्तान से आते हैं। ये आतंकवादी संगठन अब न सिर्फ कश्मीर को चोट पहुंचा रहे हैं, बल्कि पूरे भारत की धार्मिक एकता और पर्यटक स्थलों की शांति को भी लक्ष्य बना रहे हैं। जब भारत आक्रोशित होता है, तो यह आक्रोश केवल सैनिक कार्रवाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह आम भारतीय के भीतर भी जागता है–जो अपने देश के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है। लेकिन इस समय कुछ लोग, खासकर बौद्धिक तबके के कुछ हिस्से और राजनीति के एक विशेष वर्ग से जुड़े लोग, इस घटना को ''कश्मीर में असंतोष'' कहकर आतंकियों को परोक्ष वैचारिक समर्थन देने लगते हैं। कुछ मीडिया संस्थान इसे एक सामान्य अपराध बताकर इसकी धार्मिक प्रकृति को छुपाने की कोशिश करते हैं। ये वही लोग हैं जो हर बार आतंक के हमलों को या तो साजिश बताकर नजरअंदाज करते हैं या फिर 'भूल जाओ, आगे बढ़ो' जैसे शब्दों में लपेट देते हैं। लेकिन इस बार मामला सिर्फ एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की चीख है, जिसे चुपचाप सह लेना नैतिक अपराध होगा। ऐसे में कुछ लोग कहेंगे, ''प्रश्न पूछना तो लोकतंत्र का हक़ है!''–बिल्कुल है। लेकिन क्या यह हक़ इतना बेसब्र हो चुका है कि एक घायल पत्नी की आँखों में आँसू सूखने से पहले ही हम प्रेस कॉन्फ्रेंस की मांग करने लगें? क्या एक जवान की शहादत के शव को मिट्टी भी नसीब न हो और हम सड़कों पर 'क्यों हुआ?' के नारों में उलझ जाएं? सवाल पूछिए, ज़रूर पूछिए, लेकिन तब जब देश का मनोबल गिरा न हो, जब अपनों के आँसू थमे हों, जब धुआँ छँट जाए। अभी वक्त है एक स्वर में खड़े होने का, एकजुटता में जवाब देने का। यह समझना ज़रूरी है कि देशभक्ति केवल वर्दी में नहीं, विचार में भी होती है। जब कश्मीर में एक हिंदू नागरिक को सिर्फ इसलिए मारा जाए क्योंकि वह हिंदू है, और तब भी देश के भीतर कुछ लोग चुप रहें, या मुद्दे से ध्यान भटकाएं, तो यह नैतिक पराजय होती है। वह वीरता क्या काम की, जो बंदूक थामे बिना चुपचाप अत्याचार को सहन करे? क्या लेखकों, कलाकारों, विचारकों और नागरिकों की कोई ज़िम्मेदारी नहीं? क्या हम सिर्फ ट्रेंडिंग हैशटैग तक सीमित रह गए हैं? इस घटना के बाद सबसे बड़ा कार्य है–सच्चाई को साफ-साफ स्वीकारना। धार्मिक टारगेटिंग हुई है और उसे इसी रूप में स्वीकार कर उसका विरोध करना चाहिए। सेकुलरिज्म का मतलब यह नहीं कि सच्चाई से आँखें फ़ेर ली जाएं। सेकुलरिज्म की सच्ची परीक्षा तभी होती है जब आप पीड़ित की जाति या धर्म देखकर नहीं, उसके दर्द को देखकर खड़े होते हैं। भारत की आत्मा बहुलता में विश्वास करती है, लेकिन वह बहुलता तब तक ही जीवित है जब तक आप सच्चाई से भाग नहीं रहे।

वैश्विक शांति के लिए विकसित भारत की अवधारणा

हमें एक ऐसा राष्ट्र बनाना चाहिए जिसमें प्रत्येक नागरिक व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र का विकास करे। राष्ट्रीय लोकाचार और राष्ट्र-प्रथम मानसिकता स्वार्थी व्यवहार पर वरीयता लेगी। जब ऐसी मानसिकता विकसित होती है तो मजबूत सामाजिक बंधन वाला राष्ट्र बड़े पैमाने पर सामाजिक-आर्थिक प्रगति का अनुभव करता है, साथ ही पर्यावरण की रक्षा और प्रबंधन भी करता है। जब ऐसा विश्व दृष्टिकोण उभरता है तो न केवल व्यक्ति, समाज और राष्ट्र समृद्ध हो सकते हैं बल्कि संपूर्ण विश्व सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से लाभान्वित होता है। किसी भी राष्ट्र का स्वार्थी कारणों से शोषण या वर्चस्व नहीं किया जाएगा; इसके बजाय, विकासशील और अविकसित राष्ट्रों को राष्ट्र निर्माण के सभी पहलुओं में प्रोत्साहित किया जाएगा। यही विश्वगुरु का सही अर्थ है।

भौतिकवादी दुनिया ने विकास, खुशी, प्राकृतिक अवलोकन, रिश्तों, देखभाल, अपनापन और सामाजिक संबंधों के आयामों को बदल दिया है। हालाँकि दुनिया प्रौद्योगिकी और विज्ञान के उपयोग के माध्यम से जीवन के हर भौतिक क्षेत्र में तेज़ी से विस्तार कर रही है, जो सराहनीय है लेकिन क्या हम वास्तव में खुश, आनंदित, प्रकृति के प्रति जागरूक और वास्तव में सही जीवन जी रहे हैं या हमने अपने जीवन को मशीनीकृत कर दिया है, प्रेम, बंधन और सामाजिक आदर्शों को भूल गए हैं। हम 2047 में स्वतंत्रता के 100 साल मनाएंगे; हमें आने वाले दशकों में भारत को फिर से महान बनाने के लिए कैसे प्रयास और ध्यान केंद्रित करना चाहिए, शांति, आनंद और बढ़ी हुई सामाजिक आर्थिक ताकत के साथ? आइए देखें कि हम इस शानदार राष्ट्र के भाग्य को बदलने के लिए कैसे मिलकर काम कर सकते हैं।

जब हमने ''अमृत काल'' में प्रवेश किया और 2047 तक भारत के ''विश्वगुरु'' बनने की कामना की। इसका क्या मतलब है? क्या यह संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस या चीन जैसी महाशक्ति को संदर्भित करता है? बिल्कुल नहीं। हम महाशक्ति नहीं बनना चाहते, जिसका अर्थ है अहंकार, लालच, अनैतिकता, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, विकासशील और अविकसित राष्ट्रों को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष और युद्ध की संस्कृति, आर्थिक अनियमितताएं इत्यादि। तो, 2047 में भारत कैसा दिखना चाहिए, जब हमारे पास 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, सबसे बड़ी रक्षा सेना और विशाल कार्यबल होगा?

हमें एक ऐसा राष्ट्र बनाना चाहिए जिसमें प्रत्येक नागरिक व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र का विकास करे। राष्ट्रीय लोकाचार और राष्ट्र-प्रथम मानसिकता स्वार्थी व्यवहार पर वरीयता लेगी। जब ऐसी मानसिकता विकसित होती है तो मजबूत सामाजिक बंधन वाला राष्ट्र बड़े पैमाने पर सामाजिक-आर्थिक प्रगति का अनुभव करता है, साथ ही पर्यावरण की रक्षा और प्रबंधन भी करता है। जब ऐसा विश्व दृष्टिकोण उभरता है तो न केवल व्यक्ति, समाज और राष्ट्र समृद्ध हो सकते हैं बल्कि संपूर्ण विश्व सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से लाभान्वित होता है। किसी भी राष्ट्र का स्वार्थी कारणों से शोषण या वर्चस्व नहीं किया जाएगा; इसके बजाय, विकासशील और अविकसित राष्ट्रों को राष्ट्र निर्माण के सभी पहलुओं में प्रोत्साहित किया जाएगा। यही विश्वगुरु का सही अर्थ है। हम ''जीवंत राष्ट्र'' इसलिए कहते हैं क्योंकि अगर ऐसा नहीं है तो यह सिर्फ जमीन का एक टुकड़ा है जहाँ हिंसा, अपराध, अन्याय, घृणा और असमानता सभी समाज का हिस्सा हैं। दीनदयाल उपाध्याय जी ने इसे इस तरह से कहाः ''हम एक राष्ट्र हैं, देश नहीं और हम अतीत के जीवंत उदाहरण रहे हैं। अगर हम अपने ऐतिहासिक तथ्यों का अध्ययन करें तो हम एक जीवंत राष्ट्र के रूप में अपनी महान विरासत को जान पाएंगे। जब नागरिकों में यह मानसिकता जागृत होती है तो लोग और समाज सद्भाव से रहते हैं, जीवन जीने का बंधन बनाते हैं और एक साथ बाधाओं को पार करते हैं, खुशी बढ़ती है। हम सिर्फ आर्थिक स्तर बढ़ाने में विश्वास नहीं करते हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि जीडीपी या किसी अन्य आर्थिक मीट्रिक के संदर्भ में आर्थिक विकास व्यक्तिगत शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को खतरे में डालकर समाज को कमजोर करने की कीमत पर नहीं होना चाहिए, जो अंततः समाज और राष्ट्र को कमजोर करेगा। जब हम दुनिया की वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हैं, तो हम देख सकते हैं कि शराब, कई रूपों में नशीले पदार्थ, दवाइयां और चिकित्सा आवश्यकताएं, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और पर्यावरण और प्राकृतिक आवासों का विनाश, सभी जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यदि राष्ट्र को इन अप्राकृतिक, अनैतिक कार्यों के परिणामस्वरूप अधिक धन प्राप्त होता है, तो ऐसा जीडीपी सराहनीय नहीं है। भारत राष्ट्र के रूप में हमें यह सोचना चाहिए कि हम सनातन धर्म के सिद्धांतों को आधार बनाकर शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्वास्थ्य के मामले में एक स्वस्थ व्यक्ति और समाज बनाने के लिए काम करेंगे। हमें ऐसे किसी भी आर्थिक विस्तार को त्याग देना चाहिए जो व्यक्तियों,

समाज और राष्ट्र के स्वास्थ्य को खतरे में डालता हो। याद रखें कि एक कमजोर समाज एक कमजोर राष्ट्र को जन्म देता है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम दुनिया को आर्थिक ताकत दिखाने के लिए व्यक्तिगत या सामाजिक स्वास्थ्य का त्याग न करें। सनातन धर्म जीवन के सभी पहलुओं में जीवन को अधिक सार्थक बनाता है। वास्तविक जीवन में सनातन सिद्धांतों का ज्ञान और कार्यान्वयन जीवन कौशल और ज्ञान को बढ़ाता है, जिससे समाज और राष्ट्र की मजबूती में योगदान मिलता है। आत्मनिर्भरता राष्ट्र को मजबूत बनाने की कुंजी है। आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने से रोजगार के अवसर पैदा करने, उद्यमियों को आगे बढ़ाने, वैश्विक बाजारों का विस्तार करने, प्रौद्योगिकी को उन्नत करने और कौशल और ज्ञान का निर्माण करके राष्ट्र को लाभ होता है। मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत की और हम राष्ट्रीय शक्ति के संदर्भ में इसके परिणाम देख रहे हैं। सरकारों, उद्योगपतियों और समाज को सेमीकंडक्टर, रक्षा, विनिर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, कृषि उपज, खाद्य प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य सेवा, डिजिटल दुनिया और पर्यावरण प्रबंधन सहित हर क्षेत्र को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। यह आत्मनिर्भरता पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना या प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किए बिना हासिल की जानी चाहिए। कोई भी राष्ट्र सामाजिक-आर्थिक रूप से विकसित नहीं हो सकता है यदि वह अनुसंधान और विकास, नवीन विचारों और रचनात्मकता के लिए पर्याप्त संसाधन समर्पित नहीं करता है। अनुसंधान किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए आधार का काम करता है। भारत में अनुसंधान और नवाचार का एक लंबा इतिहास है, ऋषि कणाद, भास्कराचार्य द्वितीय और आचार्य सुश्रुत, सूची लंबी है लेकिन जब मुगलों और फिर अंग्रेजों ने हम पर आक्रमण किया, तो हमने अपना अनुसंधान-उन्मुख दृष्टिकोण खो दिया और मैकाले की शिक्षा प्रणाली ने हमें गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया। इस दृष्टिकोण में मोदी सरकार के प्रयास कई क्षेत्रों में शानदार परिणाम दे रहे हैं, जिनमें स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न शामिल हैं। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है, विशेष रूप से आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक उपचारों में। रक्षा, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर और कृषि सभी को विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अंग्रेजों द्वारा महान भारत, जिसकी सांस्कृतिक विरासत बहुत बड़ी है और जो तमाम बाधाओं के बावजूद महान राष्ट्र है, उसके खिलाफ सबसे खतरनाक खेल खेला गया, वह था सबसे बेहतरीन शिक्षा प्रणाली से मैकाले की सबसे खराब शिक्षा प्रणाली पर स्विच करना, जिसने हमें कमजोर बना दिया और गुलाम मानसिकता को स्थापित किया। स्वतंत्रता के बाद भी, हमारी औपनिवेशिक मानसिकता कायम रही, जिसने हमें अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ने और विकसित होने से रोका। शिक्षा वह नींव है जिस पर एक बच्चे का मासूम दिमाग विकसित होता है, जो एक ऐसे युवा को जन्म देता है जो देश के भाग्य को आकार देता है। यहाँ, हमारे राजनीतिक दलों ने हमारी पीढ़ियों के लिए सबसे बुरा काम किया है, जिसके परिणामस्वरूप सभी मोर्चों पर कमजोर विकास हुआ है और भारत की मौलिक पहचान को नुकसान पहुँचा है। मोदी सरकार ने आवश्यक बदलावों को लागू करने के लिए एक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पेश की है। भारत को तोड़ने वाली ताकतें नई शिक्षा नीति का कड़ा विरोध कर रही हैं; लेकिन, हर माता-पिता, स्कूल, विश्वविद्यालय और समुदाय को आगे आकर इस नीति का समर्थन करना चाहिए, जो हमारी आने वाली पीढ़ियों में सकारात्मक बदलाव लाएगी। आधुनिक और प्राचीन शिक्षा हमारी आने वाली पीढ़ियों को जीवन, समाज और राष्ट्र के सभी तत्वों के लिए तैयार करेगी। व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र से ही ऐसे युवा का निर्माण होगा जो शोध-उन्मुख, नवोन्मेषी और सृजनशील होगा, जिसमें उद्यमशीलता की महान क्षमता होगी, जो समानता और समभाव को महत्व देगा तथा परोपकारी प्रवृत्ति विकसित करेगा। इस तरह हम भारत को फिर से महान बनाने के अपने सपने को साकार कर सकते हैं। सनातन सिद्धांतों पर आधारित सही शिक्षा हमें फिर से विश्वगुरु बना देगी। हमारे देश में 6 लाख से ज़्यादा गाँव हैं और कृषि और उससे जुड़ी क्रियाकलापों का हमारी अर्थव्यवस्था में 70% से ज़्यादा हिस्सा है। इसलिए, उनकी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान करते हुए प्राथमिक ध्यान ग्रामीण विकास पर होना चाहिए। ग्रामीण विकास बेहतर कृषि तकनीकों, कृषि उपज से जुड़े व्यवसायों और पर्यावरण को प्रभावित किए बिना आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करता है। विकास को संतुलित तरीके से आधुनिक और पारंपरिक दोनों रीति-रिवाजों को बढ़ावा देना चाहिए। सांस्कृतिक विरासत, जीवनशैली और जीवन शैली पर ज़ोर देने वाले ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

मजदूरों के महत्व को दर्शाता मजदूर दिवस

01 मई मजदूर दिवस पर विशेष

रमेश सर्राफ धमोराथ

मजदूर दिवस मजदूरों के महत्व को दर्शाने का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर ऐसा हो नहीं पाया है। भारत में 90 फीसदी मजदूर असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं जिनको सभी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं। देश में श्रमिक वर्ग की संख्या संगठित व असंगठित क्षेत्र में 50 करोड़ से ज्यादा है।

भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इस की शुरुआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प के पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।

मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2025 में वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क की थीम है। स्वास्थ्य और सुरक्षा में क्रांति, कार्यस्थल पर एआई और डिजिटलाइजेशन की भूमिका। इसका मतलब है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, वर्चुअल रियलिटी और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी नई तकनीकों का इस्तेमाल कार्यस्थल को और ज्यादा सुरक्षित और सेहतमंद बनाने में किया जाएगा। स्मार्ट हेलमेट्स, सेफ्टी सेंसर, ऑटोमेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम ये सब भविष्य की सुरक्षा के अहम हिस्से बनेंगे। यह थीम हमें इस बात के लिए तैयार करती है कि हम तकनीक का सही इस्तेमाल करते हुए कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित कर सकें। किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है।

महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे। मगर ऐसा होता नहीं है। मालिक आज भी मालिक बने हुये हैं। मजदूर सिर्फ मजबूर होकर रह गया है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने 'काम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध निकालना का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था।

मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है।

हमारे देश के मजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढ़ग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं।

सेहत मंत्र

मोटापे से छुटकारा दिलाने के साथ ही कई बीमारियों से भी महफूज रखता है जीरा

अगर आप मोटापे से परेशान हैं और जिम में वर्कआउट करके थक चुके हैं तो हम आपको देसी नुस्खा बताते हैं, जिसे अपनाकर आपका वजन बिना मेहनत किए कम हो जाएगा और साथ ही आपका पाचन भी दुरुस्त रहेगा। जीरा हमारे खाने का अहम हिस्सा है, जिसके बिना सब्जी का स्वाद अधूरा है। जीरा जितना खाने का स्वाद बढ़ाता है, उतना ही ये आपकी सेहत के लिए भी जरूरी है। जीरा डाइजेस्टिव सिस्टम यानी पाचन तंत्र को हेल्दी रखता है। जीरा का पानी नियामित रूप से सेवन करने से आपको मोटापे से निजात मिल सकती है। इतना ही नहीं, जीरे का पानी पीने से उल्टी-दस्त, मॉर्निंग सिकनेस, गैस और कॉन्स्टपेशन आदि से भी छुटकारा मिलता है। जीरे के पानी से शरीर में ऐसे एंजाइम बनते हैं, जो कार्बोहाइड्रेट, फैट और ग्लूकोस को तोड़कर पचाने में सहायक होते हैं। खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए जीरा जितना मुफीद है, उतना ही सेहत के लिए भी फायदेमंद है। मोटापा कम करना चाहते हैं तो जीरे का पानी नियमित रूप से पीएं। जीरे के पानी को बनाना बेहद आसान है। एक ग्लास पानी में दो चम्मच जीरा डालकर उसे 10 मिनट तक उबाल लीजिए। इसके बाद आंच से उतारकर इसे ठंडाकर पी लीजिए। लगातार इसके सेवन से आप को मोटापे से राहत मिलेगी। पेट और पाचन क्रिया के लिए जीरा बहुत अच्छा होता है। पेट दर्द, अपच, डायरिया होने पर इसके पानी का इस्तेमाल करें तो आपको राहत मिलेगी। छाछ में भुना जीरा और काली मिर्च डालकर पीने से पेट संबंधी कई समस्याएं नहीं होती हैं। एनीमिया खास तौर पर महिलाओं की सेहत पर असर डालता है। यह समस्या हो तो खाने में जीरे का सेवन नियमित तौर पर करें। इसमें मौजूद आयरन एनीमिया को दूर करने के साथ ही थकान और तनाव को भी कम करेगा। नींद की समस्या है तो जीरे का पानी पीएं।

धर्म मंत्र

गंगा स्नान से होते हैं सभी कष्ट दूर

हिन्दू धर्म में गंगा सप्तमी का खास महत्व होता है। इस दिन विभिन्न प्रकार का दान कर पुण्य प्राप्त किया जाता है। गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी में स्नान से सभी प्रकार की परेशानियों से मुक्ति मिल जाती है तो आइए हम गंगा सप्तमी के महत्व तथा पूजा विधि पर चर्चा करते हैं। बैसाख महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के दिन गंगा जी अवतरित हुईं थीं। इस साल गंगा सप्तमी 30 अप्रैल को है। गंगा पापनाशिनी तथा मोक्षदायक हैं। गंगा नदी में स्नान मात्र से सभी प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं। गंगा सप्तमी से जुड़ी एक पौराणिक कथा प्रचलित है। इस कथा के अनुसार गंगा नदी एक बार तीव्र गति से बह रही थी वहीं जह्नु ऋषि तपस्या में लीन और उनका सामान भी रखा हुआ था। गंगा की तेज बहाव के कारण उनका सामान बह गया। जब ऋषि की नींद खुली तो वह बहुत क्रुद्ध हुए और गुस्से में गंगा नदी को पी गए। इसके बाद भागीरथ ऋषि ने जह्नु ऋषि से प्रार्थना की गंगा को पुनः मुक्त करें। तब जह्नु ऋषि ने भगीरथ की प्रार्थना स्वीकार कर ली और गंगा को मुक्ति प्रदान की। उसके बाद गंगा जह्नु ऋषि के कान से प्रवाहित हुईं। यह घटना बैसाख महीने की सप्तमी तिथि को हुई थीं। इसलिए बैसाख शुक्ल पक्ष सप्तमी को गंगा सप्तमी मनायी जाती है तथा जह्नु ऋषि की पुत्री होने के कारण गंगा को जाह्नवी भी कहा जाता है। गंगा सप्तमी का हिन्दू धर्म में खास महत्व होता है। इस दिन घर में विशेष पूजा-पाठ का खास महत्व होता है। इस दिन साधक प्राकः काल उठकर स्नान कर घर के मंदिर की साफ-सफाई करें। उसके बाद शुभ मुहूर्त में उत्तर दिशा में एक चौकी रखकर लाल कपड़ा बिछा लें।

पर्यटन



अंग्रेज और मुगल, दोनों ही कभी नहीं जीत पाये लोहागढ़ दुर्ग को

लोहागढ़ दुर्ग एक किला है जो राजस्थान के भरतपुर जिले में स्थित है। दुर्ग का निर्माण भरतपुर के जाट वंश के (जाटो का प्लेटो अथार्त जाटों का अफलातून) तब कुंवर महाराजा सूरजमल ने 19 फरवरी 1733 ई. में करवाया था। यह भारत का एकमात्र अजेय दुर्ग है। इसके चारों ओर मिट्टी की दोहरी प्राचीर बनी हैं। अतः इसको मिट्टी का दुर्ग भी कहते हैं। किले के चारों ओर एक गहरी खाई हैं, जिसमें मोती झील से सुजानगंगा नहर द्वारा पानी लाया गया हैं। इस किले में दो दरवाजे हैं। इनमें उत्तरी द्वार अष्टधातु का बना है। खास के रूप में प्रयुक्त कचहरी कला का उदाहरण हैं। भरतपुर राज्य के जाट राजवंश के राजाओ का राज्यभिषेक जवाहर बुर्ज में होता था। इस किले पर कई आक्रमण हुए हैं, लेकिन इसे कोई भी नहीं जीत पाया। इस पर कई पड़ोसी राज्यों, मुस्लिम आक्रमणकारियों तथा अंग्रेजो ने आक्रमण किया, लेकिन सभी असफल रहे। 1803 ई. में लार्ड लेक ने बारूद भरकर इसे उड़ाने का असफल प्रयास किया था। यहां पर फतेह बुर्ज का निर्माण ब्रिटिश सेना पर विजय को चिरस्थायी बनाने के लिए करवाया गया था। मिट्टी से ढंकी इस किले की दीवार में तोप के गोले धंस जाते थे। इस किले के प्रमुख दरवाजे का वजन 20 टन है। अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के दौरान चित्तौड़ की महारानी पद्मिनी ने 25 अगस्त 1303 को दासियों के साथ जोहर कर लिया था। इसके बाद गुस्से में आए अलाउद्दीन खिलजी ने मेवाड़ इलाके में बेरहमी से मारकाट और लूटपाट की। इसी दौरान वह चित्तौड़गढ़ किले से बेशकीमती अष्टधातु गेट को उखाड़ कर ले गया था। जिसे उसने दिल्ली के लाल किले में ले जाकर लगा दिया था। वर्ष 1765 में भरतपुर के महाराजा जवाहर सिंह ने अपने पिता महाराजा सूरजमल की मौत का बदला लेने के लिए दिल्ली के शासक नजीबुद्दौला पर आक्रमण कर दिया था। उन्हें चित्तौड़ के अपमान गेट के बारे में जानकारी हुई तो वे अष्टधातु का दरवाजा भी उखाड़कर भरतपुर ले आए।

27 बेकसूरों की हत्या के विरोध में सड़क पर उतरे पत्रकार

कोठी चौराहा पर आतंकवादियों का पुतला दहन, पत्रकारों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाए नारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

,बाराबंकी । जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म के आधार पर की गई 27 हिंदुओं की हत्या के विरोध में सिद्धौर क्षेत्रीय पत्रकारो ने बुधवार को सीएचसी कोठी से पैदल मार्च कर पुतले को लात घूसों व डंडों से पीटते हुए जैदपुर मोड़ पर लाकर आंतकवाद व पकिस्तान का पुतला फूंक दिया। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाएंगे। हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। धर्म के नाम पर हुई हत्याओं का विरोध करते हुए आतंकवाद के खिलाफ देश एकजुट होकर लड़ाई लड़ने की तैयार का ऐलान किया गया जिसमे से बड़ी संख्या में क्षेत्रीय पत्रकार पुतला दहन में शामिल रहे। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत संदेश होगा। इसके जरिए से संगठन पहलगाम में हुई घटना के प्रति अपना विरोध दर्ज कराएगा। इस मौके पर शेर बहादुर शेरा, धीरेंद्र सिंह पटेल, नीरज शुक्ला, रणविजय सिंह, सुधीर शर्मा, साहेब शरन, राजू रावत, मेवालाल, संजय तिवारी, राम अकबाल वर्मा, विजय शंकर मिश्र, सोनू दीक्षित, दिवाकर, सियाराम, विकास द्विवेदी, आरएन द्विवेदी, रामकुमार वर्मा, सतीश रावत, गोविंद, राम करन, मोहम्मद रजी, डॉक्टर गुरु प्रसाद, जयप्रकाश, आशीष , विजय गौतम, मोहम्मद खुर्शीद, अंकुर त्रिपाठी, प्रधान संजय दादा, किसान नेता दुर्गा सिंह ,राम सुमिरन,ऐसे में करीब चार दर्जन पत्रकार सहित कोठी थाने की पुलिस मुस्तैद रहीं ।

निजीकरण का विरोध विद्युत कर्मियों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। विद्युत कर्मियों ने आज बुधवार को निजीकरण व कई वर्षों से कार्य कर रहे संविदा कर्मियों की छटनी के तथा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में विद्युत वितरण खंड के डिवीजन ऑफिस रामसनेहीघाट के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। संविदा कर्मियों को फरवरी माह भुगतान मार्च में नहीं मिला है।उत्तर प्रदेश बिजली मजदूर संगठन जिला बाराबंकी के संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले

तौफीक अहमद, जे पी श्रीवास्तव, लवकुश अनिल कुमार, सचिन रस्तोगी, डीके सिंह, मोहम्मद नईम, प्रहलाद, मुकेश, मुरारी, नियाज़ सिद्दीकी, बरसाना आदि लोग उपस्थित रहे।

बार चुनाव की गतिविधियां तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवीन ,पंकज भरा पर्चा

बाराबंकी। ज़िला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की सरगर्मी तीव्र हुई है।संयुक्त मंत्री प्रशासन पद पर उपविजेता रहे सरदार बेअंत सिंह एसोसिएट्सश के अधिवक्ता नवीन कुमार रस्तोगी ने अपना *नामांकन पत्र दाखिल* किया।इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय कुमार गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद महमूद किदवई, वरिष्ठ अधिवक्ता खुशीराम यादव, अधिवक्ता सरदार राजा सिंह, अधिवक्ता अजय यादव, अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव ''हैप्पी'', अधिवक्ता रोहित निगम '', अधिवक्ता दानिश सिद्दीक़ी, अधिवक्ता प्रकाश शुक्ला, राम वृक्ष यादव ''मिक्की'', अधिवक्ता निर्मल श्रीवास्तव, अधिवक्ता गुड्डू तिवारी, अधिवक्ता मोहम्मद उबैद ''गोलू'', अधिवक्ता रोहित यादव, एडवोकेट कुमारी प्रिया वर्मा, एडवोकेट सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।इसी क्रम में कोषाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता पंकज कुमार यादव पूर्व प्रशासन मंत्री ने भी अपनी दावेदारी पेश किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सरफ़राज़ हुसैन, प्रमोद यादव, रंजीत कुमार, सुमित वाल्मीकि, आलोक कुमार, रामवीर यादव, सफ़वान किदवई आदि साथी अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

एसडीएम के निरीक्षण में डायग्नोस्टिक सेंटरों में मिली भारी कमी, हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्रमें संचालित डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच पड़ताल प्रशासन द्वारा शुरू की गई है । प्रशासनिक कार्यवाही से सेंटर संचालकों में हड़कंप है। बुधवार को रसूलपुर बदोसराय स्थित अपोलो डायग्नोसिस सेंटर का एसडीएम प्रीति सिंह ने निरीक्षण किया। उनके साथ डिप्टी सीएमओ डी. के. श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

एसडीएम ने केंद्र के सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। इनमें रजिस्ट्रेशन कागजात और मरीजों का रजिस्टर शामिल था। साथ ही सीसीटीवी कैमरे और मेडिकल उपकरणों का भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान केंद्र में शौचालय की स्थिति अनुपयोगी पाई गई। जिसके बाद उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने शौचालय को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

डिप्टी सीएमओ डी. के. श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्र में पाई गई अन्य कमियों को भी जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं की नियमित जांच की जा रही है।

भाकियू का विद्युत अभियंता को सात सूत्रीय ज्ञापन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन टिकैत युवा इकाई के बंकी ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में आज क्षेत्रीय नागरिकों का एक प्रतिनिधिमंडल अधिशासी अभियंता विद्युत सदर से मिला और सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वार्ड नं. 2 बनवा, मोहल्ला राहत नगर, चांदना व आसपास के क्षेत्रों में व्याप्त गंभीर विद्युत समस्याओं उल्लेख किया गया है। बताते हैं कि राहत नगर में विद्युत केबल व पोल की तत्काल व्यवस्था करने, चांदना में अजीमुद्दीन कोठी के सामने मकानों के ऊपर से गुजर रही 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन को हटाकर या ऊंचा करने की मांग की गई, जिससे दुर्घटनाओं से बचाव सुनिश्चित हो सके।स्मार्ट मीटरों की स्थापना पर रोक लगाने की भी मांग की गई। क्योंकि इससे उपभोक्ताओं को गलत व अधिभारित बिलों की समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। मीटरों की जांच कर उन्हें दुरुस्त कराने तथा जर्जर तारों, खराब ट्रांसफार्मरों, लो वोल्टेज व बार-बार बिजली गुल होने जैसी समस्याओं के समाधान की मांग भी प्रमुखता से की गई। अभियंता ने समस्याएं समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मध्यांचल प्रवक्ता बलराम यादव, मण्डल प्रभारी फैसल मलिक, ब्लॉक अध्यक्ष हरख बॉबी ठाकुर, मसौली ब्लॉक अध्यक्ष इरफान अली उर्फ गोविंदा, नगर अध्यक्ष नवाबगंज कलीम उर्फ मुनिया, दीपक सरदार, जसवंत यादव, सरताज, अरविंद मिश्रा, मोहम्मद शाहब सिद्दीकी, गुल्ले भाई, इलमास अहमद अंसारी, इमरान मालिक सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बाइक भिड़ी,एक की मौत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना सफदरगंज के ग्राम चंदवारा निवासी हंसराज 50 अपने पुत्र जसवंत के साथ मोटरसाइकिल पर एक बोरी गेहूं लेकर बदोसरांय से अपने घर जा रहा था। रास्ते में सैदनपुर गांव में अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने सफदरगंज की तरफ से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी।तभी बोरी पकड़ कर बैठा हंसराज सड़क पर गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हुई। जबकि उसका पुत्र घायल हो गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर भेजा। मौत की पुष्टि के बाद बदोसरांय पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

पशु तस्कर जिला बदर

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जैदपुर पुलिस द्वारा अभ्यस्त अपराधी अलीम पुत्र हसीब निवासी ग्राम छेदा कटरा कस्बा व थाना जैदपुर को अपर जिलाधिकारी द्वारा 06 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। 30 अप्रैल से अग्रिम 06 माह तक निष्कासित आदेश की अवहेलना पर उसके विरुद्ध गुन्डा नियन्त्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

चौपाल में चौकी प्रभारी ने सुना समस्याएं

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।कोतवाली की चौकी हधौधा में बुधवार को ग्राम सभा में आयोजित चौपाल की अध्यक्षता चौकी प्रभारी विष्णु कुमार शर्मा ने की । चौकी प्रभारी ने आए हुए क्षेत्र के ग्रामीणों व व्यापारियों से कुशल क्षेम वह समस्याएं पूछा।कुछ लोगों ने अपने बातें रखी, जिसका चौकी इंचार्ज ने गंभीरता पूर्वक विचार कर निस्तारण भी किया । इस अवसर पर ग्राम प्रधान शैलेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान रिंकू सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष डा एम एल साहू ,मोहम्मद आरिफ जलाल ,अनुज वर्मा, लेखपाल श्रीमती गायत्री जायसवाल ,प्रधान आकाश सिंह ,अरविंद कुमार निगम, राम धीरज ,अवधेश चौधरी, प्रभात वर्मा सहित तमाम व्यापारी ग्राम प्रधान ,क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

शारदा नहर में मिला अज्ञात शव

निन्दूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र में शारदा नहर में बुधवार को एक अज्ञात अधेड़ का शव रेगुलेटर में फंसा देखकर ,ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। इस संबंध में चौकी इंचार्ज श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि अज्ञात अधेड़ का शव करीब 15 दिन पुराना मालूम होता है अधेड़ की पहचान करने के लिए सोशल मीडिया की मदद ली जा रही है, लेकिन अभी तक कोई पहचान नहीं हो सकी है।शव पीएम के लिए भेजा गया है।

शौच गया युवक तालाब में डूबा

निन्दूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र के ममरखापुर मजरे सालेपुर गांव निवासी शिवकुमार 35 वर्ष पुत्र सियाराम मंगलवार दोपहर शौच के लिए गया था, पैर फिसलने से तालाब में डूब गया। युवक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों द्वारा शाम तक तलाश की गई।लेकिन कोई पता नहीं चला। बुधवार सुबह तालाब में युवक का शव देखकर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शिव कुमार की पहचान की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

डीएम ने किया सीएचसी का निरीक्षण, पटरी पर मिली स्वास्थ्य सेवाएं

मरीजों से हुए मुखातिब , वार्ता में दिखे संतुष्ट

परिसर की साथ-साफ सफाई व आने वाले मरीजों की हरसंभव सहायता के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी,। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैदरगढ़ का निरीक्षण किया। डीएम ने अस्पताल में शौचालय सहित परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीज शिवांशी सहित कई मरीजों से बातचीत की और स्वास्थ्य सेवाओं सम्बन्धी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पंजीकरण कक्ष में रजिस्टर को देखा। जिलाधिकारी ने ओपीडी सहित चिकित्सक ड्यूटी सम्बन्धी रजिस्टर को भी देखा और सभी सम्बंधित चिकित्सको से संवाद स्थापित करते हुए आने वाले मरीजो की हरसंभव मदद के निर्देश दिए।

औषधि भंडार कक्ष का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी ने अस्पताल के औषधि भंडार कक्ष का निरीक्षण किया और दवाओं की उपलब्धता देखी और सभी जरूरी दवाएं रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यथासंभव सभी मरीजो को अस्पताल से ही दवा दी जाय।

संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सीएचसी के निरीक्षण के दौरान अस्पताल में संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर दिया जाए। इस अवसर पर प्रशिक्षु आई0ए0एस0 श्री तेजस के0, सी0एम0ओ0 डॉ अवधेश कुमार यादव, एसडीएम हैदरगढ़ श्री शम्स तबरेज खां, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव सिंह, सीएचसी अधीक्षक हैदरगढ़ सहित सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

चेयरमैन की मांग पर डीएम ने डिजिटल एक्सरे मशीन लगवाने का दिया आश्वासन

हैदरगढ़ बाराबंकी । जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हैदरगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया गया और उपस्थित चिकित्सकों से बातचीत कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने दूरदराज से आने वाले मरीजों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए डिजिटल एक्सरे मशीन की मांग की। उन्होंने कहा कि ''हैदरगढ़ क्षेत्र एक बड़ा चिकित्सा केंद्र बनता जा रहा है, लेकिन एक्सरे सुविधा के अभाव में मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। डिजिटल एक्सरे मशीन की उपलब्धता से मरीजों को समय पर जांच सुविधा मिल सकेगी और इलाज में भी तेजी आएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मांग पर सकारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए और स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था में और सुधार लाने का आश्वासन दिया।

चौपाल में आवाम से मुखातिब हुए डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जनता की समस्याओं को दूर करना सरकार की सर्वोपरि प्राथमिकता : दिनेश रावत

गोतौना में आयोजित ग्राम चौपाल में डीएम व क्षेत्रीय विधायक ने सुनी जनता की समस्याएं

बाराबंकी । बुधवार को तहसील व विकास खंड हैदरगढ़ के ग्राम गोतौना के पंचायत भवन परिसर में आयोजित ग्राम चौपाल में पहुँचे क्षेत्रीय विधायक हैदरगढ़ मा0 श्री दिनेश रावत ने जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी साथ जनता की समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सर्व प्रथम विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद चौपाल में उपस्थित ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना और सरकार द्वारा मिल रही विभिन्न योजनाओं के विषय में जनता से संवाद कर मिल रही योजनाओं का फीडबैक लिया। मनरेगा योजना, वृद्धा, निराश्रित व दिव्यांग पेंशन सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी ली और कहा कि सभी पात्रों को शतप्रतिशत पेंशन स्कीम का लाभ दिलाया जाए। स्वयं सहायता समूह की दीदिओं से बातचीत की और उनके द्वारा किये जा रहे स्वावलंबन कार्यों तथा मिलने वाले रिवाल्विंग फण्ड के विषय में जानकारी ली। गांव के निवासी श्री दीपक कुमार गौतम द्वारा राशन कार्ड नहीं बनने की बात बताई गई जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को जांच करते हुए तत्काल राशन कार्ड जारी करने के निर्देश दिए गए व ग्राम के एक दिव्यांग द्वारा दिव्यांग पेंशन न मिलने के सम्बंध अवगत कराया गया जिस पर उन्होंने दिव्यांग जन अधिकारी को तत्काल पेंशन बनाने के निर्देश दिए। खराब हैंडपंप की मरम्मत कराने और रोस्टर के अनुक्रम में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रखने के निर्देश दिए। मा0 विधायक श्री दिनेश रावत ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार में प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है। किसानों की आय बढ़ रही है। मा0 विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं को दूर करना सरकार की सर्वोपरि प्राथमिकता है।

अन्न प्राशन और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई

चौपाल में शिशुओं को अन्न प्राशन और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई गयी और सम्बंधित अधिकारियों से उनके स्वास्थ्य पर ध्यान रखने के निर्देश दिए।

विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया

मा0 विधायक व जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के उपरांत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व आवास की चाभी भी प्रदान की गई।

संपर्क मार्ग की स्वीकृति पर ग्रामवासियों ने विधायक और डीएम को किया धन्यवाद ज्ञापित

ग्राम गोतौना में संपर्क मार्ग की समस्या को लेकर ग्राम वासियों के अनुरोध पर इस वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना में उसे सामिल करके स्वीकृति हेतु शासन को भेजा गया था जिसमें मा0 विधायक और जिलाधिकारी के विशेष प्रयासों से संपर्क मार्ग को स्वीकृति मिल जाने पर गांव की जनता ने मा0 विधायक श्री दिनेश रावत और जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रशिक्षु आई0ए0एस0 श्री तेजस के0 , एसडीएम हैदरगढ़ श्री शम्स तबरेज, परियोजना अधिकारी मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी श्री भूषण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, खंड विकास अधिकारी खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता , ग्राम पंचायत अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

परशुराम जयंती पर आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम

बाराबंकी। भगवान परशुराम की जयंती आज जिले भर में धूमधाम से मनाई गई। मंदिर व सजनिक स्थलों पर विधानसभा से पूजन कर प्रसाद वितरण किया।भंडारा आयोजन में श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका। तहसील रामनगर में भगवान परशुराम की जयंती एवं अक्षय तृतीया पर्व पर आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

क्षेत्रीय विभिन्न मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।इस पर्व के अवसर पर अखंड श्रीरामचरितमानस व सुंदरकांड पाठ और जवाबी कीर्तन जैसे धार्मिक आयोजन संपन्न हुए।कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।स्थानीय सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने मिलकर इन आयोजनों को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।भक्तों ने भगवान परशुराम के आदर्शों को याद करते हुए समाज में धर्म सत्य और न्याय की स्थापना का संकल्प लिया।

आईपीएल मैच : धर्मशाला में 900 के करीब पुलिस जवान और अधिकारी संभालेंगे सुरक्षा और ट्रैफिक का जिम्मा

एजेंसी

धर्मशाला। एचपीसीए के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में खेले जाने वाले आईपीएल मैचों के दौरान 900 के करीब पुलिस जवान और अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक का जिम्मा सम्भालेंगे। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के लिए वनवे व्यवस्था भी की जाएगी। टैक्सी चालक कचहरी चौक में ही सवारियों को ड्राप करेंगे। सड़क मार्गों को सुबह 9 से 11 बजे तक वनवे कर दिया जाएगा।

बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी कंगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में तीन मैचों के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मटौर से चैतडू धर्मशाला की ट्रैफिक को वनवे किया जाएगा। जबकि धर्मशाला से जाते हुए शिल्ला चैतडू रोड़ को वनवे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चार मई को होने वाले पहले मैच के साथ ही इस दिन नीट का एग्जाम भी है, तो उसके तहत ही ट्रैफिक व्यवस्था बनाई गई है। इस दौरान नीट छात्रों के लिए किसी भी प्रकार सड़क मार्ग से सेंटर में पहुंचने से नहीं रोका जाएगा। एसएसपी ने कहा कि पीजी कॉलेज धर्मशाला व अन्य संस्थानों में पार्किंग नहीं होगी, हालांकि उन्हें ड्राप करके वाहनों को बाहर ही पार्क करना होगा। मैच के दौरान 25 से 30 हजार के करीब लोगों की अवाजाही रहेगी। ट्रैफिक की दृष्टि से धर्मशाला को आठ सेक्टर में बांटा गया है, जिनमें गगल से खनियारा, मैकलोडगंज, धर्मकोट तक रहेंगे। मैच के दौरान सड़क के किनारे वाहन पार्किंग नहीं हो पाएंगे तथा बेतरतीब पार्किंग पर कार्रवाई होगी। पुलिस मैदान धर्मशाला, सचिवालय, दाड़ी मेला मैदान, जोरावर मैदान, चीलगाडी रोड़ व डीआईजी कार्यालय में रहेगी। साथ ही शटल बसों की व्यवस्था भी की गई है, जिसमें दर्शकों को ड्राप किया जाएगा। इन बसों में रुट भी डिस्प्ले भी किया गया है।

एसएसपी ने कहा कि मुंबई इंडियन की टीम धर्मकोट में रहेगी, ऐसे में एक नया सेक्टर बनाकर ट्रैफिक व्यवस्था की गई है। स्टेडियम को सुरक्षा की दृष्टि से चार सेक्टर में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि चेकिंग के बाद ही दर्शकों को स्टेडियम के अंदर प्रवेश दिया जाएगा, जबकि स्टेडियम के बाहर पुलिस विभाग की ओर से निगरानी रहेगी। मैच में किसी भी प्रकार के ज्वलन पदार्थ, खाद्य सामग्री, स्लोगन, आपत्तिजनक स्लोगन, फ्लैग जिनका ऑब्जेक्शन है सहित अन्य चीजें ले जाने पर पांबदी रहेगी। जबकि मात्र मोबाइल को जांच के बाद ले जा सकते हैं। एसएसपी ने बताया कि टीमों की मूवमेंट के समय ट्रैफिक को होल्ड किया जाएगा। सर्विलांस व होटलों की चेकिंग सहित अन्य जांच पड़ताल के कार्य शुरू कर दिए गए हैं। जिला में पैराग्लाइडिंग भी मैचों के दौरान बन्द रहेगी। इसके लिए जिला प्रशासन व एचपीसीए के साथ बैठकें हो रही हैं। मैचों के दौरान स्टेडियम के बाहर की फीडबैक पुलिस कंट्रोल रूम में रहेगी। कंट्रोल रूम क्रिकेट स्टेडियम व एसपी ऑफिस में भी चल रहा है।

शिखर धवन ने इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप की टीम जर्सियों का किया अनावरण

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने बुधवार को इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) की आधिकारिक टीम जर्सियों का अनावरण किया। यह टूर्नामेंट 27 मई से ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू होगा।

मयूर विहार स्थित क्राउन प्लाजा में आयोजित इस कार्यक्रम में शिखर के अलावा पूर्व क्रिकेटर परविंदर अवाना, प्रवीण कुमार और आईएलसी के संस्थापक प्रदीप सांगवान उपस्थित रहे। शिखर धवन ने इस अवसर पर कहा कि यह एक शानदार पहल है, जो दुनिया भर के क्रिकेट लीजेंड्स को एक मंच पर लाती है। आईएलसी न केवल लीजेंड्स के जुनून को पुनर्जीवित करती है, बल्कि प्रशंसकों को पुरानी यादों और मनोरंजन का अनूठा मिश्रण भी प्रदान करती है। मैं इस लॉन्च का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं और आगामी रोमांचक एक्शन का इंतजार कर रहा हूं।

कार्यक्रम में खानपुर के विधायक उमेश कुमार भी शामिल हुए और आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं आज उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद करता हूं। विशेष रूप से मैं आईएलसी के संस्थापक प्रदीप सांगवान को बधाई देना चाहता हूं। शुरू में मुझे लगा था कि इस स्तर का आयोजन करना कठिन होगा, लेकिन उनकी प्रतिबद्धता और मेहनत को देखकर यह स्पष्ट हो गया कि हम इस जर्सी लॉन्च के सफल चरण तक पहुंच गए हैं। आईएलसी के संस्थापक प्रदीप सांगवान ने कहा कि इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है। यह क्रिकेट की दुनिया को एकजुट करने की क्षमता का उत्सव है। इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप में छह महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करने वाली छह प्रतिष्ठित टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटन्स, यूरोप ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन टाइगर्स, एशियन एवेंजर्स और इंडियन वॉरियर्स शामिल हैं।

एएफसी चैम्पियंस लीग: अल-अहली ने अल-हिलाल को हराकर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

जेद्दाह। एएफसी चैम्पियंस लीग एलीट सेमीफाइनल में अल-अहली ने मंगलवार को जेद्दाह में खेले गए मुकाबले में अल-हिलाल को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ अल-अहली अब अपने पहले एशियाई खिताब से सिर्फ एक कदम दूर है। मैच की शुरुआत से ही अल-अहली ने आक्रामक खेल दिखाया। 9वें मिनट में रॉजर इबानेज के पास पर ब्राज़ीलियन विंगर गेलेनो ने शानदार क्रॉस दिया, जिसे रॉबर्टो फिरमिनो ने छह गज के बॉक्स में पहुंचते हुए गोल में तब्दील कर दिया। 27वें मिनट में रियाद महरेज़ के पास पर इवान टोनी ने दूसरा गोल दागा। हालांकि इसे पहले ऑफसाइड करार दिया गया, लेकिन वीएआर जांच के बाद गोल मान्य हुआ। पहले हाफ के आखिरी पलों में सालेम अल-दोसारी ने एक मौका भुनाते हुए स्कोर 2-1 कर दिया।

लेकिन दूसरे हाफ में अल-हिलाल को बड़ा झटका तब लगा जब 60वें मिनट में कालिदू कुलीबाली को दूसरा येलो कार्ड मिला और टीम 10 खिलाड़ियों के साथ रह गई। अल-अहली ने लगातार तीसरे गोल की कोशिश की और 85वें मिनट में उसे पेनल्टी भी मिली, लेकिन फ्रैंक केसी की किक को यासीन बोनू ने बचा लिया। हालांकि इंजुरी टाइम में फ़ेरास अल-ब्रीकान ने तीसरा गोल दागकर टीम की जीत पक्की कर दी और घरेलू दर्शकों को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया। मैच के बाद अल-अहली के कोच माथियास जैस्ले ने कहा, ''ये एक शानदार शाम थी। मैं अपने हर खिलाड़ी और हमारे फैंस पर गर्व करता हूं। ये जीत पूरी तरह से हमारी मेहनत का नतीजा है।'' अब अल-अहली का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में या तो साथी सऊदी क्लब अल-नास्र से होगा या जापान के कावासाकी फ्रंटाले से, जो बुधवार को दूसरा सेमीफाइनल खेलेंगे।

भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आजमाएगी नए संयोजन

एजेंसी

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मुकाबलों में हार के बाद अब भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में उतरने जा रही है। यह मुकाबले 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहले मैच में भारत ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन अंत में 3-5 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहले हाफ में ही चार गोल दाग दिए। भारत की ओर से कप्तान महिमा टेटे (27'), नवनीत कौर (45') और लालरेमसियामी (50') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ए के लिए नीसा फ्लिन (3'), ओलिविया डाउन्स (9'), रूबी हैरिस (11'), टैटम स्टीवर्ट (21') और केंद्रा फिट्जपैट्रिक (44') ने गोल किए। दूसरे मैच में भारत को 2-3 से हार झेलनी पड़ी। इस मैच में भारत ने ज्योति सिंह (13') के जरिए शुरुआती बढ़त बनाई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से एवी स्टैंसबी (17'), डेल डोल्केन्स (48') और जैमी-ली सुरहा (52') ने गोल दागे। भारत की ओर से दूसरा गोल सुनलीता टोप्पो (59') ने किया लेकिन बराबरी नहीं हो पाई। अब भारतीय टीम सीनियर ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ मैदान में उतरेगी, जिससे मुकाबला और भी चुनौतीपूर्ण होगा। पिछली बार जब दोनों टीमें आमने-सामने आई थीं, तब भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023ऽ24 में 1-0 से जीत दर्ज की थी। कप्तान सलीमा टेटे और उपकप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में 26 सदस्यीय भारतीय टीम इस बार भी उसी जज्बे के साथ उतरने को तैयार है। टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए चीफ कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, ल्हमने कुछ सॉफ्ट गोल जरूर खाए हैं जो निराशाजनक रहे, लेकिन प्रदर्शन काफी प्रतिस्पर्धी रहा है। यह टेस्ट सीरीज है, यहां जीत-हार से ज्यादा अनुभव अहम है। कई खिलाड़ी पहली बार देश से बाहर खेलने आए हैं। मैं उन्हें मौका दे रहा हूं ताकि वे भविष्य के लिए तैयार हो सकें। अब तक लगभग सभी को खेलने का मौका मिला है, लेकिन अब हम सर्वश्रेष्ठ संयोजनों को आजमाएंगे। सिंह ने बताया कि वर्ल्ड कप से पहले हर युवा खिलाड़ी को कम से कम 35 इंटरनेशनल मैच खेलने का लक्ष्य है। महिमा टेटे ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। वह तेज, फुर्तीली और बहुत संभावनाशाली खिलाड़ी हैं। साथ ही पूजा, सुजाता, अजमीना जैसी खिलाड़ी भी अच्छा कर रही हैं। उन्होंने अंत में कहा, ल्टीम में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है और सभी खिलाड़ी सीखने की कोशिश कर रहे हैं। हमें कठिन टीमों के खिलाफ सरल हॉकी खेलते हुए अनुभव बटोरना है।

दिल्ली कैपिटल्स पर जीत के दौरान अजिक्य रहाणे हुए चोटिल, चोट गंभीर नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली 14 रन की जीत के दौरान हाथ में चोट लग गई। अब उनकी चोट की गंभीरता का मूल्यांकन आज टीम के मेडिकल स्टाफ द्वारा किया जाएगा। रहाणे को ये चोट उस वक्त लगी जब वे शॉर्ट कवर पर फील्डिंग कर रहे थे। आंद्रे रसेल की गेंद पर फाफ डु प्लेसिस ने जोरदार शॉट मारा, जो सीधा रहाणे के दाहिने हाथ पर लगा। गेंद मिड ऑफ की ओर गई और इस दौरान रहाणे तुरंत मैदान छोड़कर मेडिकल सहायता लेने चले गए। इसके बाद वे पूरे मैच में मैदान पर नहीं लौटे और उनका हाथ पट्टी से बंधा नजर आया। रहाणे के बाहर होने और उपकप्तान वेंकटेश अय्यर की जगह इम्पैक्ट प्लेयर वैभव अरोड़ा के आने के बाद, सुनील नारायण को टीम की कमान सौंपी गई। उन्होंने आखिरी नौ ओवरों में कप्तानी करते हुए शानदार गेंदबाजी की और अक्षर पटेल, ट्रिस्टन स्टब्स और फाफ डु प्लेसिस को आउट कर मैच का रुख बदल दिया।

ठीक हूं, ज्यादा गंभीर नहीं है चोट'' - रहाणे

पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में रहाणे ने अपनी चोट को ज्यादा गंभीर नहीं बताया। उन्होंने कहा, ''कोई बड़ी बात नहीं है। मैं ठीक हूं, सब ठीक रहेगा।

2021 की तरह फिर से कर सकते हैं वापसी

केकेआर फिलहाल 10 मैचों में 9 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। रहाणे ने कहा कि टीम को 2021 की तरह प्लेऑफ में पहुंचने का आत्मविश्वास है। उन्होंने कहा हमेशा से बात होती है कि जब हम अच्छा नहीं कर रहे होते हैं तो वापसी की उम्मीद होती है। लेकिन यह सब बीते समय की बात है। हमारे लिए जरूरी है कि हम इस जीत से आत्मविश्वास लें और आगे बढ़ें।

चैंपियंस लीग सेमीफाइनल : डेम्बेले के गोल से पीएसजी ने आर्सेनल को पहले चरण में 1-0 से हराया

लंदन। फ्रांस के क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण में आर्सेनल को उसके घरेलू मैदान पर हराकर फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिया है। एमिरेट्स स्टेडियम में खेले गए इस मुक़ाबले की शुरुआत ही धमाकेदार रही। फ्रांस के खिलाड़ी उस्मान डेम्बेले ने मैच के चौथे मिनट में गोल दागकर पीएसजी को शुरुआती बढ़त दिला दी। डेम्बेले ने बीच के घेरे से गेंद आगे बढ़ाई, ख्विचा क्वारात्स्खेलिया को पास दिया और आगे दौड़ लगाते हुए वापस मिली पास पर गोल कर दिया। गोल करने के बाद पीएसजी ने पूरे मैच में संतुलित और अनुशासित खेल दिखाया। आर्सेनल को बराबरी का कोई ठोस अवसर नहीं मिल सका और उसे 18 यूरोपीय घरेलू मुकाबलों के बाद पहली हार झेलनी पड़ी। मिकेल आर्तेता की टीम इससे पहले मौजूदा विजेता रियल मैड्रिड को दो चरणों में 5-1 से हराकर अंतिम चार में पहुंची थी। पहले हाफ के अंत में गेब्रियल मार्टिनेली का शक्तिशाली शॉट इटली के गोलकीपर जानलुइजी डोनारुमा ने शानदार बचाव से रोक दिया।

हॉकी इंडिया ने नितिन कोहली, मनोज भोरे और लालरिनफ़ेला को कार्यकारी बोर्ड के सदस्य नियुक्त होने पर दी बधाई

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने नितिन कोहली और मनोज भोरे को एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट तथा लालरिनफ़ेला को एसोसिएट जॉइंट सेक्रेटरी नियुक्त किए जाने पर बधाई दी है। ये निर्णय 29 अप्रैल को केरल में आयोजित हॉकी इंडिया की 112वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक में लिया गया। बैठक के दौरान हॉकी इंडिया के प्रशासनिक ढांचे को और मजबूत करने के उद्देश्य से कई अहम बदलाव किए गए। इसमें कमांडर आर.के. श्रीवास्तव को कार्यकारी निदेशक से पदोन्नत कर डायरेक्टर जनरल बनाया गया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि हम नितिन कोहली, मनोज भोरे और लालरिनफ़ेला का उनके नए पदों पर स्वागत करते हैं। भारतीय हॉकी के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अनुभव संगठन को हर स्तर पर मजबूती प्रदान करेगा। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि कार्यकारी बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय हमारे दीर्घकालिक विजन और प्रशासनिक उत्कृष्टता की दिशा में प्रतिबिंबित होते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि कोहली, भोरे और लालरिनफ़ेला भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। साथ ही हम कमांडर आरके श्रीवास्तव को उनकी पदोन्नति पर शुभकामनाएं देते हैं।

ग्रैंड चेस टूर, पोलैंड ब्लिट्ज 2025: प्रज्ञानानंद दूसरे स्थान पर, फ़ेडोसेव शीर्ष पर कायम

वारसॉ (पोलैंड)। ग्रैंड चेस टूर 2025 के सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज पोलैंड टूर्नामेंट में ब्लिट्ज सेगमेंट के पहले दिन रूस के ग्रैंडमास्टर व्लादिमीर फ़ेडोसेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप पोजिशन पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। वहीं भारत के आर. प्रज्ञानानंद और अरविंद चिथांबरम के लिए यह दिन मिले-जुले नतीजों वाला रहा। रैपिड सेक्शन में भी दमदार खेल दिखा चुके फ़ेडोसेव ने ब्लिट्ज के नौ राउंड में एक भी मुकाबला नहीं हारा। मौजूदा यूरोपीय चैंपियन (रैपिड और चेस960 दोनों फॉर्मेट में) फ़ेडोसेव अब 19 अंकों के साथ पहले स्थान पर काबिज हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने ब्लिट्ज में चार मुकाबले जीते जबकि तीन में हार का सामना करना पड़ा। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने कुल स्कोर में बढ़त बनाते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया। अब निगाहें 30 अप्रैल को होने वाले अंतिम नौ राउंड पर टिकी हैं कि क्या युवा खिलाड़ी फ़ेडोसेव की बढ़त को पाट पाएंगे। अरविंद चिथांबरम ब्लिट्ज राउंड में फॉर्म में नजर नहीं आए। उन्होंने केवल दो मुकाबले जीते जबकि चार में उन्हें हार झेलनी पड़ी। हालांकि रैपिड सेगमेंट में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के चलते वह अब भी मैक्सिम वचिएर-लाग्रेव और लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज पोलैंड टूर्नामेंट में पहले सिंगल राउंड-रॉबिन रैपिड सेक्शन खेला गया, जिसके बाद डबल राउंड-रॉबिन ब्लिट्ज सेगमेंट जारी है। ब्लिट्ज में 5+2 टाइम कंट्रोल रखा गया है और हर जीत पर 1 अंक, ड्रॉ पर 0.5 अंक तथा हार पर 0 अंक मिलते हैं। टूर्नामेंट वारसॉ स्थित म्यूजियम ऑफ द हिस्ट्री ऑफ पोलिश ज्यूज में खेला जा रहा है।

दिल्ली कैपिटल्स की हार पर बोले विप्रज निगम - गलत शॉट चयन से मैच फिसल गया

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के एक अहम मुकाबले में मंगलवार रात दिल्ली कैपिटल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों 14 रन से हार का सामना करना पड़ा। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 204 रन बनाए, जिसके जवाब में दिल्ली की टीम 190 रन ही बना सकी। फाफ डु प्लेसिस (62 रन, 45 गेंद), कप्तान अक्षर पटेल (43 रन, 23 गेंद) और युवा बल्लेबाज विप्रज निगम (38 रन, 19 गेंद) ने अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में विप्रज निगम ने कहा, ''हमारी योजना शुरू से यही थी कि हम उनके दो मुख्य स्पिनर्स को टारगेट करें और हमने वैसा ही किया। लेकिन कुछ मौकों पर शॉट सिलेक्शन सही नहीं रहा और वहीं से मैच हमारे हाथ से फिसला। जब विप्रज से पूछा गया कि टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला क्यों लिया गया,

पलवल : ग्लोबल वार्मिंग के युग में अपनी जड़ों की ओर लौटने का पहला चरण है गौ सेवा:नायब सैनी

एजेंसी

पलवल। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गाय हमारी संस्कृति की आत्मा है। गो पालन और गोसेवा से ही हमारा ग्राम्य जीवन समृद्ध हुआ है। हमारे ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पूर्व कहा था कि गाय के संरक्षण से ही मानवता का कल्याण संभव है। आज जब दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, स्वास्थ्य समस्याओं और नैतिक मूल्यों के क्षरण से जूझ रही है, तब हमें पुनः अपनी जड़ों की ओर लौटने की आवश्यकता है और उस यात्रा का पहला चरण गोसेवा है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को होडल स्थित गोसेवा धाम अस्पताल के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गोसेवा धाम में नई टीन शेड का उद्घाटन करने के साथ-साथ पूरे धाम परिसर का भ्रमण किया। यहां पहुंचने पर गोसेवा धाम की संचालिका देवी चित्रलेखा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अक्षय तृतीया वह तिथि जिसका पुण्य फल कभी क्षीण नहीं होता। इसी प्रकार गोसेवा का पुण्य भी अनंत और अक्षय होता है। हमारी भारतीय सनातन संस्कृति में गाय को मां का स्थान दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने सिंह संकीर्तन टूर ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि यह ट्रस्ट गोसेवा और मानव सेवा जैसे महान कार्य कर रहा है। गोसेवा को भी एक जीवंत आंदोलन का स्वरूप दिया है। उन्होंने कहा कि यह गो सेवा धाम सेवा तीर्थ बन गया है। यहां बेजुबान पशुओं की सेवा व इलाज किया जाता है। यहां आधुनिक सुविधाएं भी मौजूद हैं। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 21 लाख की राशि देने की घोषणा की। इसके अलावा गौ सेवा धाम अस्पताल की ओर से सौंपे गए मांग पत्र को भी विभागीय प्रक्रिया के माध्यम से पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

मुख्यमंत्री ने गौसेवा सुरक्षा और संवर्धन के लिए प्रदेश स्तर पर किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि गौमाता की सुरक्षा के लिए सख्त कानून 'हरियाणा गौ-वंश संरक्षण व गौसंवर्धन वर्ष 2015 में लागू किया। इस कानून में गौ हत्या करने वाले व्यक्ति को 10 वर्ष तक का कारावास और गौ तस्करी करने पर सात वर्ष तक की कैद का प्रावधान है उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष के बजट में गोशालाओं के लिए 595 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है । हरियाणा के खेल एवं युवा अधिकारिता राज्यमंत्री गौरव गौतम ने पलवल जिला में पधारने पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि गौमाता में भगवान का वास होता है। देवी चित्रलेखा के नेतृत्व में गोसेवा धाम अस्पताल पिछले 12 सालों से निस्वार्थ भाव से घायल, वृद्ध व बीमार गोवशों की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गोवंशों के कल्याण और सुरक्षा को लेकर निरंतर योजनाएं बनाकर धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। भविष्य में यह प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला, महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, बीजेपी पूर्व जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ व पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, एसडीएम ज्योति मौजूद रहे।

धौलाधार की वादियों में शुरू हो रहा है आईपीएल का रोमांच, वीरवार को धर्मशाला पंहुचेंगी पंजाब और लखनऊ की टीमें

धर्मशाला। एचपीसीए के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में चार मई को होने वाले पंजाब किंग्स व लखनऊ सुपर जांयटस के मुकाबले के लिए दोनों ही टीमें वीरवार को धर्मशाला पहुंच जाएंगी। मेजबान पंजाब की टीम कोच रिकी पोंटिंग सहित कैप्टन श्रेयस अय्यर की अगुवाई में धर्मशाला पहुंचेगी। वहीं लखनऊ की टीम मुख्य कोच जहीर खान की अगुवाई में धर्मशाला पहुंचेगी।

इसमें अहम है कि लखनऊ टीम के कैप्टन ऋषभ पंत 29 अप्रैल व उनकी आधी टीम विदेशी मूल के खिलाड़ी 28 अप्रैल को धर्मशाला पहुंच चुके हैं, जोकि धौलाधार की वादियों में घूमने फिरने का आंनद ले रहे हैं। वहीं, धर्मशाला के गगल एयरपोर्ट पर पंजाब व लखनऊ की टीम दोपहर दो बजकर 40 मिनट पर लैंड करेगी। दोनों ही टीमें एचपीसीए के कंडी स्थित होटल रेडिसन ब्लू में ठहरेंगी। इसके बाद दो व तीन मई को शाम छह से लेकर देर रात नौ बजे तक दोनों ही टीमों के प्रैक्टिस सेशन होंगे। आईपीएल के 18वें सीजन में अब तक दोनों ही टीमों का प्रदर्शन बेहतरीन चल रहा है। दोनों ही टीमों को दो व तीन मई को शाम छह से नौ बजे तक अभ्यास सत्र आयोजित किया जाएगा। गौर हो कि धर्मशाला में दोनों ही टीमें चार मई को खेले जाने वाले मैच के लिए शाम साढ़े सात बजे से आमने-सामने होंगी।

सेनाओं की मदद के लिए रेलवे ने भी कसी कमर

एजेंसी

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमा पर उत्पन्न परिस्थितियों में सशस्त्र बलों को रसद आपूर्ति के लिए लाइनें खाली रखने एवं पथ उपलब्ध कराने को लेकर रेलवे में तैयारियां जोरों पर हैं।

रेल भवन में मंगलवार शाम हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में रेलवे एवं सेना के उच्चाधिकारी शामिल हुए। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमापार सैन्य कार्रवाई की तैयारियों के बीच सेना ने रसद आपूर्ति, सैन्य साजो सामान एवं सैनिकों के द्रुत गति से परिवहन के लिए रेलवे से लाइनों को खाली रखने एवं मार्ग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे ने प्रमुख सैन्य छावनियों एवं रक्षा उत्पादन इकाइयों से सामरिक बिन्दुओं तक के मार्ग से केवल आवश्यक गाड़ियों को चलाने, अतिरिक्त या कम महत्वपूर्ण गाड़ियों का रास्ता बदलने का निर्णय लिया है। इसी तरह से अनेक ज़ोनों में कम लोकप्रिय गाड़ियों को रद्द किया गया है और उनके रैक को आपात स्थिति के लिए सुरक्षित किया जा रहा है।

बताया गया है कि रेलवे के दोनों समर्पित मालवहन कॉरीडोर भी सैन्य परिवहन के लिए प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा कंटेनर परिवहन के काम आने वाले मालगाड़ी रैक भी टैंकों एवं बख्तरबंद वाहनों, तोपों एवं गोला बारूद के परिवहन के लिए उपयुक्त रैक एवं कंटेनरों को भी सेना के अधिकारियों के साथ मिल कर जुटाया जा रहा है। यह भी पता चला है कि गुजरात, राजस्थान, पंजाब एवं जम्मू कश्मीर की सीमा के अलावा बंगलादेश से लगती पश्चिम बंगाल, असम सहित पूर्वोत्तर की लाइनों को भी सैन्य परिवहन के हिसाब से तैयार रखने के निर्देश दिये गये हैं।

भारत ने नियंत्रण रेखा पर अकारण फायरिंग के प्रति पाकिस्तान को आगाह किया

नयी दिल्ली। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में उपजी तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों की मंगलवार रात हॉटलाइन पर बातचीत हुई जिसमें भारत ने पाकिस्तान को नियंत्रण रेखा पर अकारण फायरिंग के प्रति आगाह किया।

सूत्रों के अनुसार दोनों देशों की सेनाओं के संचालन महानिदेशक हर सप्ताह मंगलवार को नियमित रूप से बात करते हैं। इस बातचीत के दौरान भारत के सैन्य संचालन महानिदेशक ले. जनरल राजीव घई ने नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर पाकिस्तान द्वारा बेवजह की जा रही फायरिंग का मुद्दा उठाया। उन्होंने पाकिस्तान को अकारण फायरिंग के प्रति आगाह भी किया। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के सैनिक पिछले पांच दिन से नियंत्रण रेखा पर चौकियों से लगातार बेवजह फायरिंग कर रहे हैं। भारतीय सेना ने भी इसका करारा जवाब दिया है।

सिंहाचलम मंदिर में दीवार गिरने से सात लोगों की मौत, कई घायल

एजेंसी

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्थित प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर सिंहाचलम में बुधवार तड़के टिकट खरीदने के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं पर दीवार गिरने से सात लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि गंधमावस्या पर प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में भगवान वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी के दर्शन के लिए 300 रुपये का टिकट खरीदने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु कतार में खड़े थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान पट्टी दुर्गा स्वामी नायडू (32), येदला वेंकट राव (48), मुम्मापटला मणिकांठा (28), गुज्जरी महालक्ष्मी (65), पैला वेंकट रत्नम (45), पिल्ला उमामहेश्वर राव (30) और पिल्ला शैलजा (26) के रूप में हुई है। मृतकों में से सॉफ्टवेयर इंजीनियर पिल्ला उमामहेश्वर राव, उनकी पत्नी पिल्ला शैलजा, उनकी मां पिल्ला पैला वेंकटरत्नम और उनकी चाची जी महालक्ष्मी एक ही परिवार के सदस्य थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आधी रात के बाद हजारों लोग पहाड़ी मंदिर में पहुंचने लगे और विशेष दर्शन के लिए टिकट खरीदने के लिए लंबी कतार में लग गए। इस दौरान भारी बारिश के साथ तूफान आया, जिसके कारण 20 फुट लंबी दीवार का एक हिस्सा गिर गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद राज्य की गृह मंत्री वी अनिता, जिला कलेक्टर एम.एन, हरेंधीरा प्रसाद, पुलिस आयुक्त शंखब्रत बागची, सांसद एम श्रीभारत मौके पर पहुंचे। वहीं, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम ने पीड़ितों को मलबे से निकाला और उन्हें अस्पतालों में पहुंचाया। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने श्रद्धालुओं की मौत पर दुख और सदमे का इजहार किया। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये और घायलों को तीन-तीन लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ आभासी माध्यम से बात कर घायलों को बेहतरीन इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। उधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में दीवार गिरने से हुई जानमाल की हानि से गहरा दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने चंदनोत्सव के अवसर पर श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी के दर्शन के लिए कतार में इंतजार कर रहे सात लोगों की दीवार गिरने से हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की और जिला प्रशासन को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया।

पहलगाम हमले का पाकिस्तान को दें मुंहतोड़ जवाब: आप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद से पूरा देश सरकार और भारतीय सेना के साथ खड़ा है और चाहता है कि इस हमले का पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए।

पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री से मांग कर रहा है कि अब भारत सरकार पाकिस्तान से उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस ले। हमें अपनी भारतीय सेना के पराक्रम पर पूरा भरोसा है। पीओके में ही सारे आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर, लॉचिंग पैड्स समेत पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर है इसलिए उसपर कब्जा जरूरी है। जब तक पीओके पाकिस्तान के कब्जे में रहेगा, आतंकवाद बढ़ता रहेगा।

उन्होंने कहा कि हमारे भारतीयों को आतंकवादियों ने चुन-चुन कर मारा और आज पूरा देश गुस्से में हैं। हमारे देश के युवा गुस्से में उबल रहे हैं। आज पूरा देश केंद्र सरकार के साथ खड़ा है और सरकार की तरफ देख रहा है कि सरकार पाकिस्तान पर निर्णायक कार्रवाई करेगी। हम सभी भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। इस मौके पर आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि इस वक्त पूरे देश में एक आम राय है कि पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई हो। इससे पहले भी कई बार ऐसा हुआ है कि पाकिस्तान ने भारत को आंख दिखाने की कोशिश की और हमारी धरती पर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया और उस समय की सरकारों ने पलटवार करते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सेना के पराक्रम पर देश को पूरा भरोसा है। हमने पहले भी मुंहतोड़ जवाब दिया है लेकिन सरकार से इस वक्त राजनीतिक इच्छा शक्ति की जरूरत है।

आतंकवादियों को निशाना बनाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दे सरकार : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को इस समय भ्रमित होने की बजाय आतंकवादियों को निशाना बना कर पाकिस्तान को करारा जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट किया, भाजपा तय नहीं कर पा रही है कि निशाना किसे बनाया जाए, जबकि इस वक्त निशाना तय होना चाहिए।

सरकार का निशाना आतंकवादी होने चाहिए और पाकिस्तान को कड़ा जवाब मिलना चाहिए। हमने शुरुआत से ही इस संबंध में सरकार का समर्थन किया है और संसद के लिए विशेष सत्र की मांग भी की। फिर सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नहीं थे, लेकिन हमने अपनी बात रखी। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने सीडब्ल्यूसी बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया। पार्टी ने कहा, देश के सामने ये संवेदनशील समय है। पहलगाम में जो हुआ, वह क्रूर हमला है, जिसका सूत्रधार पाकिस्तान है। पाकिस्तान को जवाब देना हमारा फर्ज बनता है। इस मामले में हमने सरकार को अपना समर्थन दिया और कहा कि आपके किसी भी एक्शन में हम आपके साथ हैं, लेकिन इसे ध्रुवीकरण का मुद्दा मत बनाइए। कांग्रेस ने कहा, कांग्रेस ने इस हमले के संबंध में विशेष संसद सत्र की मांग की गई है, लेकिन उसका जवाब प्रधानमंत्री की तरफ से अभी तक नहीं आया है। पर आज जो लोग कांग्रेस को निशाना बना रहे हैं, उन्हें 26/11 हमले के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस को याद करना चाहिए, जो उन्होंने मुंबई हमले के दो दिन बाद ओबरॉय होटल के सामने की थी। ऐसा कभी नहीं हुआ था, जबकि इस मामले में खुद महाराष्ट्र सरकार ने मना किया था कि आप यहां मत आइए, ये सही समय नहीं है। सरकार के मना करने के बावजूद श्री मोदी नहीं माने और वे वहां गए। इतना ही नहीं, भाजपा ने 28 नवंबर 2008 को मुंबई हमले को आधार बनाकर अखबार में विज्ञापन दिए कि भाजपा को वोट दें। पार्टी का कहना है, यही भजपा का असली चेहरा है। कांग्रेस ने सरकार में रहते हुए हमेशा आतंकवाद के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई की है और आज विपक्ष में रहते हुए भी हम संवेदनशील समय में, राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ खड़े हैं। हमने कभी राजनीति नहीं की। आज देश को एकजुटता की जरूरत है।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश और राज्यों में राजनीतिक स्थिरता जरूरी: धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान बुधवार को कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र एवं दुनिया की महाशक्ति बनना है तो देश एवं राज्यों में राजनीतिक स्थिरता जरूरी है।

प्रधान दिल्ली विश्वविद्यालय में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' दौड़ के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौड़ का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय ने रग्बी स्टेडियम से किया था। यह दौड़ डीयू रग्बी स्टेडियम से शुरू होकर गेट नंबर 2 से होते हुए छात्रा मार्ग से गुजरी और डीयू परिसर का चक्कर लगते हुए स्टेडियम में आकार सम्पन्न हुई। शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा कि डीयू का इतिहास रहा है कि देश में किसी भी नई चीज की परिकल्पन होती है या तो वह डीयू के कैम्पस से निकलती है या फिर उसके इम्प्लीमेंटेशन में डीयू सबसे अग्रणी रहता है। आजादी के बाद 60 के दशक तक भारत में एक साथ ही चुनाव होते थे। पिछले 50 साल से यह शेड्यूल बिगड़ा हुआ है। बार-बार चुनाव से समय और राजस्व की हानि होती है। यह देश की प्रगति के लिए अच्छा नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का आह्वान किया, लोकसभा ने उस पर प्रस्ताव ग्रहण किया और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में इस पर स्टेकहोल्डर्स से परामर्श लिए गए। अब देश ने इसे जन आंदोलन के रूप में ले लिया है। उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' दौड़ केवल एक दौड़ मात्र नहीं है, बल्कि यह 2047 तक भारत को दुनिया में सबसे मजबूत देश बनाने के लिए दौड़ है। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज डीयू के इस प्रांगण में हम जो 'एक राष्ट्र एक चुनाव' दौड़ के लिए एकत्रित हुए हैं, तो यह भी हमारी देश के प्रति एक ज़िम्मेदारी है। इसी के लिए हम सब यहां आज एक मंच पर आए हैं। बार-बार चुनाव होने से हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये का खर्च होता है।

भाजपा ने की अखिलेश की अम्बेडकर के साथ तस्वीर वाले पोस्टर छपवाने की कड़ी निंदा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के साथ तस्वीर वाले पोस्टर छपवाने की कड़ी निंदा की है और कहा है कि आरक्षण विरोधी एवं बाबा साहब की विरोधी कांग्रेस से समझौता करने वाली सपा का साथ दलित कभी नहीं दे सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को यहां अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दलित वोट बैक की खातिर अपनी तस्वीर को बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर के साथ जोड़ कर बाबा साहब का अपमान किया है। भाजपा उनके इस कुकृत्य की कड़ी निंदा करती है। श्री यादव ने पिछड़ा (ओबीसी) आरक्षण के घोर विरोधी एवं बाबा साहब को संसद पहुँचने से रोकने वाली कांग्रेस पार्टी से गठबंधन किया, इसलिए दलित समाज उनका कभी भी साथ नहीं देगा। श्री मेघवाल ने श्री यादव और बाबा साहब का पोस्टर मीडिया को दिखाते हुए कहा कि इस पोस्टर में बाबा साहब का आधा चेहरा है और अखिलेश यादव जी का आधा चेहरा दिखाया गया है। श्री यादव इस प्रकार के चित्र दिखाकर दलित समाज के वोट बटोरना चाहते हैं। वह पूर्णतः भ्रम में हैं, ऐसा करना बाबा साहब का अपमान है। 1952 में पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने बाबा साहब को हराने का काम किया था। 1953 में लोकसभा के उपचुनाव में भी बाबा साहब को हराने के पीछे कांग्रेस का ही हाथ था। आज अखिलेश यादव उसी कांग्रेस के साथ खड़े हैं जिन्होंने बाबा साहब को लोकसभा में पहुँचने से रोका था, तो दलित समाज उनके साथ कैसे खड़ा होगा? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण का विषय आया, तो अखिलेश यादव और उनके परिवार के लोग इसके समर्थक रहे, लेकिन ओबीसी आरक्षण का सबसे अधिक विरोध कांग्रेस नेता राजीव गांधी ने किया था। लोकसभा के पटल पर उन्होंने अपना सबसे लंबा भाषण दिया था और उस पूरे भाषण में उन्होंने ओबीसी आरक्षण का सबसे ज्यादा विरोध किया था। आज श्री यादव उसी कांग्रेस की गोद में बैठकर यह भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि बाबा साहब और वह एक जैसे हैं। यह न केवल बाबा साहब का अपमान है, बल्कि उनकी विचारधारा और नीतियों का भी अपमान है। श्री यादव को अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल की घटनाएं याद करनी चाहिए। उस दौरान अनुसूचित जाति वर्ग के बहुत से इंजीनियरों को डिमोट कर दिया गया था। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग-2) सरकार के समय पदोन्नति में आरक्षण का विषय लोकसभा में आया था और जब इस पर एक विधेयक लाया जा रहा था, तब उत्तर प्रदेश के नगीना से सपा सांसद ने उस विधेयक की प्रतियों को फाड़ा था। अब ये लोग बाबा साहब के विचारों की बात कर रहे हैं, जो सीधे तौर पर बाबासाहब का अपमान है। श्री यादव एक परिवारवादी पार्टी के मुखिया हैं, जबकि बाबा साहब परिवारवाद के विरोधी थे। उनके और बाबा साहब के विचारों में कोई मेल नहीं है। अब दलित समाज को भ्रमित करने के लिए उन्होंने एक बैठक की और उसमें यह पोस्टर दिखाया, जिसमें कई पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। श्री मेघवाल ने कहा कि इस तरह के पोस्टर-बैनर से बाबा साहब का अपमान करके अखिलेश यादव दलित समाज के वोट नहीं बटोर सकते।

सरकार की नीयत साफ है तो निजी स्कूलों को बढ़ी फीस वापस लेने का आदेश दे : आतिशी

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि अगर फीस विनियमन विधेयक के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की नीयत साफ है तो उन्हें निजी स्कूलों को इस साल बढ़ाई गई फीस को वापस लेने का आदेश देना चाहिए।

आम आदमी पार्टी ''आप'' की वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को लिखे पत्र में आज कहा कि आपके एक्स हैंडल और बुधवार के समाचार पत्रों के जरिए जानकारी मिली है कि दिल्ली कैबिनेट ने दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक 2025 को मंजूरी दी है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह विधेयक ''स्कूल शुल्क संरचना के लिए एक स्पष्ट और पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित करने, मनमाने ढंग से शुल्क वृद्धि को रोकने और अभिभावकों के लिए निष्पक्षता सुनिश्चित करने'' का प्रयास करता है। उन्होंने कहा है कि विडंबना यह है कि जहां यह विधेयक ''पारदर्शी प्रक्रिया'' स्थापित करने की बात करता है वहीं अब तक की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह अपारदर्शी रही है। दिल्ली सरकार ने न तो इस विधेयक के मसौदे को तैयार करने में किसी परामर्श प्रक्रिया का विवरण साझा किया है और ना ही मसौदा विधेयक को अभी तक सार्वजनिक किया गया है। अब तक हमें केवल वही जानकारी है जो मीडिया में दी जा रही है। हमारे पास कोई प्रामाणिक दस्तावेज नहीं है, जिसका हम उल्लेख कर सकें या उस पर टिप्पणी कर सकें। आप नेता ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि हालांकि आप सहमत होंगी कि यह मसौदा विधेयक दिल्ली में भाजपा सरकार के गठन के तुरंत बाद कई निजी स्कूलों द्वारा बेतहाशा और मनमाने ढंग से फीस वृद्धि के कारण आवश्यक हो गया था। इस अभूतपूर्व स्थिति ने हजारों बच्चों और उनके माता-पिता को अत्यंत तनावपूर्ण परिस्थितियों में डाल दिया। जिन छात्रों ने बढ़ी फीस नहीं जमा की उन्हें क्लास बैठने नहीं दिया गया। बच्चों के माता-पिता को भी भीषण गर्मी में निजी स्कूलों के बाहर विरोध प्रदर्शन करना पड़ा और कुछ अभिभावक ने तो फीस वृद्धि के खिलाफ हाईकोर्ट का भी रुख किया। उन्होंने सवाल किया है कि मौजूदा शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में इन समस्याओं का सामना कर रहे सभी माता-पिता का क्या होगा , क्या उन्हें अप्रैल 2025 में स्कूलों द्वारा लागू किए गए मनमाने शुल्क और उसका भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाएगा। आतिशी ने आगे सुझाव देते हुए कहा है कि यदि दिल्ली सरकार निजी स्कूलों द्वारा बेतहाशा फीस वृद्धि को नियंत्रित करने के प्रति गंभीर है तो सरकार को मौजूदा शैक्षणिक वर्ष के लिए प्राइवेट स्कूलों द्वारा की गई सभी शुल्क वृद्धि और नए शुल्कों को रोकने का आदेश जारी किया जाना चाहिए।

सूर्य द्रोण टेक में रक्षा नवाचार के लिए भारत की ड्रोन क्षमताओं का प्रदर्शन

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा सूर्य द्रोण टेक 2025 बुधवार को देहरादून छावनी के जसवंत ग्राउंड में शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ।

सेना की मध्य कमान द्वारा सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी में ल्लआत्मनिर्भर भारतङ्क पहल के साथ अत्यधिक उच्च ऊंचाई वाले रक्षा अनुप्रयोगों के लिए तैयार स्वदेशी ड्रोन प्रौद्योगिकियों पर प्रकाश डाला गया।

इस कार्यक्रम में इंटेलिजेंस, सर्विलांस और टोही ड्रोन, लोइटरिंग म्यूनिशन, कामिकेज़ ड्रोन, स्वार्म ड्रोन, लॉजिस्टिक्स ड्रोन, फर्स्ट-पर्सन व्यू ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, सिंथेटिक अपर्चर रडार और संचार/इलेक्ट्रॉनिक इंटेलीजेंस के लिए विशेष सिस्टम सहित उन्नत ड्रोन सिस्टम की एक प्रभावशाली श्रृंखला का प्रदर्शन किया गया। हवाई, ज़मीनी और भूमिगत संचालन के लिए एंटी-ड्रोन सिस्टम और मानव रहित स्वचालित सिस्टम का भी प्रदर्शन किया गया। लाइव प्रदर्शनों ने आधुनिक युद्ध के मैदान परिदृश्यों के लिए महत्वपूर्ण रात्रि-उड़ान और थर्मल इमेजिंग पर ध्यान केंद्रित करते हुए परिचालन क्षमताओं पर जोर दिया।

सूर्य द्रोण टेक 2025 ने ड्रोन सिस्टम के गहन मूल्यांकन, संभावित रक्षा एकीकरण के लिए उच्च प्रदर्शन करने वाले सिस्टम की पहचान और निर्माताओं को अपनी पेशकश को परिष्कृत करने के लिए कार्रवाई योग्य प्रतिक्रिया सहित प्रमुख उद्देश्यों को प्राप्त किया। कार्यक्रम से प्राप्त जानकारी भविष्य के अनुसंधान और विकास को निर्देशित करेगी और रक्षा खरीद के लिए गुणवत्ता आवश्यकताओं को आकार देगी। इस प्रदर्शनी ने ड्रोन निर्माताओं, रक्षा कर्मियों, अर्धसैनिक बलों और सरकारी प्रतिनिधियों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया, जिससे स्वदेशी मानवरहित समाधानों को अपनाने में मदद मिली।

पेज एक का शेष

आजादी के बाद...

हुआ था।उल्लेखनीय है कि सरकार के इस फैसले का बिहार विधानसभा के सितंबर अक्टूबर में होने वाले चुनाव की दृष्टि से देखा जा रहा है जहां विपक्षी इंडी गठबंधन द्वारा उठायी गयी जातीय जनगणना कराने की मांग जोर पकड़ रही है। केन्द्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के इस फैसले को बिहार की राजनीति में उलटफ़ेर करने वाला निर्णय माना जा रहा है।

52वें मुख्य न्यायाधीश...

के रूप में भेजा गया था। न्यायमूर्ति गवई का कार्यकाल छह महीने का होगा और वह 23 दिसंबर को 65 वर्ष की आयु पूरी करने पर सेवानिवृत्त होंगे। न्यायमूर्ति गवई देश के दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश होंगे। उनसे पहले न्यायमूर्ति केजी बालाकृष्णन भारत के मुख्य न्यायाधीश बने थे। न्यायमूर्ति बालाकृष्णन साल 2007 में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे।

हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन...

सिंह ने शाही जुलूस का स्वागत किया और पुष्प वर्षा की।

शाही जुलूस पुराना डाकखाना तिराहा, हनुमानगढ़ी चौराहा होते हुए क्षीरेश्वरनाथ मंदिर के सामने पहुंचा। वहां पर बाबरी मस्जिद के मुद्दई रहे इकबाल अंसारी ने तीर्थ पुरोहित समाज संत शाही जुलूस का पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। गद्दीनशीन का शाही जुलूस श्रीरामजन्मभूमि गेट पर नंबर तीन पर पहुंचा। जहां से गद्दीनशीन समेत हनुमानगढ़ी के प्रमुख संत-महंतों को रामलला का दर्शन करने के लिये प्रवेश दिया गया। गद्दीनशीन महाराज ने रामलला के गर्भगृह में पहुंचकर उनका दर्शन-पूजन करने के बाद आरती किया। हनुमान चालीसा और रामस्त्रोत का पाठ परिसर के अंदर हुआ। साथ ही साथ रामलला को देशी घी से निर्मित छप्पन भोग निवेदित किया गया और गर्भगृह की परिक्रमा का शुभारम्भ किया।

गद्दीनशीन ने रामलला को समस्त जनमानस एवं जीवमात्र के कल्याण हेतु कामना की। रामलला के दरबार में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चम्पत राय ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर गद्दीनशीन का स्वागत किया। शाही जुलूस में उज्जैनिया पट्टी के महंत संत रामदास, निर्वाणी अनी व हरिद्वारी पट्टी के महंत मुरली दास, बसंतिया पट्टी के महंत रामचरण दास, सागरिया पट्टी के महंत ज्ञानदास की तरफ से प्रतिनिधित्व उनके उत्तराधिकारी व संकटमोचन सेना के अध्यक्ष संजय दास, गद्दीनशीन महाराज के शिष्य डा. महेश दास एवं मामा सरपंच महंत रामकुमार दास, जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य, महंत गौरीशंकर दास, महंत रामकरन दास, महंत बलराम दास, जगद्गुरू परमहंसाचार्य, पुजारी राजूदास, आचार्य सत्यदेवाचार्य, महंत जनार्दनचार्य, पहलवान राजेश दास, पहलवान मनीराम दास, सूर्यभान दास, महंत मनीष दास, उपेन्द्र दास, राजन दास, पुजारी रमेश दास, कल्लू दास, राकेश दास, मनोज दास, प्रेममूर्ति, कृष्णाकांत दास, जितेन्द्र दास समेत हजारों की संख्या में हनुमानगढ़ी के नागातीत संत-महंत, अयोध्यावासी, व्यापारी, श्रद्धालु भक्त शामिल रहे। इस बीच जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किये थे। गौरतलब है कि प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज ने आज अक्षय तृतीया पर रामलला के दर्शन कर जहां एक कीर्तिमान स्थापित किया है वहीं उन्होंने सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में एक नई परम्परा की शुरुआत भी की है। वह हनुमानगढ़ी के पहले ऐसे गद्दीनशीन हुए हैं जिन्होंने हनुमानगढ़ी के बावन बीघा परिधि से बाहर जाकर रामलला का दर्शन-पूजन किया। क्योंकि हनुमानगढ़ी का गद्दीनशीन आजीवन बावन बीघे की परिधि में रहता है, वह इससे बाहर नहीं जाता है। सिर्फ विशेष परिस्थितियों में वह बाहर जा सकता है। रामलला का दर्शन कर गद्दीनशीन बहुत भावुक हो गये। उन्होंने भाव विभोर होते हुए कहा ल्ल यह मेरे लिये ऐतिहासिक पल है और कभी इस पल को मैं भूलूंगा नहीं।ङ्क इस शाही जुलूस में सभी चार पट्टियों के महंत व सरपंच सहित भारी मात्रा में लोग शाही जुलूस के साथ चल रहे थे।

कोर्ट ने मुख्तार की मौत...

चुकी है। इसमें 5 वर्ष, 5 वर्ष 6 माह, 7 वर्ष, 3 में 10 वर्ष और 2 में आजीवन वर्ष समेत अर्थदंड की सजा दी गई है। उस पर दर्ज 65 अभियोग गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, दिल्ली, सोनभद्र, आगरा, लखनऊ, मऊ, आजमगढ़, पंजाब, बाराबंकी और बांदा में पंजीकृत हैं।

मौलिक अधिकार...

ने संकेत दिए हैं कि यह दिशा-निर्देश व्यापक स्तर पर प्रभावी होंगे और सरकार को इनपर अमल सुनिश्चित करना होगा। कानूनी विशेषज्ञों ने इस फैसले को संवैधानिक अधिकारों की रक्षा में एक मील का पत्थर बताया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि डिजिटल पहुंच को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देना न केवल तकनीकी समाधान प्रदान करता है, बल्कि सामाजिक न्याय को भी बढ़ावा देता है।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने जलज पहल की समीक्षा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने भारतीय वन्यजीव संस्थान की आजीविका-केंद्रित परियोजना जलज की प्रगति का आकलन करने के लिए एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के तत्वावधान में जलज कार्यक्रम सरकार के अर्थ गंगा विजन का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसका मकसद लोगों को स्थायी आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से नदियों से जोड़ना है। आजीविका पर ध्यान देने के साथ-साथ, इस परियोजना का उद्देश्य जलीय जैव विविधता संरक्षण के प्रति सामाजिक जागरूकता पैदा करना है।

इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि संरक्षण के साथ-साथ जलज का उद्देश्य आर्थिक अवसर पैदा करना और नदी कायाकल्प प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना है। जलज ने गंगा बेसिन में इको-टूरिज्म, टिकाऊ खेती, कौशल विकास और कारीगर उत्पादन को बढ़ावा देकर नदी संरक्षण को आजीविका सृजन से सफलतापूर्वक जोड़ा है। इस पहल का उद्देश्य डॉल्फिन सफारी, होमस्टे, आजीविका केंद्र और जागरूकता और बिक्री केंद्र आदि जैसे विभिन्न मॉडलों के साथ 75 जलज केंद्र स्थापित करना है। जलज ने नौ राज्यों के 42 जिलों में 5,000 से अधिक नौका विहार समुदाय के सदस्यों को सशक्त बनाया है और 2,400 से अधिक महिलाओं का समर्थन किया है। समीक्षा में यह सामने आया कि जलज का उद्देश्य नदी और समुदायों के बीच सहजीवी संबंध बनाना है और लोगों को संरक्षित गंगा नदी के मूल्यों के बारे में शिक्षित करने में मदद करना है। समीक्षा में पाया गया कि जलज ने यूट्यूब चैनल सहित डिजिटल और प्रिंट मीडिया के माध्यम से 263 प्रशिक्षण कार्यक्रम और जन संपर्क प्रयास आयोजित किए हैं। सीआर पाटिल ने जलज की आजीविका क्षमता को और बढ़ाने के प्रयासों की समीक्षा की और समुदायों को नदी पारिस्थितिकी प्रणालियों से जोड़ने वाले सेतु के रूप में इसकी भूमिका पर जोर दिया, जिससे नदी संरक्षण आर्थिक रूप से फायदेमंद प्रयास बन गया। उन्होंने जलज के तहत विकसित किए गए अभिनव मॉडलों की सराहना की और गोदावरी, पेरियार, पम्पा और बराक जैसी अन्य प्रमुख नदी घाटियों में सफल प्रथाओं को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिनके पारिस्थितिक आकलन की भी बैठक में समीक्षा की गई। संपर्क और जागरूकता को और मजबूत करने के लिए सीआर पाटिल द्वारा एक समर्पित जलज सूचनात्मक वेबसाइट शुरू की गई। वेबसाइट एक व्यापक संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करती है, जो होमस्टे, डॉल्फिन सफारी, आजीविका प्रशिक्षण केंद्र और जागरूकता और बिक्री केंद्रों जैसे विभिन्न जलज मॉडलों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। वेबसाइट पर गंगा प्रहरियों द्वारा तैयार किए गए पर्यावरण अनुकूल उत्पादों की एक श्रृंखला प्रदर्शित की गई है। इसका उद्देश्य खतरे में पड़ी जलीय जैव विविधता, जिसमें गंगा नदी डॉल्फिन, मगरमच्छ, मीठे पानी के कछुए और जलीय पक्षी शामिल हैं, उनके बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करना है। इसके अतिरिक्त, जलज उत्पाद सूची भी लॉन्च की गई है, जिसे जलज उत्पादन केंद्रों में तैयार किए गए स्थायी रूप से उत्पादित सामानों की रूपरेखा तैयार की गई है, जिन्हें स्टेशनरी आइटम, होम डेकोर, परिधान, बॉडी और स्किनकेयर और खाद्य पदार्थों में वर्गीकृत किया गया है। इसके अलावा जलज के तहत एक विशेष फीचर ''सांस्कृतिक लहरें'' भी सीआर पाटिल द्वारा जारी किया गया, जो गंगा नदी के सांस्कृतिक पारिस्थितिकी तंत्र सेवा मूल्य पर प्रकाश डालता है ।

आईपीयू के एमबीए (डिजास्टर मैनेजमेंट) प्रोग्राम में 31 मई तक आवेदन का अवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (आईपीयू) के एमबीए (डिजास्टर मैनेजमेंट) प्रोग्राम में दाख़िले के लिए अब 31 मई तक आवेदन किया जा सकता है। इस प्रोग्राम में आवेदन के इच्छुक छात्रों की मांग पर आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन आवेदन का लिंक यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर उपलब्ध है। दाख़िले लास्ट क्वालिफाइंग एग्जाम के मेरिट पर होंगे। यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी के द्वारका कैंपस स्थित सेंटर ऑफ़ एक्सेलेंस इन डिजास्टर मैनेजमेंट में उपलब्ध हैं और कुल सीटें 60 हैं। इस सेंटर की निदेशक प्रो. अमरजीत कौर के अनुसार यह प्रोग्राम वीकेंड मोड में है। नियमित कक्षाएं शनिवार और रविवार को लगती हैं। इस प्रोग्राम की एक साल की पढ़ाई के बाद कोई छात्र पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर मैनेजमेंट की डिग्री लेकर बाहर निकल सकता है। दो साल पढ़ने के बाद पीजी की डिग्री मिलेगी। प्रो. कौर ने बताया कि पूरी दुनिया में जिस तरह से डिजास्टर मैनेजमेंट के प्रशिक्षित लोगों की मांग है, उसे देखते हुए यह तय है कि इस प्रोग्राम की मांग बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस, सैन्य, अर्द्ध सैन्य बलों में इस प्रोग्राम की काफ़ी मांग है।

जातिगत जनगणना को मिली मंजूरी, भाजपा ने फैसले को बताया ऐतिहासिक

नई दिल्ली। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को जातिगत जनगणना को मंजूरी दे दी। केंद्र सरकार के इस फैसले का भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पोस्ट में कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने जातिगत जनगणना को भी सम्मिलित कराने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। ये निर्णय आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्तर पर पिछड़ी हुई जातियों को मुख्यधारा में लाने तथा लंबे समय से अपने हक और अधिकार से अछूते लोगों को उनका सम्मान वापस लौटाने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस ने लंबे समय तक जातियों के बीच वैमनस्यता बढ़ाने तथा उन्हें वोटबैंक का साधन बनाकर अपने राजनीतिक स्वार्थ को सिद्ध किया है। सरकार में रहते हुए कांग्रेस ने सदैव जाति जनगणना का विरोध किया, जिसका प्रमाण है कि स्वतंत्रता के बाद देश में आजतक जातिगत जनगणना नहीं हुई है। मोदी सरकार का ये अभूतपूर्व निर्णय सामाजिक समरसता के विस्तार के साथ ही हर वर्ग के उत्थान एवं पिछड़े तबके के सम्मान को बढ़ाने में मील का पत्थर बनेगा। सर्व समाज के कल्याण को लेकर इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार जताया।

नैनीताल जनपद में बारिश की चेतावनी जारी

देहरादून। देवभूमि के मौसम में आ रहे इन दिनों बदलावों के बीच मौसम विभाग की ओर से लगातार चेतावनियां जारी करनी शुरु कर दी गई है। इसी सब के बीच मौसम विभाग की ओर से कुमाऊँ मण्डल सहित पूरे उत्तराखंड के विभिन्न जिलों को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज से 6 मई तक नैनीताल सहित कुमाऊँ मण्डल के कई जिलों के लोगों को विशेष सावधानी रखनी होगी। वहीं हल्द्वानी में बुधवार की शाम से मौसम बदल गया है और तेज हवाएं चलने के साथ ही बादलों का आवागमन भी यहां जारी है। दरअसल, मौसम विभाग की ओर से कहा गया है कि 30 अप्रैल के दिन जहां नैनीताल जनपद में कहीं कहीं हल्की बारिश हो सकती है। तो वहीं कुछ स्थानों पर तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमकेगी। साथ ही कहीं कहीं झोकें के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी। इसके अगले? दिन यानि 01 मई को नैनीताल जनपद के अनेक स्थानों पर हल्की व मध्यम बारिश के बीच कुछ स्थानों पर तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमने के अलावा कहीं कहीं झोकें के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी। 02 मई से लेकर 3 मई तक लगातार नैनीताल जनपद के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के लिए अलर्ट जारी किया गया है। इन दिनों भी कुछ स्थानों पर तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमकेगी। साथ ही कहीं कहीं झोकें के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी। जबकि 05 व 06 मई को भी नैनीताल जनपद के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जारी किया गया है। खास बात ये भी है कि मौसम विभाग के अनुसार कुमाऊँ मण्डल के अल्मोड़ा, पिथैरागढ़ व चम्पावत सहित उधमसिंह नगर में भी इन दिनों कमोबेश यहीं स्थिति रहेगी।

इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक विक्रम सिंह का कहना है कि इन दिनों गर्जना के साथ आकाशीय बिजली के चमकने के साथ ही झोकेदार हवाएं भी चलेंगी। ऐसे में कहीं कहीं बिजली गिरने से जानमाल का नुकसान भी हो सकता है।वहीं झोंकेदार हवा कच्चे व असुरक्षित मकानों को ?नुकसान पहुंचा सकती है। अतः उचित होगा कि लोग इस समय विशेष सतर्कता बरतें। उनके अनुसार ऐसी स्थितियों के दौरान अपने घर की खि?ड़कियां व दरवाजे बंद रखें। बिजली से चलने वाले विभिन्न उत्पादों से दूर रहें। वहीं जो लोग जानवर पाल रहे हैं वे इस स्थिति के समय जानवरों को बाहर न बांधें। इसके अलावा ऐसे में यदि? कहीं ओर भी हों तो भी सुरक्षित व मजबूत स्थानों पर ही शरण लें न कि पेड़ों के नीचे।

पीड़ित मानवता की सेवा में मिल का पत्थर साबित होगी मेटरनिटी एंड फर्टिलिटी सेंटरः डॉ शत्रुघ्न

नवादा। नवादा के पुरानी जेल रोड मोहल्ले में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर ए के अरुण के सौजन्य से अनामिका मेटरनिटी एंड फर्टिलिटी केंद्र की स्थापना की गई। इसका उद्घाटन बुधवार को नवादा के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ शत्रुघ्न प्रसाद सिंह तथा पूर्व सिविल सर्जन डॉक्टर श्रीमती सावित्री शर्मा ने फीता काटकर की ।मौके पर डॉक्टर एक अरुण के अलावा मेटरनिटी एंड फर्टिलिटी सेंटर की संचालिका संचालिका डॉक्टर अमिता आजाद तथा डॉ राघव राज उपस्थित थे ।

ज्योतिर्मठ के सलुड गांव में विश्व प्रसिद्ध रम्माण मेले का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपेश्वर। चमोली जिले के ज्योतिर्मठ विकास खंड के सलूड़ डुंग्रा गांव में बुधवार को विश्व प्रसिद्ध रम्माण मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान पौराणिक परम्पराओं और पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सलूड़ गांव में आयोजित रम्माण मेले रामायण का ढोल दमाऊं की 18 तालों पर जागरों के साथ मंचन किया गया। कलाकारों ने यहां धूम-धाम के साथ भूमियाल देवता मंदिर के प्रांगण में आयोजित मेले में राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान के पात्रों ने ढोल-दमाऊ की थाप पर नृत्य करते हुए रामायण का मंचन किया। जिसमें राम जन्म, सीता स्वयंवर, वन प्रस्थान, सीता हरण, हनुमान मिलन, लंका दहन का वर्णन किया गया। दर्शकों के मनोरंजन के लिए मुखौटा नृत्य आयोजित किया गया। जिसमें म्वर-म्वरीण, बणियां-बणियांण, ख्यलारी आदि नृत्य किए गए। मेले के दौरान भूमियाल देवता के पाश्वा ने भी नृत्य किया। उसके बाद माल नृत्य किया गया। सलूड़ गांव के अलावा डुंग्री, बरोशी, सेलंग गांवों में भी रम्माण का आयोजन किया जाता है। रम्माण मेला कभी 11 दिन तो कभी 13 दिन तक भी मनाया जाता है। यह विविध कार्यक्रमों, पूजा और अनुष्ठानों की एक शृंखला है। इसमें सामूहिक पूजा, देवयात्रा, लोकनाट्य, नृत्य, गायन, मेला आदि विविध रंगी आयोजन होते हैं। इसमें परम्परागत पूजा-अनुष्ठान तथा मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित होते है। यह भूम्याल देवता के वार्षिक पूजा का अवसर भी होता है एवं परिवारों और ग्राम-क्षेत्र के देवताओं से भेंट करने का मौका भी होता है। रम्माण, सलूड़ गांव की पांच सौ वर्ष से भी ज्यादा पुरानी परम्परा है। संयुक्त राष्ट्र संघ के संगठन यूनेस्को द्वारा साल 2009 में इस रम्माण को विश्व की सांस्कृतिक धरोहर का दर्ज़ा दिया गया था। जोड़े पारंपरिक ढोल-दमाऊं की थाप पर मोर-मोरनी नृत्य, बण्या-बाणियांण, ख्यालरी, माल नृत्य सबको रोमांचित करने वाला होता है और कुरजोगी सबका मनोरंजन करता है।

मान्यता है कि आदिगुरु शंकराचार्य जी ने सनातन धर्म में नई जान फूकने के लिए पूरे देश में चार मठों की स्थापना की। जोशीमठ के आस पास, शंकराचार्य के आदेश पर उनके कुछ शिष्यों ने गांव-गांव में जाकर पौराणिक मुखौटों से नृत्य करके लोगों में चेतना जगाने का प्रयास किया था जो धीरे-धीरे इन क्षेत्रों में इस समाज का अभिन्न अंग बन गया। इस मौके पर ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरा नंद, आयोजन समिति के अध्यक्ष भरत सिंह पंवार, रणवीर सिंह, बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला, अपर निदेशक पर्यटन पूनम चन्द, कुशल भंडारी, प्रदीप कुंवर, रघुवीर सिंह, शरद सिंह आदि मौजूद थे।

नई पहलः स्नातक विद्यार्थियों की डिग्रियां बिना आवेदन के घर भेजेगा कुमाऊँ विश्वविद्यालय

नैनीताल। कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने वर्ष 2024 के स्नातक विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए बिना किसी आवेदन प्रक्रिया के डिग्रियां प्रदान करने की पहल की है। बताया गया है कि इसके लिए विश्वविद्यालय ने 18000 से अधिक डिग्रियों का मुद्रण कार्य पूर्ण कर लिया है, जिन्हें अब सीधे संबंधित महाविद्यालयों अथवा छात्रों के पते पर भेजा जाएगा। यह निर्णय कुलपति प्रो. दीवान रावत के नेतृत्व में छात्रहित को केंद्र में रखते हुए लिया गया है, जिससे छात्रों को अनावश्यक औपचारिकताओं से मुक्ति मिलेगी और उन्हें समय पर डिग्री प्राप्त हो सकेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार डिग्रियों का वितरण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जिससे उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा या करियर के अवसरों के लिए प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। इस पहल के साथ ही 2024 सत्र के छात्रों की डिग्रियों के लंबित होने की समस्या यानी बैकलॉग पूर्णतः समाप्त हो जाएगी।

महिला संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेतिया। पश्चिम चंपारण ज़िला स्थित नौतन ब्लॉक के पकड़िया में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।.कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेयाज अहमद ने दिप प्रज्वलित कर किया.कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिक्षा पदाधिकारी रेयाज अहमद ने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम के तहत महिलाओं के उत्थान के लिए बढ़ावा मिलेगा।

महिला संवाद के दौरान उन्होंने अपने जीवन में सरकारी योजनाओं से आये सकारात्मक बदलाव को साझा किया और पंचायत के विकास के लिए अपना सुझाव दिया. पदाधिकारी ने कहा कि महिलाएं केवल घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं रहीं. बल्कि वे अब सफल उद्यमी, शिक्षिका, पुलिसकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी और जनप्रतिनिधि बनकर समाज में एक सशक्त पहचान बना रही हैं। यह परिवर्तन बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलायी जा रही योजनाओं और सतत प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने अपने सपनों और परिकल्पनाओं को खुलकर व्यक्त किया. महिला संवाद कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने मांग किया कि गांवों में नालियों और सड़कों का विस्तार हो, ज्यादा से ज्यादा सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया जाय, जरूरतमंद महिलाओं को विधवा पेंशन, दिव्यांगता भत्ते,लम्बी दूरी का बस चलाने की मांगो के साथ साथ कई जगह बंद पड़े नल से जल दिलाने आदि योजनाओं और सुविधाएं सुलभ करायी जाने की मांगो को रखा. मौके पर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी विकास कूमार,जीवीका प्रखंड समन्यवक विपीन कुमार पांडे सहित महिलाएं एवं जीविका दीदी मौजूद रहे।

लूट कांड मामले में 6 आरोपित गिरफ्तार लुटी गई मोबाइल और 2 देशी कट्टा बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर के विधि व्यवस्था पुलिस उपाधीक्षक चन्द्र भूषण ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि जिले के सबौर थाना क्षेत्र के राजपुर मुरहन रोड स्थित पुल पर बीते 11 अप्रैल को रात्रि साढ़े नौ बजे नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया था।

इस कांड के सफल उद्भेदन के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश, पुलिस अधीक्षक नगर की निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए 6 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही 2 विधि विरूद्ध बालक को निरुद्ध किया गया। वहीं घटना में प्रयुक्त 2 देशी कट्टा और लूटी गई मोबाइल भी बरामद की गई है।

कपड़ा व्यवसायी पुत्र की गोली मारकर हत्या,आक्रोशितों ने किया प्रदर्शन

अररिया। जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र में कपड़ा व्यवसायी अशोक गुप्ता के 20 साल के पुत्र दीपक कुमार गुप्ता उर्फ दीपू की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। उसका शव बुधवार को बरामद हुआ।दीपक कुमार गुप्ता उर्फ दीपू मंगलवार शाम से ही घर से लापता था और परिजन ने उन्हें खोजने की काफी कोशिश की,लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चल पाया और बुधवार को नरपतगंज अचरा मुख्य सड़क मार्ग में खून से लथपथ उनका शव मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सड़क के किनारे शव पड़े होने की सूचना दी,जिसके बाद मौके पर पहुंची फुलकाहा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेजा।इधर घटना की सूचना जैसे ही फुलकाहा बाजार के ग्रामीणों और दुकानदारों को मिली।लोगों ने आक्रोश में घटना के खिलाफ प्रदर्शन किया।बाजार को बंद कर सड़क जाम करते हुए आवागमन को ठप्प कर दिया और सड़क पर आगजनी कर विरोध जताया।

डिफेंस प्रोडक्शन हब बनेगा उत्तराखंड : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

-राज्य को ड्रोन एवं रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने को लेकर सरकार गंभीर

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड को डिफेंस प्रोडक्शन हब के रूप में स्थापित किया जा रहा है। हमारी सरकार युवाओं में टेक्नॉलजी के प्रति रूझान पैदा करने का प्रयास करने के साथ ही युवाओं को इनोवेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ाकर उत्तराखंड को ड्रोन एवं रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को देहरादून छावनी के जसवंत ग्राउंड में आयोजित ''सूर्या ड्रोन टेक 2025'' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और ड्रोन प्रदर्शनी का अवलोकन के मौके पर यह बातें कही। भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड द्वारा सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एस.आई.डी.एम.) के सहयोग से आयोजित यह दो दिवसीय प्रदर्शनी (29-30 अप्रैल, 2025) देश में विकसित अत्याधुनिक ड्रोन प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित कर रही है, जो बहुआयामी सैन्य आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और ''आत्मनिर्भर भारत'' अभियान से प्रेरित हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे भौगोलिक दृष्टि से संवेदनशील राज्य मे ड्रोन तकनीक आपादा राहत कार्यों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इसलिए हमारी सरकार का प्रयास है कि हमारे युवा न केवल ड्रोन विशेषज्ञ बनें, बल्कि नागरिक उपयोग के लिए भी टेक्नोलाजी आधारित समाधान विकसित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी नई औद्योगिक नीतियों में रक्षा उत्पादन और टेक इनोवेशन को विशेष प्राथमिकता दी गई है। 'सूर्या ड्रोन टेक 2025' विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा का समागम है। इस प्रकार के आयोजन न केवल आधुनिक तकनीकी उपलब्धियों के प्रदर्शन हेतु विशिष्ट मंच प्रदान करते हैं, बल्कि हमारे नौजवानों को ड्रोन और तकनीकी के क्षेत्र में इनोवेशन के लिए प्रेरित भी करते हैं। यह उत्तराखंड को ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी एक ठोस कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रोन तकनीक में विविधता भारत की आत्मनिर्भर तकनीकी क्षमताओं का जीवंत प्रमाण है। यह देखकर गर्व होता है कि भारत अब न केवल रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि तकनीकी इनोवेशन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ड्रोन तकनीक आज सुरक्षा से लेकर शिक्षा, आपदा प्रबन्धन, कृषि तथा प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में ड्रोन टेक्नोलॉजी और सैन्य क्षेत्र में नवाचार को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। सैन्य क्षेत्र में नवाचार की महत्ता को समझते हुए हमारी सरकार भी उत्तराखंड में रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। सूर्या ड्रोन टेक-2025' के इस कार्यक्रम में मध्य कमान और सोसायटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चर्स के सभी सदस्य, ड्रोन विशेषज्ञ, स्टार्टअप्स, एमएसएमई, एनसीसी कैडेट्ड और स्कूली छात्र मौजूद रहे।



चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063